www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर,शुक्रवार, 17 नवंबर 2023 | वर्ष – 33 | अंक –198 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु



# विधानसभा निर्वाचन संपन्न कराने 4485 मतदान अधिकारी-कर्मचारी मतदान केन्द्रों के लिए हुए रवाना

## लैलूंगा, रायगढ़ एवं खरसिया विधानसभा क्षेत्र के लिए केआईटी रायगढ़ एवं धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए डाईट धरमजयगढ़ से हुआ सामग्री वितरण

**विधानसभा आम निर्वाचन-2023**

- सामान्य प्रेक्षक, कलेक्टर व एसएसपी ने किया मतदान दलों का उत्साहवर्धन





**रायगढ़,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के दूसरे चरण में 17 नवम्बर को होने वाले मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न कराने तीन विधान सभाओं के मतदान दल केआईटी गढ़उमरिया रायगढ़ से रवाना हुए। जिले के चारों विधान सभा में कुल 1085 मतदान केंद्र बनाए गए है। जिसमें आज जिले के तीन विधान सभा क्षेत्र रायगढ़, खरसिया एवं लैलूंगा के लिए केआईटी कालेज गढ़उमरिया, रायगढ़ में मतदान सामग्री वितरण किया गया। वहीं धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट)धरमजयगढ़ में वितरण किया गया।

सामान्य प्रेक्षक डॉ.रूपांजलि कार्तिक, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल, एसएसपी सदानंद कुमार, सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी केआईटी पहुंच कर सामग्री वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मतदान दलों से चर्चा करते निर्वाचन कार्य को बेहतर ढंग से संपन्न कराने हेतु उत्साहवर्धन करते हुए मतदान दलों को रवाना किया।

सर्वप्रथम राजनीतिक दलों और अभ्यर्थियों की उपस्थिति में केआईटी गढ़उमरिया के स्ट्रांग रूम को खोला गया। तत्पश्चात विधानसभावार सामग्री वितरण बनाए गए थें, उन काउंटर से मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्र के लिए सामग्री प्राप्त किए और अपने दल के साथ निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हुए। उनके साथ सेक्टर अधिकारी के साथ एक-एक सुरक्षाकर्मी भी शामिल रहें।

### 1085 मतदान केन्द्रों में 4485 मतदान अधिकारी-कर्मचारियों की लगी ड्यूटी

जिले के चार विधानसभाओं के लिए कुल 1085 मतदान केंद्र बनाया गया हैं। जिसके लिए आज कुल 4485 मतदान कर्मियो की ड्यूटी लगाई गई हैं। जिले के चारों विधान सभा क्षेत्र में 1-1 दिव्यांग मतदान केन्द्र, 1-1 युवा मतदान केन्द्र, 10-10 संगवारी मतदान केन्द्र बनाए गए है। इसी तरह 662 सामान्य मतदान केन्द्र में 2648 मतदान अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। 375 मिक्स मतदान केन्द्रों में 750 पुरूष एवं 750 महिला अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। 4 दिव्यांग एवं 4 युवा मतदान केन्द्र में 16-16 पुरूष अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। 40 संगवारी मतदान केन्द्र में 160 महिला अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। इस तरह 1085 मतदान केन्द्रों में 3430 पुरूष, 910 महिला तथा 145 माइक्रो आब्जर्वर की ड्यूटी लगायी गयी है।

## 17 नवम्बर को मतदान दिवस को लेकर धारा 144 के तहत जारी किए गए दिशा-निर्देश

### उल्लंघन पर नियमानुसार होगी कार्यवाही

**रायगढ़,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत 17 नवम्बर 2023 को रायगढ़ जिले में मतदान प्रात: 08 बजे से शाम 05 बजे तक सम्पन्न होना है। मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से मतदान दिवस तक सार्वजनिक सभा, रैली एवं रोड़ शो एवं लाउड स्पीकर के माध्यम से प्रचार प्रतिबंधित रहेगा। अत: उपरोक्त अवधि में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने एवं शांति-व्यवस्था बनाए रखने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 1973 के अंतर्गत धारा 144 (1) एवं (2) तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए दण्डात्मक आदेश पारित किया है। जारी आदेश के तहत रायगढ़ जिले के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति घातक अस्त्र-शस्त्र जैसे बन्दूक, पिस्टल, रायफल, रिवाल्वर, तलवार, फरसा, भाला, लाठी, चाकू, छूरा, कुल्हाड़ी, बरछी, गुप्ती, त्रिशूल, खुकर, सांग एवं बल्लम अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान, आम सड़क रास्ता, सार्वजनिक सभाओं एवं अन्य स्थानों पर लेकर नहीं चलेगा। कोई भी राजनीतिक दल या व्यक्ति शषस्त्र जुलूस नहीं निकालेगा और न ही आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करेगा। बल्क एस.एम.एस. एवं फोन कॉल करना भी प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश उन शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा जिन्हें अपने कार्य सम्पादन के लिए लाठी या शस्त्र रखना आवश्यक है। यह आदेश उन शासकीय कर्मचारियों पर भी लागू नहीं होगा जिन्हें चुनाव व मतदान के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा जिन्हें शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था तथा लंगड़ापन होने के कारण सहारे के रूप में लाठी रखना आवश्यक होता है।

विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले में मतदान हेतु नियत तिथि 17 नवम्बर 2023 को मतदान समाप्ति के समय से 48 घण्टे पहले एवं एक दिन बाद तक अर्थात दिनांक 15 नवम्बर 2023 शाम 05 बजे से दिनांक 18 नवम्बर 2023 तक समूह में या 05 से अधिक व्यक्तियों को एक साथ इकट्ठा होने/आने-जाने की अनुमति नहीं होगी। रायगढ़ जिले के विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह न तो कोई सभा करेगा, न कोई रैली या जुलूस निकाल सकेगा, न ही कोई धरना देगा। प्रचार/मतयाचना हेतु लाउड स्पीकर का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। मतदान दिवस को मतदान केन्द्रों के 100 मीटर के भीतर किसी प्रकार की मतयाचना/प्रचार प्रतिबंधित रहेगी।

## सार-संक्षेप

### 17 नवम्बर को मतदान दिवस पर सामान्य अवकाश घोषित

**रायगढ़,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत मतदान दिवस 17 नवंबर को संबंधित क्षेत्रों में सामान्य अवकाश की घोषणा की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने रायगढ़ जिले के सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय, निजी संस्थानों/औद्योगिक तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अधिकारी तथा कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश दिए जाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर गोयल ने जिले के सभी प्राइवेट संस्थानों से अपील करते हुए कहा है कि अपने संस्थान में कार्यरत श्रमिकों को मतदान दिवस 17 नवम्बर को सवेतन अवकाश प्रदान करते हुए उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर गोयल ने ऐसे सभी मतदाताओं से कहा कि किसी भी संस्थान में मतदान हेतु अवकाश प्रदान न करने की स्थिति में जिला प्रशासन की हेल्प लाईन नंबर 1950 में कॉल कर शिकायत दर्ज करा सकते है। ऐसा कोई भी व्यक्ति या संस्थान किसी भी मतदाता को मतदान करने से रोकता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

### मतदान सुबह 8 से शाम 5 बजे तक समय निर्धारित

**रायगढ़,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत रायगढ़ जिले के चारों विधान सभाओं के लिए कल 17 नवम्बर को मतदान होगा। मतदान का समय प्रात: 8 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने जिले के सभी मतदाताओं को नियत समय में अपने मतदान केन्द्रों में जाकर मताधिकार का प्रयोग करने हेतु अपील किया है।

### मतदाता फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी कर सकेंगे मतदान

**रायगढ़,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने कहा कि यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए हैं। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, वे अपनी पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/ लोक उपक्रम/ पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड का उपयोग कर सकते हैं। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे। प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत हैं, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

### बलरामपुर से चांदो की ओर आने-जाने वाली वाहनों के लिए मार्ग परिवर्तित

**बलरामपुर** 16 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन-2023 बलरामपुर-रामानुजगंज जिले का मतदान सामग्री वितरण एवं संग्रहण केन्द्र लाइवलीहुड कॉलेज भेलवाडीह, बलरामपुर को बनाया गया है, जहां से मतदान दलों को दिनांक 16/11/2023 की सुबह 07.00 बजे से मतदान सामग्री का वितरण किया जायेगा एवं दिनांक 17/11/2023 को मतदान समाप्ति पश्चात् मतदान सामग्रियों का संग्रहण दिनांक 18/11/2023 की सुबह 10.00 बजे तक पूर्ण होने की संभावना है। जिसको दृष्टिगत रखते हुए शहीद चौक बलरामपुर से भेलवाडीह तक मतदान दल के वाहनों को छोड़कर शेष सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन के लिये उक्त मार्ग प्रतिबंधित रहेगा। बलरामपुर से चान्दो कुसमी, सामरी जाने वाले वाहनों के लिए रूट डायवर्ट करते हुए उक्त गतव्य स्थलों के लिए जाने वाले वाहन कलेक्ट्रेट बलरामपुर से सेमली, जतरो, बरदर, संतोषीनगर, भैंसामुण्डा, गणेशमोड़ चौक होते हुए जा सकते हैं मतदान दिवस 17/11/2023 को मतदाताओं के सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए उनके लिए सभी मार्ग खुले रहेंगे।

## चारों विधानसभा क्षेत्रों में बनाए गए दिव्यांग, संगवारी, युवा व आदर्श मतदान केन्द्र

**रायगढ़,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के दौरान मतदाताओं को प्रेरित करने एवं मतदान बढ़ाने के उद्देश्य से जिले में संगवारी, दिव्यांग, युवा एवं आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए है। जिसके तहत जिले के चारों विधान सभा क्षेत्र में 1-1 दिव्यांग मतदान केन्द्र, 1-1 युवा मतदान केन्द्र, 10-10 संगवारी मतदान केन्द्र एवं 10-10 आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए है।

**4 दिव्यांग मतदान केन्द्र**

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 4 दिव्यांग मतदान केन्द्र बनाये गये है। इनमें विधानसभा क्षेत्र-15 लैलूंगा के मतदान केन्द्र क्रमांक-184 देवगढ़-1 प्राथमिक शाला देवगढ़ को दिव्यांग मतदान केन्द्र बनाया गया है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ के मतदान केन्द्र क्रमांक 98-रायगढ़ शहर के शास.आंगनबाड़ी केन्द्र संत विनोबानगर को दिव्यांग मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया के मतदान केन्द्र 92-खरसिया शहर-नवीन कन्या मा.शा.खरसिया एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ के मतदान केन्द्र 100-धरमजयगढ़-6-कन्या मा.शा.धरमजयगढ़ को दिव्यांग मतदान केन्द्र बनाया गया है।

**4 युवा मतदान केन्द्र**

रायगढ़ जिले के चारों विधानसभाओं में कुल 4 युवा मतदान केन्द्र बनाये गये है। इनमें विधानसभा क्षेत्र-15 लैलूंगा के मतदान केन्द्र क्रमांक 198 सराईपाली प्रा.शा.सराईपाली को युवा मतदान केन्द्र बनाया गया है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ के मतदान केन्द्र क्रमांक 77-रायगढ़ शहर के डिग्री कालेज कमरा नं.1 में युवा मतदान केन्द्र बनाये गये है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 18-खरसिया के मतदान केन्द्र 102 मदनपुर के माध्य.शाला.मदनपुर एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 19-धरमजयगढ़ के मतदान केन्द्र क्रमांक 95-धरमजयगढ़ प्रा.शा.धरमजयगढ़ कालोनी को युवा मतदान केन्द्र बनाया गया है।

**40 संगवारी मतदान केन्द्र**

रायगढ़ जिले के चारों विधानसभाओं में कुल 40 संगवारी मतदान केन्द्र बनाये गये है। इनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा के मतदान केन्द्र क्रमांक 40-खम्हार प्राथमिक शाला खम्हार, 60-पाकरगांव-प्राथमिक शाला पाकरगांव, 62-रूडूकेला-पूर्व माध्यमिक शाला रूडूकेला, 199-गौरमुड़ी-प्राथमिक शाला गौरमुड़ी, 234-गेरवानी-2 माध्यमिक शाला गेरवानी, 241-खैरपुर-1 प्राथमिक शाला खैरपुर, 254-गोरखा-1 प्राथमिक शाला गोरखा, 255-गोरखा 2 प्राथमिक शाला गोरखा कमरा नं.2, 265-विजयपुर 1 प्राथमिक शाला विजयपुर कमरा नं.1 एवं 266-विजयपुर-2 प्राथमिक शाला विजयपुर कमरा नं.2 शामिल है।

**विधानसभा आम निर्वाचन-2023**

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 16-रायगढ़ में मतदान केन्द्र क्रमांक 14-रायगढ़ शहर के पालु.धना. वा.म.वि.(कामर्स कालेज)क.नं.1, 15-रायगढ़ शहर के पालु. धना. वा. म. वि.(कामर्स कालेज)क.नं.4, 36-रायगढ़ शहर के पालु. धना. वा. म.वि.(कामर्स कालेज)क.नं. 7, 37-रायगढ़ शहर के पालु. धना. वा. म. वि. (कामर्स कालेज)क.नं. 3, 39-रायगढ़ शहर के पालु.धना. वा. म. वि.(कामर्स कालेज)क. नं. 2, 51-रायगढ़ शहर के पालीटेक्निक कालेज कमरा नं.4, 52-रायगढ़ शहर के पालीटेक्निक कालेज कमरा नं.2, 111-रायगढ़ शहर के जिला पंचा.कार्या.के सामने जतन केन्द्र भ.क.नं.3, 112 रायगढ़ शहर के जिला पंचा.कार्या.के सामने जतन केन्द्र भ.क.नं.1 एवं 113-रायगढ़ शहर के जिला पंचा.कार्या.के सामने जतन केन्द्र भ.क.नं.2 शामिल है।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 18-खरसिया में मतदान केन्द्र क्रमांक-83 खरसिया शहर-स्वामी आत्मानंद शास.इंग्लिश मीडियम स्कूल खरसिया, 84-खरसिया शहर लाल बहादुर शास्त्री शा.उ.मा.वि.खरसिया क.नं.1, 85-खरसिया शहर के लाल बहादुर शास्त्री शा.उ.मा.वि.खरसिया क.नं.2, 87-खरसिया शहर के नगर पालिका कन्या हाईस्कूल खरसिया, 88-खरसिया शहर के नगर पालिका कन्या हाई स्कूल खरसिया, 89-खरसिया शहर के नगर पालिका कन्या हाईस्कूल खरसिया, 176-किरोड़ीमल नगर के मा.शा.कोकड़ीतराई, 177-किरोड़ीमलनगर प्रा.शा.कोकड़ीतराई, 178 किरोड़ीमल नगर शा. उ. मा. शा. कोकड़ीतराई एवं 180-किरोड़ीमल नगर शा. उ. मा. वि. कोकड़ीतराई शामिल है।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 19-धरमजयगढ़ में मतदान केन्द्र क्रमांक 96-धरमजयगढ़-2 प्राथमिक शाला शाहपुर कालोनी, 97-धरमजयगढ़ 3 अभ्यास पूर्व माध्य.शाला डाईट धरमजयगढ़, 98-धरमजयगढ़ 4 बीटीआई धरमजयगढ़, 99-धरमजयगढ़ 5 माध्यमिक शाला बाजारपारा, 102-धरमजयगढ़ 8 प्राथमिक शाला कोदवारीपारा, 104-धरमजयगढ़ 10 प्रा.शा.नार्मल स्कूल उ.क.धरमजयगढ़, 105-धरमजयगढ़ 11 प्राथ.शा.नार्मल स्कूल उ.क.धरमजयगढ़, 106-धरमजयगढ़ 12 शास.आईटीआई बेहरापारा धरमजयगढ़, 107-धरमजयगढ़ 13 प्राथ.शाला नरईटिकरा एवं 108-धरमजयगढ़ 14 प्रा.शा.तेन्दूमार शामिल है।

**40 आदर्श मतदान केन्द्र**

रायगढ़ जिले के चारों विधानसभाओं में कुल 40 आदर्श मतदान केन्द्र बनाये गये है। इनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूंगा के मतदान केन्द्र क्रमांक 17-गहनाझरिया 4 मा.शा.बरखोरिया, 30-राजपुर 2 मा.शा.राजपुर, 53-लैलूंगा 2 स्वामी आत्मानंद शा.अंग्रेजी माध्यम विद्या.लैलूंगा क.नं.1, 56-लैलूंगा 4 शा.उ.मा.वि.कन्या लैलूंगा क.नं.1, 134-उरबा हाईस्कूल उरबा, 163-सराईटोला प्रा.शा.सराईटोला, 178-तमनार 3 हाईस्कूल तमनार, 201-तराईमाल 2 हायर सेकेण्डरी स्कूल तराईमाल, 206-गोढ़ी-1 प्रा.शा.गोढ़ी, 251-कृष्णापुर प्रा.शा.कृष्णापुर शामिल है।

**विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 16**-रायगढ़ में मतदान केन्द्र क्रमांक-53 रायगढ़ शहर पालीटेक्निक कालेज कमरा नं.1, 117-पण्डरीपानी पूर्व प्रा.शा.पण्डरीपानी (पूर्व), 118-जुर्डा 1 प्रा.शा. जुर्डा कमरा नं.1, 131-छुहीपाली प्रा.शा.छुहीपाली, 150-भाठनपाली प्रा.शा.भाठनपाली, 155-आमापाली प्रा.शा.आमापाली, 190-रेंगालपाली प्रा.शा.रेंगालपाली, 201-बाघाडोला प्रा.शा.बाघाडोला, 206-पुसौर 4 शा.कन्या प्रा.शाला पुसौर एवं 212 गोतमा प्रा.शा.गोतमा शामिल है।

**विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 18**-खरसिया में मतदान केन्द्र क्रमांक-5 जोबी बालक आश्रम जोबी, 26-छिरपानी प्रा.शा.छिरपानी, 39-चोढ़ा प्रा.शा.चोढ़ा, 66-बड़े देवगांव मा.शा.बड़े देवगांव, 86-खरसिया शहर नगर पालिका बाल मंदिर खरसिया, 153-फुलबंधिया प्रा.शा.फुलबंधिया, 161-देवरी प्रा.शा.देवरी, 165-प्रा.शा.डोंगीतराई, 181-किरोड़ीमल नगर कन्या प्रा.शा.कोकड़ीतराई, 237-तेलीपाली प्रा.शा.तेलीपाली शामिल है।

**विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 19**-धरमजयगढ़ में मतदान केन्द्र क्रमांक 16-भोजपुर शा.पूर्व.मा.शा.भोजपुर, 37-कापू 2 मा.शा.कापू, 70-नकना प्रा.शा.नकना, 101-धरमजयगढ़ 7 अंग्रेजी माध्यमिक शाला डुगरूपारा धरमजयगढ़, 184-कुडुमकेला 3 मा.शा.बालक कुडुमकेला, 231 बोजिया प्रा.शा.बोजिया, 253-टेरम 1 मा.शा.टेरम, 256-कंचनपुर प्रा.शा.कंचनपुर, 258-घरघोड़ा 1 कन्या मा.शा.घरघोड़ा एवं 263 घरघोड़ा 6 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय घरघोड़ा शामिल है।

## वोटर टर्नआउट एप से मिलेगी 17 नवंबर को मतदान प्रतिशत की अद्यतन जानकारी

- राज्यवार, जिलावार और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार वोटर टर्नआउट का ले सकते हैं अपडेट

**रायगढ़,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के मोबाइल एप्लीकेशन %वोटर टर्नआउट एप% के माध्यम से छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत 17 नवंबर को मतदान प्रतिशत की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। वोटर टर्नआउट एप के माध्यम से अनुमानित वोटर टर्नआउट को रियल टाइम में देखना बहुत आसान हो गया है। वोटर टर्नआउट एप में मतदान के दिन प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में वोटर टर्नआउट की जानकारी प्रदर्शित की जाती है। वोटर टर्नआउट एप नागरिकों को संचयी वोटर टर्नआउट के साथ ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग अनुमानित संचयी मतदाता प्रतिशत की जानकारी प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करता है। निर्वाचन में नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने और मतदान के दिन वोटर टर्नआउट की त्वरित जानकारी उपलब्ध कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस एप्लीकेशन को लॉन्च किया गया है। यह एप गूगल प्ले स्टोर और ऐप्पल स्टोर दोनों प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है। वोटर टर्नआउट एप को प्रत्येक राज्य के लिए अनुमानित वोटर टर्नआउट दिखाने के लिए डिजाइन किया गया है और इसका प्रयोग जिला और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर तक किया जा सकता है। मतदान के दिन इस पर राज्यवार, जिलेवार और विधानसभा क्षेत्रवार वोटर टर्नआउट का अपडेट देखा जा सकता है।

## 17 नवम्बर को मतदान दिवस पर सामान्य अवकाश घोषित

### किसी भी संस्थान व प्रतिष्ठान में मतदान हेतु अवकाश न दिए जाने की स्थिति में टोल फ्री नंबर 1950 एवं सी-विजिल एप पर कर सकते है शिकायत

**रायगढ़,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत मतदान दिवस 17 नवंबर को संबंधित क्षेत्रों में सामान्य अवकाश की घोषणा की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने रायगढ़ जिले के सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय, निजी संस्थानों/औद्योगिक तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अधिकारी तथा कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश दिए जाने के निर्देश दिए है।

**विधानसभा आम निर्वाचन-2023**

कलेक्टर गोयल ने जिले के सभी प्राइवेट संस्थानों से अपील करते हुए कहा है कि अपने संस्थान में कार्यरत श्रमिकों को मतदान दिवस 17 नवम्बर को सवेतन अवकाश प्रदान करते हुए उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर गोयल ने ऐसे सभी मतदाताओं से कहा कि किसी भी संस्थान में मतदान हेतु अवकाश प्रदान न करने की स्थिति में जिला प्रशासन की हेल्प लाईन नंबर 1950 में कॉल कर अथवा सी-विजिल एप के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकते है। ऐसा कोई भी व्यक्ति या संस्थान किसी भी मतदाता को मतदान करने से रोकता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

## विधानसभा चुनाव का प्रापर्टी कारोबार पर दिखा असर



**रायपुर,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव का असर प्रापर्टी के कारोबार पर भी पड़ रहा है। शहर के बिल्डरों को दुर्गा पूजा से दीवाली तक कारोबार में बूम की उम्मीद रहती है लेकिन आंकड़े इसके उलट हैं। अगस्त में 5,459, सितंबर में 5,229 और त्योहारी सीजन होने के बावजूद अक्टूबर में 4,804 रजिस्ट्री हुई है। नवंबर में भी अभी दस दिनों में सामान्य महीनों की अपेक्षा कम ही रजिस्ट्री हो रही है। प्रापर्टी में अगस्त तक जबरदस्त बूम आया था। कहीं लोगों ने प्लाट खरीदे तो कहीं फ्लैट। पंजीयन कार्यालय भी गुलजार था लेकिन अब यही प्रापर्टी में आया बूम गिरता नजर आ रहा है।

### रजिस्ट्री की संख्या में आई कमी

पंजीयन कार्यालय में बीते माह की अपेक्षा रजिस्ट्री की संख्या में कमी आई है। बिल्डर पुराना धमतरी रोड,कचना रोड, विधानसभा रोड में नए टाउशिप में स्वतंत्र मकान और फ्लैट बना रहे थे। त्योहारी सीजन होने के बावजूद भी ग्राहक ढूंढने में पसीना छूट रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि त्योहारी सीजन में कुछ भूखंडों की बिक्री हो रही थी। अब चुनाव करीब आ रहा है। हर माह गिरावटरू पंजीयन विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो जुलाई में में 5,712, अगस्त में 5,459, सितंबर में 5,229 और अक्टूबर से लेकर अब तक 4,804 रजिस्ट्री हुई है। रजिस्ट्री में हर माह में गिरावट आई है। यही नहींए बैनामे भी कम हुए हैं।

**काम की गति रही मंद**

### आचार संहिता से ऐसे लगा झटका

जमीन खरीदी.बिक्री से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि जमीन खरीदनी हो या फिर फ्लैट या मकान लेना हो। ये खरीद.फरोख्त अधिकांशत दो नंबर में अधिक होती है। ऐसे में लोग नकदी लेकर निकलते हैं। इस समय आचार संहिता लगी है।

लोग नकदी लेकर निकलेंगे तो कहीं न कहीं जांच में पकड़े जाएंगे और ऐसे में वह इस पैसे का हिसाब नहीं दे पाएंगे। आयकर विभाग की भी नजर ऐसे पैसों पर है। इसलिए भी जमीन की खरीद कुछ दिन में कम होने की संभावना है। रायपुर पंजीयन विभाग के मुख्य पंजीयक आशुतोष कौशिक ने कहाए निर्धारित वार्षिक लक्ष्य से प्लस में हैं। इस माह रजिस्ट्री की संख्या में थोड़ी कमी आई है। साथ ही बैनामे भी कम हुए हैं। इसके कई कारण हो सकते हैं।

**न्यायालय नजूल अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक-/ ब-121/ 2023-24
पक्षकार - श्रीमती पालिना नायडू पति स्व.वेंकट राव नायडू ............. आवेदिका
विरूद्ध
छत्तीसगढ़ शासन ............... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती पालिना नायडू पति स्व. वेंकट नायडू निवासी तिलक नगर चांटापारा बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला चांटापारा शीट नंबर 08 प्लाट नंबर 07/12 रकबा 1915 वर्गफीट भूमि को स्थायी पट्टे पर आबंटित भूमि को भूमिस्वामी हक प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसका पट्टा समाप्ति की तिथि 31.03.2027 अंकित है।

अत: इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वे दिनांक 20/11/2023 को न्यायालयीन समय/ दिवसों में स्वत:/ अधिवक्ता/ अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम् से न्यायालयीन समय पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 09/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील

**नजूल अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

3 

 10

बिलासपुर, शुक्रवार, 17 नवंबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक – 198 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 4.00 रु


# आज मतदान

## 1 करोड़ 63 लाख मतदाता करेंगे 958 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

**रायपुर**, 16 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की 70 सीटों पर मतदान होना है। मतदान के एक दिन पहले गुरुवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दूसरे चरण के मतदान को लेकर जानकारी साझा की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि दूसरे चरण की 70 में से 9 सीटों पर सुबह 7 बजे से दोपहर 5 बजे और बाकि की 61 सीटों पर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा।




मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया कि राज्य की 70 विधानसभा सीटों के लिए 958 प्रत्याशी मैदान में है, इनमे से एक तृतीय लिंग प्रत्याशी भी शामिल है।

इन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला कल 1 करोड़ 63 लाख 14 हजार 479 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर करेंगे। राज्य की 70 विधानसभा सीटों में से 20 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों की संख्या ज्यादा होने की वजह से डबल ईवीएम मशीन दी गई है। इन मतदाताओं में 2,160 ऐसे मतदाता है जिनकी उम्र 100 साल से भी ज्यादा है। मतदान के लिए पूरे राज्य में 18 हजार 833 मतदान केंद्र बनाए गए है, जिनमे 9 हजार से भी ज़्यादा मतदान केंद्रों की सीधा लाइव निगरानी होगी। मतदान के लिए 90 हज़ार 272 मतदान कर्मियों को तैनात किया गया है।

**71 दिव्यांग और 10 पिंक मतदान केंद्र**

रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया विशेष मतदान केंद्रों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हर विधानसभा में 10 पिंक मतदान केंद्र बनाए गए है जिनमे महिला कर्मचारी तैनात रहेगी। इसी तरह 71 दिव्यांग मतदान केंद्र भी बनाए गए है जिनमे दिव्यांग कर्मचारी मोर्चा सभालेंगे।

**इन मतदान केंद्रों में सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक होगा मतदान**

बता दें कि विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 70 में से 9 मतदान केंद्रों पर मतदान का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। इन 9 मतदान केंद्रों में कामरभौदी, आमामोरा, ओढ, बड़ेगोबरा, गंवरगांव, गरीबा, नागेश, सहबीनकछार और कोदोमाली शामिल है।

## मध्य प्रदेश में 230 सीटों पर मतदान

**भोपाल**। मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों और छत्तीसगढ़ की 70 सीटों शुक्रवार को मतदान होगा। मध्यप्रदेश में आज सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा, जिसकी सभी तैयारियां निर्वाचन आयोग द्वारा पूरी कर ली गयीं हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने मतदान की तैयारियों के संबंध में आज प्रेस वार्ता की। प्रदेश के बालाघाट, मंडला और डिंडोरी जिलों के कुछ विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक ही मतदान होगा। मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कुल 2,533 उम्मीदवार भाग्य आजमा रहे है, इनमें 2,280 पुरुष, 252 महिला और एक थर्ड जेंडर उम्मीदवार शामिल हैं। राज्य में एक चरण में 17 नवंबर को सभी 230 विधानसभा क्षेत्र में मतदान होना है। मतदान सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा। मतदाताओं की कुल संख्या 5,61,36,229 है, जिसमें 75,304 सर्विस वोटर शामिल हैं। राज्य में सामान्य मतदाताओं की संख्या 5,60,60,925 है, जिनमें से 2,88,25,607 पुरुष और 2,72,33,945 महिला के अलावा 1,373 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।

**पीएमजीकेएवाई योजना पर कांग्रेस ने पूछा सवाल**

## पांच साल बढ़ाने की घोषणा की थी, बढ़ाए एक साल

**नई दिल्ली**, 16 नवम्बर (देशबन्धु)। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) को एक जनवरी से एक साल तक के लिए बढ़ा दी गई है। इसको लेकर कांग्रेस ने सवाल खड़ा करते हुए कहाकि प्रधानमंत्री ने इसे पांच साल तक के बढाए जाने की घोषणा की थी,लेकिन सरकार के प्रेस नोट में इसका कोई जिक्र नहीं है और योजना को महज एक साल के लिए बढाया गया है। मोदी सरकार पर तंज करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि 4 नवम्बर को छत्तीसगढ़ चुनाव अभियान के दौरान प्रधानमंत्री ने घोषणा की थी कि पीएमजीकेएवाई राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम,2013 को अगले पांच सालों के लिए बढ़ाया जा रहा है। लेकिन बुधवार शाम मोदी सरकार की एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में उल्लेख किया गया है कि पीएमजीकेएवाई को 1 जनवरी, 2024 से शुरू होने वाले वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। इसमें प्रधानमंत्री द्वारा घोषित विस्तार का कोई संदर्भ नहीं है। जयराम रमेश ने आश्चर्य जताते हुए कहाकि तो वास्तव में क्या हो रहा है? प्रधानमंत्री की घोषणा उनकी सरकार की प्रेस नोट में क्यों नहीं दिखती?

**दुर्ग में की थी घोषणा**– गत 4 नवम्बर को प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के दुर्ग में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा था कि 80 करोड गरीबों की सहायता करने वाली केंद्र की मुफ्त राशन योजना,प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न्य योजना को पांच वर्षों के लिए बढ़ाया जाएगा। इसे उन्होंने मध्यप्रदेश की रतलाम की रैली में भी दोहराया था। कोविड माहामारी के दौरान 2020 में शुरू की गई इस योजना को 2022 में राष्ट्रीय खाद्य अधिनियम के साथ जोडकर 31 दिसम्बर 2023 तक बढ़ा दिया गया था।







देशबन्धु

बिलासपुर, शुक्रवार 17 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## घृणा और हिंसा का इज़हार करते मोदी

राजस्थान म एक चुनाव प्रचार सभा का सम्बााधत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर से साबित कर दिया है कि वे चुनाव जीतने के लिये किसी भी तरह की भाषा का इस्तेमाल कर सकते हैं और किसी भी हद तक जा सकते हैं। बुधवार को राजस्थान के बायतु (बाड़मेर) में आयोजित सभा में मोदी ने हमेशा की तरह घिसे-पिटे मुद्दों पर वहां अशोक गहलोत के नेतृत्व में चल रही कांग्रेस सरकार को घेरने की कोशिश की। उन्होंने उस कथित 'लाल डायरी' का फिर से हवाला देते हुए मतदाताओं से अपील की कि वोट देने जाएं तो इतनी जोर से भारतीय जनता पार्टी के चुनाव चिन्ह कमल का बटन दबाएं मानों उन्हें (कथित भ्रष्टाचारियों को) फांसी दे रहे हों। यह मोदी की विरोधियों के प्रति घृणा व हिंसक प्रवृत्ति दोनों की ही ओर संकेत करता है। यह भाषण मोदी के उन भाषणों की श्रृंखला की ही एक कड़ी माना जा सकता है जिनमें वे लोकतंत्र की उनकी समझ का आभास देते हैं; साथ ही यह भी दर्शा देते हैं कि उन्हें अपने पद की गरिमा और प्रतिष्ठा का बिलकुल ख्याल नहीं है।

उनके इस भाषण में कई बातें बतलाई गयीं। मसलन, कि राजस्थान में बहुत भ्रष्टाचार है, कानून-व्यवस्था इतनी ध्वस्त हो चुकी है कि पिछले पांच साल से राजस्थान के लोग हंगामों, पत्थरबाजी, कर्फ्यू आदि के चलते कोई भी पर्व-त्यौहार शांति से नहीं मना सके हैं। आतंकियों, दबंगों व दंगाइयों के बुलन्द हौसलों का कारण उन्होंने कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति को बतलाया। फिर, उनके मुताबिक इस राज्य में महिलाएं इतनी असुरक्षित हैं कि रात को घर से निकल नहीं सकतीं, बच्चियां तक निरापद नहीं हैं। मोदी के अनुसार अपराधियों के हौसले इसलिये बुलन्द हैं क्योंकि मुख्यमंत्री ऐसे हैं जो बलात्कार को फर्जी बतला देते हैं। कांग्रेस को हटाना व भाजपा की सरकार को लाना उन्होंने इसलिये ज़रूरी बताया कि ऐसा करने से ही राजस्थान की संस्कृति सुरक्षित रहेगी। उन्होंने यह भी बतलाया कि उनके द्वारा दिल्ली से जो जल जीवन मिशन की राशि भेजी जाती है वह सरकार खा जाती है और इस तरह कांग्रेस सरकार पुण्य के काम में भी पैसे कमाने का व्यवसाय तथा भ्रष्टाचार करती है। इन दिनों मोदी का सबसे प्रिय विषय कथित लाल डायरी है जिसका उल्लेख वे राजस्थान के अपने हर दौरे पर अथवा उसका उल्लेख आने पर करते हैं। इस बार भी लाल डायरी का उल्लेख उनके भाषण में आया ही। उनका दावा था कि कांग्रेसी चाहे लाल डायरी को फर्जी बताते हैं, पर अब उसके पन्ने सामने आ गये हैं। मोदी ने कहा कि इस लाल डायरी के परिप्रेक्ष्य में अब एक भी कांग्रेसी प्रत्याशी नहीं जीतना चाहिए। उन्होंने लोगों से आह्वान तक किया कि जब भी कोई कांग्रेसी उनके पास वोट मांगने आये तो उससे लाल डायरी के बारे में पूछा जाना चाहिये। उनके अनुसार 'राजस्थान के बैंक के लॉकरों में लूटा हुआ रुपया और सोना मिल रहा है।' जिस तरह से कांग्रेसी नेता राहुल गांधी के आलू से सोना बनाने वाले बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया जाता रहा, उसी तर्ज़ पर मोदी ने भी बहुत हल्केपन से कहा कि 'यह सोना आलू से नहीं बना है। वरना कांग्रेसी कह देंगे कि हमने आलू से बनाया है।' ऐसे लॉकर और भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वह पहली कार्रवाई करे। मोदी का भाषण बतलाता है कि उन्हें चुनाव जीतने के लिये न तो भाषायी मर्यादा की चिंता है और न ही तथ्यों के साथ बात करने की आवश्यकता है। वे चुनाव जीतने के लिए हिंसक भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं।

राजस्थान में बार-बार लाल डायरी की आधारहीन बात करना लगभग वैसा ही है जिस प्रकार वे छत्तीसगढ़ में आकर भूपेश बघेल की सरकार को बगैर तथ्यों या प्रमाणों के भ्रष्ट कहते हैं। बघेल पर उनका आरोप यह है कि उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार को कांग्रेस के शीर्ष नेताओं व पार्टी के लिये एटीएम बनाकर रख दिया है। यानी यहां से खूब सा पैसा दिल्ली भेजा जाता है। हालांकि यहां केन्द्रीय जांच एजेंसियों, खासकर प्रवर्तन निदेशालय व आयकर का मनमाना उपयोग विरोध को दबाने के लिए हुआ है, वह तो सामने है ही, उलटे यहां भाजपा ही भ्रष्टाचार के कई मामले में फंसी हुई दिख रही है। यहां के एक भाजपा प्रत्याशी के कथित वायरल वीडियो में बताया जा रहा है कि जब यहां भाजपा सरकार थी तो यहां से पैसा पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, उनकी पत्नी एवं अमित शाह तक जाता था। वैसे राजस्थान में जिस प्रकार से एक ईडी अधिकारी को घूस लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है उससे ईडी की विश्वसनीयता तो घेरे में आई ही है, यह भी पता चल गया है कि इन एजेंसियों का इस्तेमाल मोदी एवं शाह के इशारों पर सिर्फ विरोधियों को परेशान करने के लिये किया जा रहा है। बघेल पर भी सट्टा खिलाने वाले महादेव एप से 508 करोड़ लेने के आरोप लगाये गये पर पुष्टि एवं जांच के बिना।

इस बीच मध्यप्रदेश की मुरैना सीट पर विधानसभा का चुनाव लड़ रहे केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के पुत्र देवेन्द्र सिंह तोमर के दो वीडियो पर भी मोदी मौन हैं जिनमें वे 500 करोड़ रुपयों के लेन-देन की बात कर रहे हैं। पहले इसे फर्जी बतलाकर बचने की कोशिशें हो रही थीं, लेकिन कनाडा में बैठे उस व्यक्ति ने इसकी पुष्टि कर दी है जो देवेन्द्र सिंह से ये बातें कर रहा है। गहलोत-बघेल पर आरोप लगाने वाले मोदी और शाह के साथ ईडी, सीबीआई, आईटी आदि इस मामले पर एकदम चुप्पी साध लेते हैं।

# पटाखे, आस्था और संघ परिवार



राजेंद्र शर्मा

> वायु प्रदूषण के खिलाफ हिंदू आस्थाएं किसी प्रकार के कवच या मास्क का काम करने वाली हों और वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों से हिंदू बचे रह जाने वाले हों! वर्ना सामान्य ज्ञान तो यही कहता है कि हिंदू अगर आबादी का 80 फीसद से ज्यादा हिस्सा हैं, तो कुल मिलाकर वायु प्रदूषण के नुकसान में भी उतना ही ज्यादा उनके हिस्से में आएगा! यह हिंदू आस्था का सवाल हो न हो हिंदू आस्थाओं को आत्मघाती बनाने का मामला जरूर है।

वैसे तो प्रकृति से जुड़ी आपदाओं में से अधिकांश के पीछे किसी न किसी प्रकार से इंसानों की करनियों का हाथ रहता ही है। जलवायु परिवर्तन से जुड़ी आपदाएं इसका जाना-माना उदाहरण हैं। फिर भी, आम तौर पर देश भर में और खासतौर पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र को दीवाली की रात से वायु प्रदूषण के जिस संकट को झेलना पड़ रहा है, उसके पीछे जितने प्रत्यक्ष रूप से इंसानों की करनी है, उसका स्तर अलग ही है। वास्तव में इसे आत्मघाती करनी कहा जाए, तो भी अतिशयोक्ति नहीं होगी। और जैसे खासतौर पर इसी सच्चाई को रेखांकित करने के लिए, इस बार की दीवाली से दो दिन पहले से, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और उससे भी व्यापक दायरे में, अप्रत्याशित बारिश ने वातावरण को असामान्य रूप से साफ कर दिया था। याद रहे कि इससे पहले, करीब हफ्तेभर से इस क्षेत्र में वायु प्रदूषण 'खतरनाक' स्तर पर बना रहा था, जिस पर अंकुश लगाने की कोशिश में राजधानी दिल्ली समेत इस क्षेत्र की विभिन्न सरकारों ने अनेक आपात कदम उठाए थे, जिनमें निर्माण गतिविधियों पर अंकुश लगाने, वाहनों के धुंए के प्रदूषण को कम करने से लेकर, स्कूलों को बंद करने तक के कदम शामिल थे।

यही नहीं, पिछले कुछ वर्षों की तरह, एक बार फिर पंजाब, हरियाणा आदि में किसानों के पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण का मुद्दा प्रमुखता से चर्चा आया था और सुप्रीम कोर्ट तक ने इस मुद्दे पर हस्तक्षेप करना जरूरी समझा था। इसी संकट के पराली से जरा भिन्न संदर्भ में, दीवाली के गिर्द आतिशबाजी के सिलसिले में भी सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप किया था और उसने न सिर्फ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पटाखों पर लगी पाबंदी को सही और जरूरी ठहराते हुए, इस पाबंदी को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज किया था, बल्कि इसे लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा के तकाजों से जोड़ते हुए, हरित-इतर पटाखों पर पाबंदी का देशभर में विस्तार करना भी जरूरी समझा था।

इस सब के बीच प्रकृति ने इस क्षेत्र में अचानक बेमौसमी बारिश के रूप में जो उदारता दिखाई थी, उसके बल पर इस बार दीवाली के दिन शाम तक वातावरण असाधारण रूप से साफ था और एक्यूआई सूचकांक, पिछली अनेक दीवालियों की शामों के मुकाबले, वायु प्रदूषण बहुत कम दिखा रहा था। लेकिन तभी तक, जब तक कि आम तौर पटाखे चलना शुरू नहीं हुआ था।

दीवाली पर देर शाम से पटाखे चलने का जो सिलसिला शुरू हुआ, उसने सुप्रीम कोर्ट के आदेश की धज्जियां तो खैर उड़ाईं सो उड़ाईं, बारिश के जरिए प्रकृति द्वारा दमघोंटू वातावरण से दिलाई गई राहत की भी धज्जियां उड़ा दीं। नतीजा यह हुआ कि दीवाली की अगली सुबह से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण, फिर से बारिश से पहले के 'खतरनाक' स्तर पर ही नहीं पहुंच गया, उस खतरनाक स्तर की भी एकाध सीढ़ी और चढ़ गया। इस क्षेत्र में एक्यूआई औसतन 500 अंक से ऊपर पहुंच गया।

बहरहाल, बात सिर्फ इतनी ही होती तब भी गनीमत थी। इसे अपने हाथों, अपने लिए मुसीबत खड़ी करने की मूर्खता का मामला कहकर, ऐसा करने वालों की नादानी पर रोया जा सकता था। वैसे, इस नादानी पर रोना भी, कुछ कारणों से साधारण रोना भर नहीं होता। एक तो इसलिए कि यह नादानी कोई अनजाने में नहीं की जा रही थी। कम से कम आम तौर पर सभी को इसका कुछ न कुछ अंदाजा जरूर हो चुका है कि गंगा-जमुना के मैदान की, सर्दियों में वातावरण के खराब होने की जो प्राकृतिक समस्या है, उसे दीवाली के गिर्द खतरनाक रूप से बढ़ाने में, जिस तरह मोटर वाहनों के धुंए का और पराली जलाने के धुंए का महत्वपूर्ण योगदान है, उसी तरह समय विशेष पर पटाखों के धुंए का भी महत्वपूर्ण योगदान है। जब वायु प्रदूषण को खतरनाक स्तर से नीचे लाने के लिए दूसरे सभी उपाय आजमाए जा रहे हों या कम से कम उनके बारे में सोचा जा रहा हो, 'खुशी जताने' के लिए पटाखे चलाने से बचे जाने के लिए, सामान्य ज्ञान से ज्यादा की जरूरत नहीं होनी चाहिए।

इस सिलसिले में यह याद दिलाने की भी जरूरत नहीं होगी कि पटाखे चलाने से बचे जाने की यह मांग कोई अचानक नहीं आ गई थी। इस क्षेत्र में वायु प्रदूषण के संकट पर चर्चा ने जब से जोर पकड़ा है, तभी से इस समस्या के एक हिस्से के तौर पर पटाखे चलाए जाने को हतोत्साहित करने के विवेक का भी प्रचार-प्रसार हुआ है। यहां तक कि सरकारों द्वारा और उच्चतर अदालतों द्वारा भी पटाखों पर बढ़ते पैमाने पर रोक भी लगाई जाती रही है। इसी सिलसिले की ताजातरीन कड़ी के तौर पर सुप्रीम कोर्ट ने गैर-हरित पटाखों पर पाबंदी को विस्तार कर, पूरे देश पर लागू कर दिया था। और यह विस्तार भी पूरी तरह से विवेकपूर्ण था क्योंकि दीवाली पर 'खुशी से पटाखे' चलाने का रिवाज, तेजी से देश के बड़े हिस्से में फैला है और उसका गंगा-यमुना के मैदानी इलाके के बाहर के अनेक प्रमुख शहरी केंद्रों में भी वायु प्रदूषण का संकट बढ़ाने में काफी योगदान रहा है। यह संयोग ही नहीं है कि इस बार दीवाली की अगली सुबह, दुनिया के दस सबसे ज्यादा वायु प्रदूषण के मारे महानगरों में, दिल्ली के अलावा मुंबई और कोलकाता भी शामिल हो चुके थे!

तो क्या सब के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हुए भी 'खुशी के पटाखे' चलाने की इस जिद को सिर्फ एक धार्मिक आस्था का और इस धार्मिक आस्था के विवेक के खिलाफ जाने से, इसे सिर्फ धार्मिक अंधविश्वास का मामला माना जा सकता है। हर्गिज नहीं। बेशक, बड़े पैमाने तथा व्यापक स्तर पर पटाखे चलाए जाना, दीवाली से जुड़ा हुआ है, हालांकि खुशी में पटाखे चलाना न तो दीवाली तक सीमित है और न ही ऐसे धर्म से जुड़े त्यौहारों तक ही सीमित है। शादी-विवाह से लेकर, चुनावी जीत और राष्ट्रीय त्यौहारों तक के मौके पर, आतिशबाजी खुशी जताने का एक स्वीकृत साधन रही है। दूसरी ओर, पटाखों के औद्योगिक पैमाने पर उत्पादन के साथ आधुनिक दौर में दीवाली के मौके पर पटाखे चलाना आम जरूर हो गया है, लेकिन गंधक-बारूद के उपयोग से विस्फोटक बनाए जाने का इतिहास, इतना पुराना भी नहीं है कि पटाखों को, दीवाली से जुड़ी धार्मिक आस्था का जरूरी अंग या तत्व माना जा सके। दीवाली से जुड़े अनेक विश्वास, कम से कम सातवीं सदी में चीन से पटाखों के आने से पुराने जरूर होंगे। बेशक, धार्मिक आस्थावान, अपने विश्वासों को आसानी से छोड़ने के लिए तैयार नहीं होता है, इसके लिए उन्हें विवेक की कसौटी पर कसने से बचता भी है; लेकिन उन्हें अविवेकपूर्ण मानते हुए उनका बचाव शायद ही करता है। उल्टे अविवेकपूर्ण नजर आने की सूरत में धीरे-धीरे किंतु निश्चित रूप से उनका त्याग ही करता है।

लेकिन धार्मिक आस्था के विपरीत, धर्म का लबादा ओढ़कर सामने आने वाली राजनीतिक आस्था या सांप्रदायिकता का आचरण इससे बहुत भिन्न होता है। वह चूंकि धार्मिक आस्थाओं का सांप्रदायिक राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए ही उपयोग करती है, वहां धार्मिक आस्थाओं में काट-छांट तो खूब होती है, इतनी ज्यादा की धार्मिक आस्थाएं ही पहचान में नहीं आएं; लेकिन धर्म की दुहाई की यह राजनीति कथित 'आस्थाओं' में किसी भी तरह से, विवेक प्रवेश नहीं होने देती है। उल्टे, विवेक के विरुद्ध इन कथित आस्थाओं को अपना हथियार ही बनाती है। दीवाली से जोड़कर पटाखों के सवाल पर, संघ परिवार के औपचारिक नेतृत्व को छोड़कर, उसकी तमाम सेनाओं की जो हमलावर नकारात्मक भूमिका रही है, उसे महज धार्मिक आस्था से बहुत भिन्न, इस सांप्रदायिक राजनीति के रूप में ही समझा जा सकता है।

किसी को यह देखकर हैरानी होगी कि सारत: 'हिंदुओं के अपने त्योहार पर पटाखे चलाने के अधिकार' की पैरवी की यह दलील, दीवाली पर 'सुप्रीम कोर्ट की रोक' की धज्जियां उड़ने को, 'नागरिक अवज्ञा आंदोलन' बताकर गौरवान्वित करने पर ही नहीं रुक जाती है, उसे 'हिंदुओं की जीत' बताने की हद तक जाती है। जैसे वायु प्रदूषण के खिलाफ हिंदू आस्थाएं किसी प्रकार के कवच या मास्क का काम करने वाली हों और वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों से हिंदू बचे रह जाने वाले हों! वर्ना सामान्य ज्ञान तो यही कहता है कि हिंदू अगर आबादी का 80 फीसद से ज्यादा हिस्सा हैं, तो कुल मिलाकर वायु प्रदूषण के नुकसान में भी उतना ही ज्यादा उनके हिस्से में आएगा! यह हिंदू आस्था का सवाल हो न हो हिंदू आस्थाओं को आत्मघाती बनाने का मामला जरूर है। धर्म का लबादा ओढ़कर सामने आने वाली राजनीतिक आस्था सिर्फ इसी मामले में नहीं, हरेक मामले में, जिस धार्मिक आस्था को छूती है, उसे आत्मघाती बनाने का काम जरूर करती है। सियाराम का जय श्रीराम में रूपांतरण इसी का एक और उदाहरण है। सांप्रदायिकता की राजनीति, जिस धर्म की दुहाई देती है, उसमें आस्था रखने वालों को ही सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाती है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# परमाणु-विरोधी आन्दोलन और विश्व संगठन तत्काल युद्धविराम के लिए काम करें

■ डॉ. अरुण मित्रा

मौजूदा सदी में सबसे खराब किस्म का संकट है गाजा में मानवीय त्रासदी। लगभग 11000 लोग, जिनमें से 70 प्रतिशत महिलाएं और बच्चे हैं, उनमें से 40 प्रतिशत 15 साल से कम उम्र के बच्चे हैं, घनी आबादी वाले क्षेत्र में असंगत आक्रामकता और अभूतपूर्व बमबारी से मारे गये हैं। गाजा में हर 10 मिनट में एक बच्चे की मौत हो रही है। अस्पतालों और शरणार्थी शिविरों सहित अधिकांश बुनियादी ढांचे मलबे में तब्दील हो गये हैं। इस विनाश से संतुष्ट न होकर इजराइल के हेरिटेज मंत्री अमीचाईएलियाहू ने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी दी।

हालांकि प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने उन्हें मंत्रिमंडल से हटा दिया है, जो महज एक धोखा है और खुद को चौतरफा आलोचना से बचाने के लिए उठाया गया कदम है। यह मानना नादानी होगी कि मंत्री का बयान इजराइली सरकार के आंतरिक हलकों में बिना किसी चर्चा के आया है। न तो प्रधानमंत्री नेतन्याहू और न ही किसी अन्य अधिकारी ने इज़राइल के पास परमाणु हथियार होने से इनकार किया है। इससे पहले की अटकलों की पुष्टि हो गई है कि इजराइल एक परमाणु हथियार संपन्न देश है। गाजा पर इजराइली आक्रमण, जिसके बारे में कहा जाता है कि यह 7अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले के बाद प्रेरित हुआ था, वस्तुत: फिलिस्तीनियों के जातीय सफाये में बदल गया है।

> संयुक्त राज्य अमेरिका झूठे बहाने और अप्रमाणित सुबूतों के आधार पर इराक पर हमला करने में सबसे आगे था कि इराक के पास सामूहिक विनाश के हथियार थे परन्तु आज उसने इजरायली मंत्री के बयान पर चुप्पी साध ली है। अमेरिका हमेशा ईरान पर परमाणु हथियार रखने का आरोप लगाता रहा है, लेकिन अब जब इजराइली मंत्री ने खुलेआम परमाणु हथियार के इस्तेमाल की धमकी दी है, तो अमेरिकी सरकार और उसके सहयोगियों की चुप्पी परेशानकुन है।

संयुक्त राज्य अमेरिका झूठे बहाने और अप्रमाणित सुबूतों के आधार पर इराक पर हमला करने में सबसे आगे था कि इराक के पास सामूहिक विनाश के हथियार थे परन्तु आज उसने इजरायली मंत्री के बयान पर चुप्पी साध ली है। अमेरिका हमेशा ईरान पर परमाणु हथियार रखने का आरोप लगाता रहा है, लेकिन अब जब इजराइली मंत्री ने खुलेआम परमाणु हथियार के इस्तेमाल की धमकी दी है, तो अमेरिकी सरकार और उसके सहयोगियों की चुप्पी परेशानकुन है। आईएईए ने भी एक शब्द नहीं कहा है। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) जिसके पास नरसंहार, मानवता के खिलाफ अपराधों जैसे अंतरराष्ट्रीय अपराधों के लिए व्यक्तियों पर मुकदमा चलाने का अधिकार है, अमेरिका के स्पष्ट समर्थन के साथ नेतन्याहू सरकार द्वारा हजारों बच्चों का नरसंहार देखने के बाद भी चुप है।

यह दुख की बात है कि अमेरिका और उसके सहयोगियों ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में इजराइल और फिलिस्तीन के बीच तत्काल युद्धविराम के जॉर्डन के प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया। भारत का मतदान से अनुपस्थित रहना इजराइली सरकार द्वारा हत्याओं को उचित ठहराने के समान है। इजराइल के प्रधानमंत्री पहले ही भारत के रुख की तारीफ कर चुके हैं। 7 अक्टूबर को हमास द्वारा किये गये हमले को उचित नहीं ठहराया जा सकता। लेकिन जैसा कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने बताया है कि 'इज़राइल पर हमास के हमले शून्य में नहीं हुए'। इज़राइल और अमेरिका ने एक कहानी बनाई है कि इज़राइल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है, जबकि इतिहास भरा पड़ा है ऐसी घटनाओं से जब इज़राइल ने न केवल फिलिस्तीनी भूमि पर कब्जा कर लिया है, बल्कि उन्हें बाहर धकेल दिया है और उन्हें राज्यविहीन नागरिक बना दिया है और इस प्रकार अंतरराष्ट्रीय कानून और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के दो राष्ट्र सिद्धांत को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया है, जैसा कि 1967 में संयुक्त राज्य अमेरिका और सोवियत रूस के हस्तक्षेप से इज़राइल और फिलिस्तीन के बीच अपनाया गया था। अपने अपराधों को सही ठहराने के लिए हमलावरों द्वारा झूठी कहानियां गढ़ी जाती हैं। वे किसी न किसी बहाने से विपरीत का प्रदर्शन करते हैं। नाज़ियों ने जर्मनी की बुराइयों के लिए यहूदियों को दोषी ठहराया। उन्होंने यह मिथक फैलाया कि जर्मनी प्रथम विश्व युद्ध में युद्ध के मैदान पर नहीं, बल्कि घरेलू मोर्चे पर विश्वासघात के कारण हारा था। यहूदियों, सोशल डेमोक्रेट्स और कम्युनिस्टों को ज़िम्मेदार ठहराया गया। युद्ध में यहूदियों की भूमिका के बारे में पूर्वाग्रह झूठे थे। एक लाख से अधिक जर्मन और ऑस्ट्रियाई यहूदियों ने अपनी पितृभूमि के लिए लड़ाई लड़ी थी। हिटलर ने उपरोक्त तथ्यों को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया और सामूहिक उन्माद पैदा करने और उनमें से 60 लाख से अधिक को खत्म करने के लिए यहूदियों के खिलाफ झूठी कहानी का इस्तेमाल किया।

ऐसे कट्टरपंथी अपनी श्रेष्ठ जाति होने की बात भी करते हैं और सबको अपने अधीन करने के अधिकार को उचित ठहराते हैं, यहां तक कि 'निचले लोगों' को खत्म भी कर देते हैं। चर्चिल के भी ऐसे ही विचार थे। 1937 में, उन्होंने फ़िलिस्तीन रॉयल कमीशन से कहा: 'उदाहरण के लिए, मैं यह स्वीकार नहीं करता कि अमेरिका के रेड इंडियंस या ऑस्ट्रेलिया के काले लोगों के साथ बहुत बड़ा गलत किया गया है। मैं यह स्वीकार नहीं करता कि इनके साथ कोई गलत काम किया गया है।' लोग इस तथ्य से सहमत हैं कि एक मजबूत जाति, एक उच्च श्रेणी की जाति, इसे इस तरह से कहें तो एक अधिक सांसारिक बुद्धिमान जाति ने आकर उनकी जगह ले ली है।'

1943 में, भारत, जो उस समय भी ब्रिटिश आधिपत्य में था, ने बंगाल के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में विनाशकारी अकाल का अनुभव किया। माना जाता है कि कम से कम तीस लाख लोग मारे गये थे। चर्चिल ने अकाल के लिए भारतीयों को दोषी ठहराया और दावा किया कि वे 'खरगोशों की तरह प्रजनन करते हैं'। हालांकि सच्चाई यह है कि बंगाल के लोगों के लिए जो भोजन उपलब्ध था उसे बर्मा में ब्रिटिश सेना को भेज दिया गया था। 1994 में रवांडा में हुतु शासक जनजातियों ने तुत्सी अल्पसंख्यक के खिलाफ नफरत फैलाई, जिससे केवल 100 दिनों में आठ लाख लोग मारे गये।

1947 में विभाजन के दौरान भारत को एक गंभीर मानवीय संकट का सामना करना पड़ा जिसमें कट्टरपंथियों द्वारा 25 लाख हिंदू, मुस्लिम और सिखों को मार डाला गया। दुर्भाग्य से अल्पसंख्यक विरोधी बयानबाजी वर्तमान में यहां फैल रहा है क्योंकि हम देख रहे हैं कि केंद्र में सत्तारूढ़ व्यवस्था के खुले समर्थन से हिंदू कट्टरपंथियों द्वारा अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों को दानव की तरह पेश या वर्णित किया जा रहा है।

हमें समझना होगा कि ज़ायोनीवाद को यहूदियों से, नाज़ीवाद को जर्मनों से और हिंदुत्व (हिंदू कट्टरवाद) को हिंदुओं से अलग करना होगा। सभी मुसलमानों को आतंकवादी नहीं माना जा सकता। ऐसी विचारधारा विनाशकारी हो सकती है और केवल युद्ध फैलाने वालों के लिए उपयोगी हो सकती है। इसलिए इजराइली विरासत मंत्री के बयान को गंभीरता से लेना होगा। ऐसा प्रतीत होता है कि उन्हें दुनिया की प्रतिक्रिया देखने के लिए बोलने के लिए कहा गया था।

अमेरिका सैन्य औद्योगिक परिसर के निर्माण और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में युद्ध पैदा करके अपने आर्थिक संकट को हल करने की कोशिश कर रहा है। नाटो पहले से ही एशिया के दरवाजे पर है। क्वैड और एयूसीकेयूएस जैसे संगठन एशिया प्रशांत क्षेत्र में शांति के लिए ख़तरा हैं।

लोगों की आवाज शांति के लिए है। तत्काल युद्ध विराम के लिए दुनिया भर में भारी विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। तत्काल युद्धविराम के लिए दक्षिण अफ्रीका की शांति योजनाएं बहुत उपयुक्त हैं और इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। इस समय परमाणु-विरोधी आंदोलन को और अधिक मुखर होना होगा।

## पावन प्रसंग

### कठिन समय का सामना कैसे करें

यह जीवन एक अद्भुत ईश्वर प्रदत्त उपहार है, जो परिस्थितियों के जटिल चक्रव्यूह से होकर आगे बढ़ता रहता है, जिसमें कभी खुशी तो कभी गम, कभी हार तो कभी जीत, कभी उतार तो कभी चढ़ाव आते रहते हैं। घटनाक्रमों के इन सिलसिलों के बीच कठिन एवं विकट पल भी आते हैं, जब जीवन दूभर हो जाता है। यदि व्यक्ति ऐसे समय में नहीं संभले तो उसको टूटते-बिखरते देर नहीं लगती। लेकिन क्या सही समझ व धैर्य के साथ इसका सामना किया जाए, तो यही विषम पल व्यक्ति के उत्कर्ष का माध्यम बन जाते हैं और जीवन के उच्चतर सत्य की ओर ले जाते हैं। जीवन के विकट पल हमारे लिए उत्थान व उत्कर्ष का अवसर बने, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक हो जाता है। जिसमें सर्वप्रथम है परिस्थिति को स्वीकार करना। जो भी विकट घटना या जीवन के कठिन पल हैं, उन्हें स्वीकार करें। इसे ईश्वर का दिया हुआ उपहार मानें या अपने कर्मों से जुड़ा गहन रहस्य समझें, जो जीवन की नई समझ देने के लिए आया है। इस समझ व स्वीकृति के साथ ही संघर्ष की नई ऊर्जा का संचार होता है। विकट परिस्थिति को अपनी नियति का एक हिस्सा मानते ही चुनौती के रूप में आभासित पल आगे बढ़ने के अवसर बन जाते हैं। इन कठिन पलों में अपनों का संग-साथ महत्वपूर्ण भूमिका निबाता है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अपने परिवारजनों, मित्रों व शुभचिंतकों का संग इन पलों से उबरने में निर्णायक भूमिका निभाता है। इनसे प्राप्त भावनात्मक सिंचन जीवन की कली को मुरझाने नहीं देता, इनका सहारा टूटने बिखरने के कगार पर खड़े अस्तित्व को संभाले रहता है। लेकिन दूसरों के सहारे ही जीवन की नैया पार होगी, ऐसी भी गलतफहमी नहीं पाली जा सकती। जीवन का सामना अंतत: अपने दमखम पर ही करना होता है और दूसरों के साथ की अपनी सीमा रहती है।

इसके लिए स्वयं को समय देना अभीष्ट हो जाता है। कठिन समय में जीवन के बिखरने व टूटने का खतरा रहता है, ऐसे में अपने तन-मन व आहार-विहार, शारीरिक सक्रियता, विश्राम एवं नींद का सहारा लें। शरीर के साथ मन का श्रेष्ठ नियोजन करें। अपने कर्तव्य कर्मों में निमग्न रहें। ये सब अनावश्यक तनाव-अवसाद से बचाए रखते हैं। नियमित कागज पर अपने मनोभावों को लिखने का अभ्यास करें। इनके साथ मन का गुबार बाहर निकलता है तथा चित्त का बोझ हल्का होता है और आप बेहतर अनुभव करते हैं। प्रकृति की गोद में कुछ समय अवश्य बिताएं, जो मन की शांति स्थिरता के लिए संजीवनी का काम करता है साथ ही जीवन के अर्थ व उद्देश्य को तलाशें, जो व्यक्ति को जीवन की गहराइयों में प्रतिष्ठित करता है और एक सार्थकता की अनुभूति के साथ मनोबल व आत्मबल के अनुदान दे जाता है। इसके लिए नियमित रूप से आत्मनिरीक्षण से लेकर आत्मसुधार एवं निर्माण का न्यूनतम कार्यक्रम निर्धारित करें। दैनिक क्रियाकलापों में अपनी रुचियों को स्थान दें।

ये जीवन में एक नया रस व रंग घोलने का काम करते हैं। नित्य इनके लिए कुछ समय अवश्य दें, ये जीवन में एक नई ताजगी व उल्लास भरने वाले उपक्रम साबित होंगे। इलके साथ स्वयं को सतत प्रेरित करते रहें। श्रेष्ठ पुस्तकों को पढ़ें व प्रेरक लोगों की संगत तलाशें। एक समय एक कदम उठाएं तथा जीवन की छोटी-छोटी विजय को हासिल करते चलें। ये जीवन के प्रति आशा व उत्साह से लबरेज रखने का माध्यम बनेंगे।

जीवन को अत्यधिक गंभीरता से न लें तथा स्वयं के प्रति उदारता का भाव रखें। साथ ही दूसरों के प्रति कृतज्ञता का भाव रखें। साथ ही दूसरों को सरस- सुखद बनाए रखने में सहायक बनते हैं साथ ही कठिन दौर में कुछ बातों को याद रखें। आप पहले भी ऐसी व इससे भी कठिन परिस्थितियों को पार कर चुके हैं और आप पुन: इससे बाहर निकल जाएंगे।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### पुरुष संवेदनशीलता के बिना महिला सशक्तिकरण अधूरा

मान लीजिए कि किसी पिछली सदी का कोई व्यक्ति आज हमारे समय में आता है। जब वे महिलाओं को विमान, कार, बस आदि चलाते हुए देखेंगे तो उन्हें कैसा झटका लगेगा। उनकी भ्रम की स्थिति की कल्पना करें जब उन्हें पता चलता है कि भारत में एक तिहाई गांवों का नेतृत्व महिला सरपंचों द्वारा किया जाता है, जबकि पुरुष घर पर बूढ़े माता-पिता या अन्य घरेलू कामों की देखभाल कर सकते हैं। आज हमारे लिए यह सब रोजमर्रा की बात लग सकती है, लेकिन किसी ऐसे व्यक्ति के लिए जिसके पास लिंग-आधारित बहुत कठोर और सख्त विचार हैं, लिंग-आधारित मानदंडों में रहते हैं और विश्वास करते हैं और समाज को पितृसत्ता के चश्मे से देखते हैं, महिलाओं को अपनी शादियों में दखल देने और अन्य लिंगों के प्रति बढ़ती स्वीकार्यता से उनको अधिक झटका लगेगा। लैंगिक भूमिकाएं और अपेक्षाएं सदियों से समाज में व्याप्त हैं। लड़कियों से आज्ञाकारी, विनम्र और पोषण करने वाली होने की उम्मीद की जाती है, जबकि लड़कों से मजबूत, दृढ़ और प्रतिस्पर्धी होने की उम्मीद की जाती है। ये अपेक्षाएं अक्सर प्रतिबंधों और मांगों के साथ आती हैं जो दोनों लिंगों के लिए समान रूप से हानिकारक हो सकती हैं। समस्या केवल यह नहीं है कि पितृसत्ता और लिंग-आधारित अलगाव आज भी बहुत प्रचलित है, बल्कि मुद्दा यह भी है कि यह जानने के बावजूद यह लगातार फल-फूल रहा है। यदि यह एक महिला को अनुचित और अतार्किक प्रतिबंधों से विकलांग बनाता है, तो यह पुरुष को अत्यधिक और अप्राकृतिक अपेक्षाओं से विकलांग बनाता है।

आज भी लड़कियों को परिवार में आर्थिक और सामाजिक बोझ के रूप में देखा जाता है। एक कारण के रूप में, एक युवा लड़की के सपनों को अक्सर छोटा कर दिया जाता है, और उसे कम उम्र में ही दूसरे परिवार पर बोझ के रूप में निपटा दिया जाता है। यह सिर्फ विकासशील या गरीब देशों की घटना नहीं है, बल्कि अच्छे मानव सूचकांक वाले विकसित देशों में भी बाल विवाह में वृद्धि देखी जा रही है। जब एक युवा लड़की, जिसके पास बच्चों को जन्म देने और घरेलू काम करने के अलावा जीवन में कोई संभावना नहीं होती, की शादी एक परिवार में कर दी जाती है, तो वहां भी उसे बोझ के रूप में या सबसे खराब स्थिति में पति की संपत्ति के रूप में देखा जाता है। ऐसे मामलों में, जिन महिलाओं के पास किसी भी आर्थिक एजेंसी का अभाव होता है। वे घरेलू हिंसा, दुर्व्यवहार, वैवाहिक बलात्कार, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों आदि का शिकार बन जाती हैं। महिलाओं की भूमिका को व्यवस्थित रूप से घर की चार दीवारों तक सीमित कर दिया गया है और समाज में उनकी जो भी भूमिका हो सकती थी, उसे विनम्रता के नाम पर छीन लिया गया है। महिलाओं की शिक्षा रोक दी गई है और उन्हें अच्छे धार्मिक प्रथाओं के नाम पर दासता का जीवन जीने के लिए मजबूर किया जाता है। पितृसत्ता का सार हमारे दिमाग में इस तरह अंतर्निहित हो गया है कि हमें अक्सर इसका एहसास भी नहीं होता है कि हम इसे कब और कैसे व्यवहार में लाते हैं। प्रतिबंधों का लड़कियों के आत्म-सम्मान और आत्मविश्वास पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है। जब लड़कियों को लगातार बताया जाता है कि वे क्या नहीं कर सकती हैं या उन्हें क्या नहीं करना चाहिए, तो वे यह मानने लगती हैं कि वे अपने लक्ष्य हासिल करने में सक्षम नहीं हैं।

इससे महत्वाकांक्षा की कमी और जोखिम लेने का डर पैदा हो सकता है। वह एक अलग कैरियर मार्ग चुन सकती है जिसके बारे में वह भावुक नहीं है। इसके अलावा, लड़कियों पर लगाए गए प्रतिबंध उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डाल सकते हैं। वे अपने ऊपर लगाई गई अपेक्षाओं के कारण फंसा हुआ और घुटन महसूस कर सकते हैं, जिससे चिंता और अवसाद हो सकता है।

**-प्रियंका सौरभ**

**उल्टा पुल्टा**

पति- आज खाना क्यों नहीं बनाया?
पत्नी- गिर गई थी लग गई?
पति- कहां गिर गई थी और क्या लग गई थी ?
पत्नी- तकिये पर गिर गई थी. और आंख लग गई थी।

**विधानसभा निर्वाचन 2023**

# मतदान सामग्री के साथ मतदान दल उत्साह से हुए रवाना

### कलेक्टर ने दिखाई हरी झण्डी, मतदान दलों को दी शुभकामनाएं

### 17 नवंबर को सवेरे 8 बजे से शुरू होगा मतदान

### 15 लाख 73 हजार से ज्यादा मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का इस्तेमाल





**बिलासपुर,** 16 नवंबर ( देशबन्धु)। जिले में 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा निर्वाचन लिए 06 विधानसभा क्षेत्रों के 1691 मतदान केन्द्रों के लिए आज कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर से मतदान सामग्री का वितरण सुबह 08 बजे से किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने आज सामग्री वितरण व्यवस्था का जायजा लेकर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। कलेक्टर ने मतदान दलों के वाहन को हरी झण्डी दिखाकार रवाना करते हुए दलों को अपनी शुभकामनाएं दी है। उन्होंने मतदान दलों से मिलकर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान कराने कहा है। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत और सीईओ अजय अग्रवाल भी मौजूद थे।

जिले के 06 विधानसभा क्षेत्रों के लिए सामग्री वितरण के लिए 76 काउंटर बनाए गए हैं। सामग्री वितरण के लिए 300 अधिकारी-कर्मचारी नियुक्त किए गए है। प्रत्याशियों की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम खोला गया। तत्पश्चात विधानसभावार बनाए गए काउंटर से मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारीयों ने अपने-अपने मतदान केंद्र के लिए सामग्री प्राप्त की और अपने दल के साथ निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हुए। उनके साथ सेक्टर अधिकारी भी रवाना हुए। दल के साथ एक-एक सुरक्षाकर्मी भी तैनात रहेंगे। जिले में निर्वाचन संपन्न कराने के लिए 6 हजार 36 मतदान कर्मी और 1 हजार 509 मतदान कर्मी रिजर्व में रखे गए हैं, इस प्रकार कुल 7 हजार 545 मतदान कर्मियों की ड्यूटी लगायी गयी है।

गौरतलब है कि जिले में कुल 60 संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए है। इसमें पीठासीन से लेकर मतदान दल क्रमांक 1, 2 और 3 सभी महिला कर्मचारी हैं। इसी तरह सभी 06 विधानसभा क्षेत्र में 1-1 मतदान केन्द्र दिव्यांग और 1-1 मतदान केन्द्र युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र बनाए गए है। आदर्श मतदान केन्द्र 30 होंगे। 17 नवंबर को सुबह 08 बजे से शाम 05 बजे तक मतदान होगा। जिले के 15 लाख 73 हजार 905 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।

## संगवारी मतदान केंद्र के लिए रवाना हुई महिला मतदान कर्मी

### नई जिम्मेदारी मिलने पर उत्साहित हैं महिलाएं

जिले में विधानसभा निर्वाचन के लिए 06 विधानसभाओं में 60 संगवारी मतदान केन्द्र बनाएं गए हैं। इन केन्द्रों में मतदान से लेकर सुरक्षा व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी महिलाएं ही संभालेंगी। कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर से आज मतदान दलों को सामग्री वितरण कर मतदान केन्द्रों की ओर रवाना किया गया। संगवारी मतदान केन्द्र की जिम्मेदारी मिलने पर महिलाएं उत्साहित हैं। महिलाओं ने कहा कि मतदान कराने की इस महती जिम्मेदारी को बखूबी निभाएंगे।



## संपादकीय

## आज की 7 सीटें हैं बहुत अहम

*छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के शुक्रवार को हो रहे दूसरे चरण के मतदान का प्रदेश में सरकार बनाने के परिप्रेक्ष्य में तो महत्व व संसदीय अनिवार्यता तो है ही, उसकी व्यापक सन्दर्भों व वर्तमान सियासी परिस्थिति में भी विशेष महत्ता भी है। यह केवल इसलिये उत्सुकता के साथ देखे जाने वाली चुनावी प्रक्रिया नहीं है कि पहले चरण में हुई 2 सीटों से सरकार बनाने में तो मदद मिलेगी, पर उसे पूर्णता मिलेगी इन्हीं 7 सीटों से; बल्कि इस मतदान को इस नज़रिये भी देखा जायेगा कि पहले चरण में 7 नवम्बर को हुए मतदान के बाद जो घटनाक्रम हुए हैं, वे मतदाताओं पर कितना असर करेंगे। यह भी सच है कि अगर किसी भी पार्टी का हिसाब पहले चरण में गड़बड़ाया होगा तो वह उसे इस चरण के मतदान से पूरा करेगी।*

*पहले चरण के बाद दो प्रमुख घटनाक्रम हुए हैं। पहला है दोनों दलों द्वारा नयी घोषणाएं और दूसरे, एक-दूसरे पर भ्रष्टाचार के गम्भीर आरोप लगाना। नयी घोषणाओं के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ महतारी वंदन योजना के अंतर्गत राज्य की हर विवाहित महिला को साल में 12 हजार रुपये देने का वादा किया गया है, तो कांग्रेस ने बढ़ाकर 12 हजार रुपए किया है। ऐसे ही, ओबीसी कार्डधारक महिलाओं को भाजपा 5 रुपये में रसोई गैस सिलिंडर देगी, जबकि कांग्रेस पहले ही 45 रुपए में देने का वादा कर चुकी है। कांग्रेस ने किसानों को 32 रुपए प्रति क्विंटल के मूल्य पर धान देने का ऐलान किया है, जबकि भाजपा का वायदा 31 रुपए प्रति क्विंटल का है। वैसे किसानों को कर्ज माफी तथा जातिगत जनगणना पर भाजपा का मौन है जबकि कांग्रेस का यही प्रमुख चुनावी मुद्दा है।*

*दूसरा बड़ा मुद्दा भ्रष्टाचार को लेकर है। दोनों प्रमुख दलों द्वारा एक दूसरे पर गम्भीर आरोप-प्रत्यारोप लगाये गये हैं। भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय तथा बाहर से आने वाले तमाम स्टार प्रचारक कांग्रेस व यहां के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बेहद भ्रष्ट बताकर गये हैं। उनका आरोप है कि उन्होंने छग को अपने दल की केन्द्रीय समिति के लिये एटीएम बना दिया है। यह अलग बात है कि वैशाली नगर के भाजपा उम्मीदवार रिकेश सेन का एक वायरल वीडियो बता रहा है कि यहां जब भाजपा की सरकार थी तो पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह और उनकी पत्नी के साथ 'ऊपर तक' पैसा जाता था। भाजपा का यह भी आरोप है कि बघेल ने सट्टा खिलाने वाले महादेव एप से 58 करोड़ रुपये लिये हैं। आरोप लगाने वालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हैं। सवाल यह है कि अब तक इसकी जांच क्यों नहीं हुई। जो भी हो, जनता को तय करना है कि कौन सही है और कौन गलत।*

## सार-संक्षेप



### ट्रक की टक्कर से 11केवी का बिजली टावर सड़क पर

**बिलासपुर,** 16 नवंबर ( देशबन्धु)। बिलासपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोनी क्षेत्र के सेंद्री के पास आज रात को बिजली का 11केवी का टावर सड़क पर एक दुर्घटना में अजीब तरीके से गिर गया है। दो ट्रक में आपस में दुर्घटना में टक्कर के बाद एक ट्रक सड़क किनारे खड़े बिजली के टावर में जा भिड़ा। दुर्घटना में घायल एक ट्रक के ड्राइवर को कोनी पुलिस ने रेस्क्यू कर सिम्स हॉस्पिटल में एडमिट कराया है। बिजली कनेक्शन को डिसकनेक्ट टावर को हटाने का कार्य जारी है। मार्ग की गाड़ियों को डायवर्ट किया जा रहा हैं।

### तीन-बोरियों में देशी प्लेन शराब जब्त



**बिलासपुर,** 16 नवंबर ( देशबन्धु)। थाना तोरवा क्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों के दिशनिर्देशों में लगातार पेट्रोलिंग की जा रही थी इस दौरान मुक्तिधाम रोड के पास देवरी खुर्द शराब भट्टी जाने वाले लकड़ी ताल के पास ओवरब्रिज के नीचे झाड़ियां में अज्ञात व्यक्ति के द्वारा छुपा कर रखे लगभग तीन-बोरियों में देसी प्लेन मदिरा मसाला शराब मिला जिसे आसपास के लोगो से पूछताछ करने पर अवैध शराब किसका है पता नहीं चला गवाहो के समक्ष मौका से 32 कीमती 15000 रुपए को जप्त कर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया अज्ञातआरोपी की पता साजी की जा रही है। उक्त कार्यवाही में पेट्रोलिंग के दौरान निरीक्षक कमला पूसाम ठाकुर, उप निरीक्षक कमलनारायण से शर्मा, एएसआई विदेशी साहू, प्रधान आरक्षक किशन लाल , प्रधान आरक्षक शिवनारायण पांडेय पेट्रोलिंग आरक्षक यशपाल एवं लक्ष्मी कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# वर्ल्ड कप क्रिकेट फाइनल मैच का शहर में स्मार्ट डिस्प्ले बोर्ड में होगा लाइव प्रसारण

**बिलासपुर,** 16 नवंबर ( देशबन्धु)। सेमीफाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड पर शानदार जीत दर्ज करते हुए भारतीय क्रिकेट टीम वर्ल्ड कप के फाइनल में प्रवेश कर चुकी है। वही अब टीम इंडिया के फाइनल में पहुंचने के साथ ही 19 नवंबर को एक बार फिर धमाकेदार त्योहार मनने वाला है। ऐसे में इस जश्न के लिए अभी से तैयारी की जा रही है।

प्लानिंग के तहत स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर लगाए गए स्मार्ट एलईडी बोर्ड में अब फाइनल मैच दिखाया जाएगा। इसके अलावा ऐसे सार्वजनिक स्थान जहां पर लोगों का परिवार समेत आना-जाना होता है, उन स्थानों पर भी प्रोजेक्टर लगाकर वर्ल्ड कप फाइनल मैच दिखाया जाएगा। एक तरह इस दिन फिर से एक बड़ा त्योहार शहरवासी मनाएंगे। टीम के फाइनल में पहुंचने के बाद सभी खेलप्रेमी टीम इंडिया के विश्व कप जीतने को लेकर आश्वस्त हो चुके हैं।

क्रिकेट की दीवानगी इस कदर सर चढ़कर बोलती है कि जब भी इंडिया टीम जीतती है तो क्रिकेट प्रेमी जमकर खुशी मनाते हैं। इस बार तो बात वर्ल्ड कप क्रिकेट ही है। ऐसे में इसमें टीम इंडिया की जीत की खुशी के मायने ही कुछ और होगा, क्योंकि बुधवार को टीम इंडिया ने विश्व कप के सेमीफाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड को हराकर फाइनल में पहुंच गई है। अब 19 नवंबर को इसका फाइनल मुकाबला होने वाला है। टीम इंडिया 16 नवंबर को आस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल में जीतने वाली टीम से फाइनल खेलेगी।



एक बार फिर भारत के विश्व कप जीतने का सुनहरा मौका आ चुका है। ऐसे में क्रिकेट प्रेमी भी इस फाइनल मैच और इंडिया के विश्व चैंपियन बनने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं इस खुशी को बढ़ाने का काम स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से भी किया जा रहा है। इसके तहत शहर के चौक पर लगे स्मार्ट एलईडी टीवी पर मैच का लाइव प्रसारण किया जाएगा। इसके अलावा रिवर व्यू, हैप्पी स्ट्रीट, हेमूनगर तालाब, बंधवापारा तालाब, जोरापारा तालाब के साथ अन्य स्थानों पर प्रोजेक्टर लगाकर भी लाइव मैच दिखाया जाएगा। इससे एक बार फिर शहर में त्योहार का माहौल बनेगा और जमकर बड़े पर्दे पर शहरवासी क्रिकेट वर्ल्ड कप के फाइनल मैच का लुत्फ उठा सकेंगे।

### मोहल्ले, कालोनी व होटल में रहेगी विशेष व्यवस्था

इंडिया के फाइनल में पहुंचने के साथ ही शहर के बड़े मोहल्लों और कालोनियों में भी फाइनल मैच देखने की विशेष व्यवस्था की जा रही है। जगह -जगह प्रोजेक्टर लगाने का निर्णय लिया गया है। जिसकी तैयारी भी शुरू हो गई है। इसी तरह होटल, रेस्टोरेंट, बार आदि जगहों पर भी प्रोजेक्टर लगाने की तैयारी कर ली गई है। जहां भी जमकर मैच का लुत्फ उठाया जाएगा।

### इन स्थानों में दिखाने की तैयारी

नेहरू चौक, सत्यम चौक, अग्रसेन चौक, सिम्स चौक, इंदु उद्यान चौक, पुराना बस स्टैंड चौक, हाईटेक बस स्टैंड, रेलवे, हैप्पी स्ट्रीट, बंधवापारा तालाब, जोरापारा तालाब, रिवर व्यू, जतिया तालाबा, माधो तालाब आदि में भी मैच देखने की व्यवस्था की जा सकती है। इंडिया टीम के फाइनल पहुंचने पर मैच दिखाने की विशेष व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत चौक में लगे स्मार्ट एलईडी डिस्प्ले के साथ अन्य सार्वजनिक स्थल पर मैच दिखाने की व्यवस्था की जाएगी।

### गुरुनानक चौंक में चेकिंग में दो लाख 45 हजार पुलिस ने जब्त की

**बिलासपुर,** 16 नवंबर ( देशबन्धु)। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह (भा पु से ) द्वारा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर वाहन चेंकिंग के मद्देनजर वाहन चेकिंग एवं अवैध सामग्री जप्त कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे अति. पुलिस अधिक्षक (शहर ) राजेंद्र कुमार जायसवाल एवं पुलिस अधि. कोतवाली श्रीमती पूजा कुमार ( भापुसे ) के निर्देश में थाना तोरवा द्वारा गुरुनानक चौंक एस.एस.टी. टीम के सहयोग से विशेष अभियान चलाया गया जो मुखबिर की सुचना पर अवैध नगदी रकम 244500 रूपये पाये जाने से पंचनामा तैयार कर अग्रिम वैधानिक कारवाही की जा रही है उक्त कार्यवाही में तोरवा पुलिस टीम गुरुनानक चौंक सस्त टीम की महत्त्व पूर्ण भूमिका रही

### जुआरियों के फड़ में पुलिस की दबिश, सात से 18 हजार जब्त

**बिलासपुर,** 16 नवंबर ( देशबन्धु)। रात सूचना मिली कि कुछ लोगों द्वारा गोड़पारा में दर्जी मंदिर के पास जुआ खेल रहे हैं। इस पर थाना प्रभारी उत्तम साहू ने जवानों को कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो उन्हें देखते ही जुआरी भागने लगे।

कोतवाली पुलिस ने जुआरियों के दो अलग-अलग ठिकानों पर दबिश देकर सात लोगों को गिरफ्तार किया है। जुआरियों के कब्जे से 18 हजार रुपये जब्त कर जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। कोतवाली पुलिस को मंगलवार के की रात सूचना मिली कि कुछ लोगों द्वारा गोड़पारा में दर्जी मंदिर के पास जुआ खेल रहे हैं। इस पर थाना प्रभारी उत्तम साहू ने जवानों को कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो उन्हें देखते ( ही जुआरी भागने लगे। जवनों ने घेराबंदी कर मौके से गिरफ्तार किया।

# अग्नि दुर्घटना से यात्रियों के बचाव हेतु चलाया जा रहा है विशेष जागरूकता व जाँच अभियान

### ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर यात्रा करना दण्डनीय अपराध

**बिलासपुर,** 16 नवंबर ( देशबन्धु)। यात्री सुरक्षा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है 7 ट्रेनों में आग लगने की घटनाएं मानव जीवन एवं रेल सम्पदा के लिए सबसे गम्भीर आपदाओं में से एक है इसलिए अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान सुरक्षित यात्रा वातावरण बनाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है । इसका मुख्य उद्देश्य यात्रियों को ट्रेनों में यात्रा के दौरान अग्नि सुरक्षा के महत्व से अवगत कराना तथा जागरूकता अभियान चलाकर आगजनी घटनाओं के जोखिम को कम करना है 7

यात्री गाडियों में किसी भी प्रकार का ज्वलनशील/विस्फोटक (गैस सिलेंडर केरोसीन, पेट्रोल,डीजल,पटाका) सामान इत्यादि लेकर यात्रा न करे इससे बडी दुर्घटना घटित हो सकती है। साथ ही ऐसी गलती से लोगों की जान माल की नुकसान भी हो सकती है । रेल यात्रा के दौरान अपने साथ स्टेशन, प्लेटफार्म अथवा यात्री गाडियों में ज्वलनशील/विस्फोटक सामानों को लेकर जाना धारा 164 रेल अधि. के तहत दण्डनीय अपराध है ऐसे करते पकड़े जाने पर तीन साल तक का करावास एवं जुर्माना का प्रावधान है।

इसी क्रम में मंडल के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों तथा मंडल से गुजरने वाली गाड़ियों में विशेष अग्नि सुरक्षा अभियान चलाई जा रही है । इस अभियान के तहत वाणिज्य विभाग एवं रेलवे सुरक्षा बल द्वारा गाड़ियों के पैंट्रीकारों सहित यात्री डिब्बों में ले जाए जा रहे किसी भी प्रकार के विस्फोटक और एलपीजी सिलेंडर, केरोसिन स्टोव आदि ज्वलनशील सामानों की जाँचकर व त्वरित कार्रवाई की जा रही है 7 स्टेशन परिसर के चारों ओर सीसीटीवी केमरों के माध्यम से निगरानी भी रखी जा रही है । इसके साथ ही गाड़ियों में धूम्रपान पर रोक, अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता तथा वैधता भी जांची जा रही है 7 गाड़ियों में यात्रियों को अग्निशमन यंत्रो, आपातकालीन खिड़की के प्रयोग सबंधी जानकारी प्रदान की जा रही है 7 साथ ही यात्रियों को ट्रेनों में यात्रा करते समय अग्नि सुरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है तथा यात्रियों को यात्रा के दौरान ज्वलनशील व विष्फोटक सामानों के साथ यात्रा नहीं करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है 7 इसके अलावा उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से भी प्रतिबंधित सामानों को ट्रेन में नहीं ले जाने के प्रति जागरूक करने के साथ ही उनसे आग्रह किया जा रहा है 7 इसके साथ ही सभी टिकट चेकिंग कर्मचारियों को ड्यूटि के दौरान अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता व गाड़ियों में प्रतिबंधित सामानों की जांच करने हेतु निर्देशित किया गया है 7 इस जागरूकता एवं सघन चेकिंग अभियान के दौरान माह अक्टूबर से 15 नवम्बर 2023 तक 09 मामलों में 14 आरोपीयों की गिरफतारी की गई है। जिसमें यात्री गाडियों में यात्रियों द्वारा कैरोसीन, पेट्रोल, डीजल तथा पटाखें लेकर यात्रा करने के साथ ही पेंट्रीकार की चेकिंग के दौरान गैस सिलेंडर पाए जाने के तीन मामले शामिल है।



# आज ईव्हीएम में कैद होगी 51 उम्मीदवारों की किस्मत

- सुबह 8 से शाम 5 बजे 181 मतदान केन्द्रों में होगा मतदान
- जिले भर में 8 हजार से अधिक मतदान कर्मियों की तैनाती, पुलिस-प्रशासन अलर्ट

**कोरबा,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 अंतर्गत 17 नवंबर को जिले की चार विधानसभा क्षेत्रों में 9 लाख 20 हजार 85 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। ईव्हीएम में उम्मीदवारों की किस्मत कैद होगी। जिले की चारों विधानसभा में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों सहित निर्दलियों को मिलाकर कुल 51 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इनमें सर्वाधिक कोरबा विधानसभा से 19, कटघोरा से 14, रामपुर से 9 और पाली-तानाखार से 9 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। विधानसभा क्षेत्रों का अगला विधायक कौन-कौन होगा, इसे लेकर कयासों और अटकलों का बाजार जहां गर्म हैं वहीं प्रत्याशी की भी धडक़नें तेज हैं। यह उनके लिए परीक्षा की घड़ी है और समर्थकों के द्वारा उनके लिए माहौल बनाने का काम आज रात भी किया जाता रहा। मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए पुलिस और प्रशासन से बच-बचाकर जतन भी किए जाते रहे। कुछेक मामले पकड़ में भी आए हैं।




## रवाना किए गए मतदान दल

17 नवंबर को प्रात- 8 बजे से शाम 5 बजे तक और मतदान परिसर में मतदाताओं की मौजूदगी होने से अंतिम वोट डलने तक मतदान कराया जाएगा। जिले के 181 मतदान केन्द्रों में अभ्यर्थी मतदान की सभी तैयारियां पूरी करने के साथ ही आज देर शाम तक मतदान दलों के पहुंचने का सिलसिला चलता रहा। ग्रामीण और दूरस्थ इलाकों में मतदान केन्द्रों को पहले रवाना किया गया। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में मतदान दलों को आईटी कालेज कोरबा से मतदान सामग्री के साथ रवाना किए गए। इनमें सेक्टर अधिकारियों के साथ मतदान दल पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक एक, दो एवं तीन मतदान हेतु जरुरी सामग्रियों व सुरक्षा बल के साथ रवाना हुए।

## 1 हजार मतदान कर्मी रिजर्व

जिले के संवेदनशील तथा अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों में अतिरिक्त बल लगाया गया है। 115 सेक्टर अधिकारी, 52 माइक्रो आब्जर्वर की ड्यूटी लगी है। आपातकालीन स्थितियों के लिए लगभग एक हजार मतदान कर्मियों को रिजर्व में रखा गया है। जिले में आठ हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारी मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने अपनी भूमिका निभायेंगे।

## कलेक्टर ने किया निरीक्षण

मतदान सामग्रियों के वितरण स्थल आईटी कॉलेज में व्यवस्था का जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने जायजा लिया। विधानसभावार सभी केंद्रों का अवलोकन कर रिटर्निंग अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने मतदान दल कर्मियों को सावधानी के साथ मतदान केंद्रों में पहुंचने और निर्वाचन के कार्यों को गंभीरता से पूर्ण कर समय पर वापस पहुंचने कहा।

# सार-संक्षेप

## हाथियों ने किसानों की फसल को किया चौपट



**कोरबा,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाथी लगातार उत्पात मचाकर किसानों को आर्थिक चपत लगा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। एक बार फिर ग्रामीणों की फसल को हाथियों ने चौपट किया है।

वनमंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज में घूम रहे 36 हाथियों के झुंड ने गितकुवारी के 4 किसानों के धान की फसल को चौपट कर दिया। हाथी दिन में धरमजयगढ़ वनमंडल लौट जाते हैं और रात के समय वापस आ जाते हैं। कटघोरा वनमंडल में 64 हाथियों का झुंड धान की फसल को नुकसान पहुंचा रहा है।हाथियों की संख्या अब 100 पहुंच गई है। रोज 15 से 20 किसानों के धान की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ग्रामीण भी धान की सुरक्षा के लिए अपने स्तर पर उपाय कर रहे हैं। वन विभाग की टीम प्रभावित गांवों में निगरानी करने के बाद मुनादी बस कराती है। लेकिन फसल की सुरक्षा नहीं हो पा रही है। कुदमुरा रेंज में हाथियों की आवाजाही से भी ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि दिन में तो फसल की सुरक्षा कर रहे हैं। लेकिन रात के समय वे भी घर लौट आते हैं।

## मतदान केन्द्रों के 100 मीटर के भीतर मतयाचना/प्रचार प्रतिबंधित

**कोरबा,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा उपरांत सम्पूर्ण जिलें में आदर्श आचरण प्रभावशील है। भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के तहत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सौरभ कुमार ने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए है। मतदान दिवस 17 नवंबर को कोरबा जिलें में मतदान प्रात- 8 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से मतदान दिवस तक सार्वजनिक सभा, रैली एवं रोड शो एवं लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित किया है।

जिले के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति घातक अस्त्र-शस्त्र जैसे बंदूक, पिस्टल, रायफल, रिवाल्वर, तलवार, फरसा, भाला, लाठी, चाकू, छूरा, कुल्हाड़ी, बरछी, गुप्ती, त्रिशूल, खुकर, सांग एवं बल्लम अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान आम सडक़ रास्ता सार्वजनिक सभाओं एवं अन्य स्थानों पर लेकर नही चलेगा। कोई भी राजनीतिक दल या व्यक्ति सशस्त्र जुलूस नहीं निकलेगा और न ही आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करेगा। बल्क एस. एम. एस. एवं फोन कॉल करना भी प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश उन शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा जिन्हें अपने कार्य संपादन के लिए लाठी या शस्त्र रखना आवश्यक है। यह आदेश उन शासकीय कर्मचारियों पर भी लागू नहीं होगा जिन्हें चुनाव व मतदान के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा जिन्हें शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था तथा निश्शक्त होने के कारण सहारे के रूप में लाठी रखना आवश्यक होता है। आदेश का उल्लंघन करने वाले समूह/व्यक्ति के विरूद्ध धारा 188 भारतीय दण्ड संहिता के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

# भाजपा प्रत्याशी उइके बांट रहे थे पैसा शिकायत पर 11 लाख से अधिक बरामद

## मतदान से पहले पुलिस ने 3 लोगों से जब्त किए 9 लाख 10 हजार

**कोरबा,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के दूसरे चरण के चुनाव में मतदान तिथि 17 नवंबर से एक दिन पहले पुलिस ने भाजपा के प्रत्याशी रामदयाल उइके के प्रचार में लगे वाहन से 11 लाख रुपए से अधिक की रकम बरामद की। उक्त वाहन में उइके स्वयं मौजूद थे और आरोप रहा कि वे मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए पैसे बांट रहे थे। पुलिस ने वाहन की तलाशी कर रकम की जप्ती की है। दूसरी तरफ पुलिस ने 3 अलग-अलग क्षेत्रों में कार्यवाही कर मतदान के पूर्व दिवस 6 लाख 10 हजार रुपए की पृथक से जप्ती कार्यवाही किया है।



जानकारी के अनुसार पसान पुलिस को 15 नवंबर की रात सूचना मिली थी कि पाली-तानाखार से चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशी रामदयाल उइके खुद ग्राम झुनकीडीह में प्रचार करने पहुंचे हैं और ग्रामीणों को खुद ही पैसे बांट रहे हैं। सूचना उपरांत पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और श्री उइके के वाहन की तलाशी में रुपए बरामद हुए। कोई संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने से रुपए धारा 102 जाफौ के तहत जप्त कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। मतदान से 48 घंटा पहले भाजपा प्रत्याशी का यह कृत्य उजागर होने से क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ी हुई है। यहां गोंडवाना गणतंत्र पार्टी और कांग्रेस की रणनीति के आगे भाजपा के उम्मीदवार अपेक्षाकृत कमजोर नजर आ रहे हैं। इलाके में चर्चा है कि वे धन बल के सहारे वोट खरीदने की मंशा रख कर काम कर रहे हैं।

## पुलिस ने रोका धन का अवैध फ्लो



पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश व मार्गदर्शन में जिले भर के थाना व चौकी क्षेत्रों में सघन जांच जारी है। वाहनों की जांच में संदेहास्पद हालात निर्मित होने पर तत्काल कार्यवाही हो रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने 3 अलग-अलग स्थानों से कुल 9 लाख 10 हजार रुपए की जप्ती किया है।

बांगो पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मानिकपुर के निवासी टेटूराम पिता रघुनाथ 38 वर्ष से ढाई लाख रुपए नगद बरामद किया है। 500 रुपए की गड्डियों की शक्ल में यह नोट लेकर निकला था कि सघन चेकिंग के दौरान बांगो थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष चन्द्र नागर, एएसआई सुकलाल सिदार व स्टाफ के द्वारा यह रकम बरामद की गई है। पूछताछ में कोई संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर जप्ती की गई है। इसी तरह कुसमुण्डा थाना व सर्वमंगला चौकी के सुयंक्त स्टाफ द्वारा वाहन चेकिंग हेतु वैशाली नगर पेट्रोल पंप के पास मोबाईल चेक पोस्ट में सफेद रंग की कार में पहुंचे राजीव तिवारी पिता स्व. राजेंद्र प्रसाद तिवारी 39 वर्ष निवासी क्वा. नंबर ओई-6 सीएसईबी कॉलोनी थाना सिविल लाईन रामपुर के कार की डिक्की से 3 लाख रुपए नगद बरामद किए। रुपए के संबंध में वैध दस्तावेज पेश नहीं करने पर जप्ती की गई। कार्यवाही में थाना कुसमुण्डा प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा, सर्वमंगला चौकी प्रभारी एएसआई विभव तिवारी, प्रधान आरक्षक योगेंद्र आदिले एवं आरक्षक खगेश साहू, मदन जायसवाल की भूमिका रही। कार्यवाही की कड़ी में सर्वमंगला चौकी अंतर्गत टीम द्वारा बरमपुर चौक पर सौरभ शर्मा पिता परशुराम शर्मा 28 वर्ष निवासी कुसमुण्डा को थैला लेकर पैदल जाते वक्त रोककर पूछताछ की गई। उसके थैला को चेक करने पर 3 लाख 60 हजार रुपए नगद मिला। रुपए के संबंध में कोई संतोषप्रद जानकारी नहीं मिलने से जप्ती की गई। कार्यवाही में सर्वमंगला चौकी प्रभारी विभव तिवारी, आरक्षक दुर्गेश डडसेना की भूमिका रही।

## कंकालीन मंदिर के पास से बाइक पार

**कोरबा,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। कंकालीन मंदिर के पास एक मकान के सामने से बाइक की चोरी हो गई। बाइक प्रतिक कुमार भारद्वाज की है। वह बाइक क्रमांक सीजी 11 बीए 9860 को घर के सामने खड़ी कर चला गया था। सुबह उठने पर बाइक मौके पर नहीं मिला। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले में चोरी का केस दर्ज किया है। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रांतर्गत बाइक चोरी की घटनाएं बढ़ गई है। घर के सामने व हाट-बाजार से लगातार वाहन चोरी के मामले सामने आ रहे हैं लेकिन पुलिस की पकड़ से गिरोह दूर है।

## सडक़ हादसे में महिला घायल

कोरबा, 16 नवंबर (देशबन्धु)। महाराणा प्रताप चौक से घंटाघर जाने वाले मार्ग पर सियान सदन के पास हुए सडक़ दुर्घटना में एक महिला गंभीर रुप से घायल हो गई है जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। खपराभट्टा में रहने वाली महिला अपने रिश्तेदार की स्कूटी वाहन में बैठकर कहीं जा रही थी। सियाद सदन के पास मौजूद फुटपाथ पर स्कूटी के अनियंत्रित होने के कारण वह स्कूटी से सडक़ पर गिर पड़े जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट लगी है। घटना के बाद मौके पर लोगों का हुजूम इकट्ठा हो गया। आटो के माध्यम से महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल रवाना किया गया।

## आपसी विवाद को लेकर मारपीट

कोरबा, 16 नवंबर (देशबन्धु)। दीपका थाना क्षेत्र के ग्राम झाबर में आपसी विवाद को लेकर युवक से मारपीट कर दी। घटना में गांव में रहने वाले मुकेश यादव को चोटें आई है। पीड़ित ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी शाहिल नाम का यवुक है। पीड़ित का आरोप है कि शाहिल नशे की हालत में अपने दोस्तों के साथ गली-गलौज कर रहा था। मना करने पर हाथ में रखे चुड़ा से सिर पर हमला कर दिया। पुलिस ने आरोप के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है।

# दीपावली मिलन में गजल संध्या का आयोजन



**कोरबा,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। साहित्य भवन कोरबा में ख्यातिनाम गजलकार केवल कृष्ण पाठक के गजलों की प्रस्तुति पं. रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर के हिंदी के पूर्व विभागाध्यक्ष, भाषाविद्, प्रसिद्ध गीतकार व संगीतकार डॉ. चितरंजन कर के द्वारा की गयी।

गजल संध्या में केवल कृष्ण पाठक के गजलों की प्रस्तुति करके डॉ. चितरंजन कर ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। लगभग दो घंटों तक श्रोताओं ने गजलों का रसास्वादन किया। इस अवसर पर रायपुर से आए डॉ.माणिक विश्वकर्मा नवरंग ने केवल कृष्ण पाठक के गजलों की संगीतमयी प्रस्तुति होने पर शुभकामनाएँ दी। बिलासपुर से आए हास्य व्यंग्य के कवि राजेंद्र मौर्य एवं बिलासा कला मंच के अध्यक्ष महेश शर्मा, समन्वय परिवार बिलासपुर के अध्यक्ष डॉ.गंगाधर पटेल, गीतकार बुधराम यादव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। तबला वादक रायपुर के रुपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव थे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए साहित्य भवन समिति कोरबा के सचिव डॉ.कृष्ण कुमार चन्द्रा के आह्वान पर अतिथियों ने सबसे पहले सरस्वती पूजन व वंदन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के आयोजक पाठक परिवार की ओर से अतिथिगणों का पारिवारिक व आत्मीय अभिनंदन किया गया। डॉ. चितरंजन कर,श्रीमती माधुरी कर उनके पुत्र विवेक शर्मा का स्वागत केवल कृष्ण पाठक, श्रीमती कमलेश पाठक, डॉ. मनीष पाठक, श्रीमती वंदना पाठक, श्रीमती विशाखा पाठक ने मिलकर किया।

# लोकतंत्र के महापर्व का हिस्सा बनिए और मतदान अवश्य करिए-कलेक्टर

**कोरबा,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने कोरबा जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 में लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होकर अपनी भागीदारी अवश्य सुनिश्चित करें। मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए हर मतदाता का वोट अमूल्य है। मतदान का अवसर एक निश्चित अवधि में मिलता है, इसलिए इस महत्वपूर्ण अवसर को बिना गंवाए विधानसभा सदस्यों के निर्वाचन हेतु 17 नवंबर को मतदान केंद्रों में सुबह 08 बजे से शाम 05 बजे तक अपने मताधिकार का उपयोग करें। कलेक्टर ने मतदाताओं को जागरूक होकर जिले में निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से शांति पूर्ण मतदान की अपील की है। सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में प्रत्येक मतदाता का मत अमूल्य है



तथा मतदान करना प्रत्येक मतदाता का कर्तव्य है। जब मतदान के लिए जायें तो अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक कार्ड) एवं फोटो युक्त मतदाता पर्ची अवश्य लेकर जायें। मतदान केंद्र में इलेक्ट्रानिक मतदान मशीन के माध्यम से अपने पसंद के प्रत्याशी को चुनने के लिए वोट कर सकते हैं। मतदान दिवस के दिन मतदातागण मतदान के लिए समय निकालकर अपने क्षेत्र के लिए निर्धारित मतदान केंद्रों में उपस्थित होकर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें।

# सजाए गए संगवारी मतदान केंद्र, सेल्फी लेने का मिलेगा मौका

**कोरबा,** 16 नवंबर (देशबन्धु)। लोकतंत्र के महापर्व में मतदान के साथ अपनी पसंद का जनप्रतिनिधि चुनने मतदाता 17 नवंबर को मतदान करेंगे। कोरबा जिले के सभी चार विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में संगवारी मतदान केंद्र, दिव्यांगो द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र, युवा मतदान केंद्र, आदर्श मतदान केंद्र तैयार किए गए हैं। महिला मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने संगवारी मतदान केंद्र बनाकर विशेष रूप से सजाया गया है। इन बूथों में पीठासीन अधिकारी से लेकर मतदान दल के सभी अधिकारी महिलाएं होंगी। यहां मतदान के पश्चात् परिसर में सेल्फी जोन भी तैयार किया गया है, जहां मतदाता सेल्फी ले सकते हैं।

जिले में अलग-अलग विधानसभा अंतर्गत कुल 40 संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए हैं। सभी विधानसभा क्षेत्र में 10-10 संगवारी मतदान केंद्र बनाया गया है। इसी तरह जिले में 20 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक युवा और दिव्यांग कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र बनाए गए हैं। विधानसभा



निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले में पुरूष एवं महिला अधिकारी निर्वाचन कार्यों को पूर्ण कराने में सहभागी बनेंगे। विधानसभा कोरबा अंतर्गत मतदान अधिकारी क्रमांक 3 में महिलाएं ही होंगी। इसके अलावा कटघोरा विधानसभा अंतर्गत 28 मतदान केंद्रों में भी महिलाएं मतदान अधिकारी क्रमांक 3 के रूप में कार्य करेंगी।

## सहयोग के लिए रहेंगे मतदाता मित्र

सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं के सहयोग के लिए मतदाता सहायक (वोटर असिस्टेंट) उपलब्ध होंगे। 1124 मतदाता मित्र दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिकों तथा शारीरिक रूप से अक्षम मतदाताओं को सहयोग प्रदान करने एवं व्हील चेयर, पेयजल, प्राथमिक स्वास्थ्य उपलब्ध कराने में सहयोग करेंगे। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 633 सीनियर स्काउट्स-गाइड्स, रोवर्स रेंजर्स मतदाता मित्र के रूप में तैनात किया गया है।

## मतदान दलों को उपलब्ध कराया गया मेडिकल किट

मतदान दल में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदान केंद्रों में प्राथमिक उपचार से संबंधित मेडिकल किट स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा आपातकालीन परिस्थितियों में मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारी नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार हेतु सम्पर्क कर सकते हैं। महत्वपूर्ण स्वास्थ्य केंद्रों में एंबुलेंस भी तैनात होंगी।

## चर्चा-ए-चौक : संदर्भ विधानसभा चुनाव
## गृहमंत्री के रॉडार में कोरबा...




कोरबा, 16 नवंबर (देशबन्धु)। ऊर्जाधानी के नाम से विख्यात कोरबा इस बार चुनावी माहौल में भी केन्द्रीय नेतृत्व की नजर में आ गया है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हाईप्रोफाइल और प्रतिष्ठा का विषय बन चुकी कोरबा विधानसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी के लिए जनसभा कर कार्यकर्ताओं में नए उत्साह का संचार कर दिया। वे पहले भी कोरबा आ चुके हैं लेकिन इस बार का उनका उद्बोधन आश्चर्यचकित करने वाला रहा जब उन्होंने कांग्रेस के प्रत्याशी का नाम लिए बगैर बार-बार सेठ जी संबोधित किया। गृहमंत्री का यह संबोधन, उनकी तनी हुई भृकुटी और भिंची हुई मुट्ठी कुछ अलग संदेश देते दिखे। चर्चा गर्म है कि गृहमंत्री के रॉडार में राजधानी के बाद अब ऊर्जाधानी कोरबा भी आ चुकी है। चुनाव के बाद कुछ बड़ा हो जाए तो कोई आश्चर्य नहीं होगा।

## सार-संक्षेप

### निर्वाचन के सफलतापूर्वक सम्पादन के लिए पॉलिटेक्निक कॉलेज में स्थापित किया गया एकीकृत कन्ट्रोल रुम



**अम्बिकापुर** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। वेबकास्टिंग के माध्यम से जिले के 393 मतदान केंद्रों पर रखी जाएगी सीधे निगरानी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के दूसरे चरण के मतदान के अंतर्गत सरगुजा जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में आज 17 नवम्बर को मतदान होना है। जिले के 6,51,353 मतदाता कुल 781 मतदान केंद्रों में मतदान करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी मतदान केंद्रों में जिला प्रशासन द्वारा समुचित व्यवस्था कर दी गई। सुरक्षा बल शांतिपूर्ण, सुरक्षित मतदान कराने हेतु पूरी तरह तैयार है।

निर्वाचन के सफलतापूर्वक सम्पादन हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार की सतत निगरानी में पॉलिटेक्निक कॉलेज में कंट्रोल रूम तैयार करवाया गया है। कन्ट्रोल रूम में निर्वाचन से सम्बंधित पल-पल की खबर रखी जाएगी तथा किसी भी प्रकार की सूचना पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित कर निराकरण किया जाएगा। मतदान केंद्रों में निगरानी के साथ ही विधानसभावार मतदान की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त करने हेतु यहां अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। कन्ट्रोल रूम के माध्यम से मतदान दिवस पर सेक्टर आफिसर्स से उनके प्रभार क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का मॉकपोल, मतदान प्रारम्भ होने एवं प्रत्येक 02-02 घण्टे के अंतराल में मतदान के प्रतिशत की जानकारी प्राप्त की जाएगी। कंट्रोल रूम में वेबकास्टिंग के माध्यम से मतदान केंद्रों पर भी निगरानी रखी जाएगी। बता दें कि जिले के कुल 393 मतदान केन्द्रों में वेब कास्टिंग की गई है, वेब कास्टिंग हेतु चयनित मतदान केन्द्रों में 41 क्रिटिकल तथा 352 नॉन क्रिटिकल मतदान केंद्र हैं। वेब कास्टिंग के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा मतदान प्रक्रिया पर निगरानी की जाएगी। वहीं कन्ट्रोल रूम में मीडिया कन्ट्रोल रूम के माध्यम से सोशल मीडिया तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से निर्वाचन संबंधी खबरों पर नजर रखी जाएगी। इसके साथ ही यहां कम्युनिकेशन कन्ट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है।

### लोकतंत्र के महापर्व के लिए मतदान दल,मतदान केंद्र के लिए रवाना

**सूरजपुर** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन लोकतंत्र के महापर्व में छत्तीसगढ़ के द्वितीय चरण के अंतर्गत 17 नवंबर को संपादित होने वाले स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांति एवं पारदर्शी मतदान के लिए सूरजपुर जिले में आईटीआई पर्री में स्थापित स्ट्रांग रूम से मतदान सामग्री एकत्रित कर मतदान दल अपने चिन्हित मतदान केंद्र के लिए रवाना हुए। तय समय से पहले सभी दल मतदान सामग्री के साथ अपने चिन्हित मतदान केंद्र मे पहुंचाना सुनिष्चित करे इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देश अनुरूप पूर्व से ही योजना बना ली गई थी। जिसका सभी संबंधित अधिकारीयों ने परिपालन कर इस कार्य को मुर्तरूप दिया। मतदान सामग्री वितरण और मतदान दल के मतदान केंद्र की रवानगी के अंतिम प्रक्रिया तक सामान्य प्रेक्षक रंजीत कुमार जे (आईएएस) व संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थें।

सभी मतदान दल कल होने वाले मतदान दिवस के लिए उत्साहित और ऊर्जावान दिखाई दिये ।मतदान सामग्री वितरण के लिए विधानसभा वार स्टॉल बनाये गये थे। जिससे मतदान सामग्री का वितरण बहुत ही सुगमता पूर्वक हुआ। मतदान सामग्री प्राप्त कर पीठासीन अधिकारी द्वारा अपने सेक्टर और जोनल अधिकारी को रिपोर्ट की गई। जिसके पश्चात वो अपने मतदान केंद्र के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी उपस्थित जनों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और सभी अपने कार्य को निष्ठा व ईमानदारी से करे इसके लिए उनका उत्साहवर्धन भी किया गया।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान दलों को किया रवाना




**एनसीबी** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 लोकतंत्र के महापर्व में छत्तीसगढ़ के द्वितीय चरण के अंतर्गत 17 नवंबर को संपादित होने वाले स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांति एवं पारदर्शी मतदान के लिए जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में सीजी एसडब्ल्यूसी मनेंद्रगढ़ में स्थापित स्ट्रांग रूम से मतदान सामग्री एकत्रित कर मतदान दल अपने चिन्हित मतदान केंद्र के लिए रवाना हुए। तय समय से पहले सभी दल मतदान सामग्री के साथ अपने चिन्हित मतदान केंद्र मे पहुंचाना सुनिश्चित करे इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र कुमार दुग्गा के निर्देश अनुरूप पूर्व से ही योजना बना ली गई थी। जिसका सभी संबंधित अधिकारीयों ने परिपालन कर इस कार्य को मुर्तरूप दिया। मतदान सामग्री वितरण और मतदान दल के मतदान केंद्र की रवानगी के अंतिम प्रक्रिया तक सामान्य प्रेक्षक ललित मोहन रयाल, कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र दुग्गा, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी तथा दोनों विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे। समस्त मतदान दल कल होने वाले मतदान दिवस के लिए उत्साहित और ऊर्जावान दिखाई दिये। मतदान सामग्री वितरण के लिए विधानसभा वार स्टॉल बनाये गये थे। जिससे मतदान सामग्री का वितरण बहुत ही सुगमता पूर्वक हुआ।

### मतदान दलों सहित एम्बुलेंस की है सुविधा

कोरिया 16 नवम्बर (देशबन्धु)। आज रामानुज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैकुंठपुर में सुबह 5 बजे से मतदान दलों की रवानगी के लिए पर्याप्त व्यवस्था जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा की गई थी। 306 मतदान दलों की रवानगी, सभी के लिए नाश्ता-पानी के लिए पर्याप्त व्यवस्था बता दें बैकुंठपुर विधानसभा क्रमांक 03 के लिए 228 तथा भरतपुर-सोनहत (आंशिक) विधानसभा क्रमांक 01 में 78 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। आज सुबह 5 से मतदान दलों की रवानगी के लिए मिनी स्टेडियम में पर्याप्त व्यवस्था की गई थी। यहाँ सुरक्षाकर्मियों सहित सभी मतदान दलों के लिए नाश्ता की व्यवस्था भी की गई थी। वहीं रिजर्व वाहन व मतदान दलों को भी पर्याप्त सुविधा दी गई थी। आज सभी 306 मतदान केंद्रों के लिए मतदान अधिकारियों की रवानगी हो गई है।

# संगवारी मतदान केंद्र में वोटिंग कराएंगी महिला मतदान कर्मी

### नई जिम्मेदारी के निर्वहन के लिए उत्साहित और खुश होकर हुई रवाना दिव्यांग एवं युवा मतदान कर्मी भी नए अनुभव के लिए उत्साहित






**अम्बिकापुर,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार ने आज मतदान सामग्री वितरण केन्द्र शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज, अम्बिकापुर में संगवारी मतदान केंद्र के महिला मतदान कर्मियों से मुलाकात कर उन्हें सफलतापूर्वक अपने जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर श्री कुन्दन ने महिला मतदान कर्मियों से प्राप्त मतदान सामग्रियों का समुचित मिलान कराने, आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करने आदि पर चर्चा की। सभी महिला मतदान कर्मी अपनी इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को लेकर बहुत ही उत्साहित और खुश नजर आईं। पीठासीन अधिकारी श्रीमती आदिलता सोनवानी ने कहा कि निश्चित रूप से संगवारी मतदान कर्मी के रूप में जिम्मेदारी मिलना हमारे लिए सौभाग्य की बात है और इस जिम्मेदारी के लिए हम बेहद उत्साहित भी हैं।

बता दें कि जिले में प्रत्येक विधानसभा में 10-10 संगवारी मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इस तरह जिले में कुल 30 संगवारी मतदान केंद्रों में महिला मतदान कर्मियों द्वारा मतदान कराया जाएगा। संगवारी मतदान केंद्रों में 120 मतदानकर्मी की ड्यूटी लगाई गई है, इसके साथ ही यहां महिला सुरक्षाकर्मी भी तैनात रहेंगी। इसी तरह सक्षम मतदान केंद्रों एवं युवा मतदान केंद्रों में मतदान कराने निकले दिव्यांग एवं युवा मतदान कर्मी भी इस नई जिम्मेदारी और अनुभव के लिए उत्साहित हैं।

सक्षम मतदान केन्द्र- दिव्यांग मतदान कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्रों में विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा हेतु मतदान केन्द्र क्रमांक 171 सोहगा 2, विधानसभा क्षेत्र अम्बिकापुर हेतु मतदान केन्द्र क्रमांक 153 रामपुर एवं विधानसभा क्षेत्र सीतापुर हेतु मतदान केन्द्र क्रमांक 29 गहिला 2 सक्षम मतदान केन्द्र हैं।

युवा मतदान केन्द्र- युवा मतदान कर्मियों द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्रों में विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा हेतु मतदान केन्द्र क्रमांक 153 सायरराई, विधानसभा क्षेत्र अम्बिकापुर हेतु मतदान केन्द्र क्रमांक 57 मायापुर 3 एवं विधानसभा क्षेत्र सीतापुर हेतु 226 बेलजोरा युवा मतदान केन्द्र हैं।

आदर्श मतदान केन्द्र- संगवारी, युवा एवं सक्षम मतदान केंद्रों में से मतदान केंद्रों का चयन कर आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा हेतु मतदान केन्द्र क्रमांक 153 सायरराई, मतदान केन्द्र क्रमांक 154 रघुनाथपुर, मतदान केन्द्र क्रमांक 169 करजी ख, मतदान केन्द्र क्रमांक 171 सोहगा 2, मतदान केन्द्र क्रमांक 231 कुंवरपुर 2, विधानसभा क्षेत्र अम्बिकापुर हेतु मतदान केन्द्र क्रमांक 49 प्रतापपुर नाका, मतदान केन्द्र क्रमांक 66 चांदनी चौक, मतदान केन्द्र क्रमांक 81 केदारपुर सहेली गली, मतदान केन्द्र क्रमांक 93 नवापारा, मतदान केन्द्र क्रमांक 125 बाबूपारा नया बस स्टैण्ड, विधानसभा क्षेत्र सीतापुर हेतु मतदान केन्द्र क्रमांक 61 बिलासपुर 1, मतदान केन्द्र क्रमांक 62 बिलासपुर 2, मतदान केन्द्र क्रमांक 133 नर्मदापुर 1, मतदान केन्द्र क्रमांक 134 नर्मदापुर 2, मतदान केन्द्र क्रमांक 193 सीतापुर 01 आदर्श मतदान केन्द्र हैं।

### विशेष मतदान केंद्रों की जानकारी

**संगवारी मतदान केन्द्र- विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा हेतु मतदान केन्द्र क्रमांक 143- बटवाही ख, मतदान केन्द्र क्रमांक 154 रघुनाथपुर, मतदान केन्द्र क्रमांक 155 दर्रीडीह, मतदान केन्द्र क्रमांक 161 पंचपेड़ी, मतदान केन्द्र क्रमांक 166 कतकालो 1, मतदान केन्द्र क्रमांक 167 कतकालो 2, मतदान केन्द्र क्रमांक 169 करजी ख, मतदान केन्द्र क्रमांक 17 सोहगा 1, मतदान केन्द्र क्रमांक 188 दरिमा 1, मतदान केन्द्र क्रमांक 231 कुंवरपुर 2, विधानसभा क्षेत्र अम्बिकापुर हेतु मतदान केन्द्र क्रमांक 31 डिगमा 1, मतदान केन्द्र क्रमांक 49 प्रतापपुर नाका, मतदान केन्द्र क्रमांक 74 देवीगंज रोड स्कूल रोड, मतदान केन्द्र क्रमांक 75 विजय मार्ग चर्च रोड, मतदान केन्द्र क्रमांक 92 फुन्दुरडिहारी पटेलपारा, मतदान केन्द्र क्रमांक 93 नवापारा, मतदान केन्द्र क्रमांक 94 टीसीपी एरिया, मतदान केन्द्र क्रमांक 125 बाबूपारा नया बस स्टैण्ड, मतदान केन्द्र क्रमांक 126 दर्रीपारा केन्द्रीय जेल, मतदान केन्द्र क्रमांक 127 दर्रीपारा महिला हास्पिटल, विधानसभा क्षेत्र सीतापुर हेतु मतदान केन्द्र क्रमांक `2 बरगंवा 1, मतदान केन्द्र क्रमांक`3 बरगंवा 2, मतदान केन्द्र क्रमांक`6 बरगई, मतदान केन्द्र क्रमांक 3 बेलकोटा, मतदान केन्द्र क्रमांक 41 कुनकुरीकला 1, मतदान केन्द्र क्रमांक 44 बतौली 2, मतदान केन्द्र क्रमांक 45 खड़धोवा, मतदान केन्द्र क्रमांक 58 बोदा 1, मतदान केन्द्र क्रमांक 61 बिलासपुर`1, मतदान केन्द्र क्रमांक 62 बिलासपुर 2 संगवारी मतदान केन्द्र हैं।**

### कलेक्टर- एसपी ने शांतिपूर्ण निर्वाचन कराने दी शुभकामनाएं, कहा - ऑल द बेस्ट

**अम्बिकापुर,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। 17 नवंबर 2023 को जिले की तीनों विधानसभा के 651353 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग 17 नवंबर 2023 शुक्रवार को जिले की तीनों विधानसभा के 6 लाख 51 हजार 353 मतदाता लोकतंत्र को सशक्त बनाने अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान दिवस से एक दिन पूर्व गुरुवार 16 नवंबर को सरगुजा जिले के तीनों विधानसभा हेतु मतदान दलों को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज अम्बिकापुर में मतदान सामग्री का वितरण किया गया। मतदान दल सामग्री प्राप्ति उपरांत अपने निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार तथा पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा ने मतदान कर्मियों को रवाना करने के दौरान उनसे बसों में मिलकर शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन का समय हर अधिकारी-कर्मचारी के लिए सबसे महत्वपूर्ण समय और यह गर्व का भी समय है कि लोकतंत्र के इस महापर्व का हिस्सा बनकर निर्वाचन कराने की जिम्मेदारी मिलती है। अपने कार्यों का निष्ठापूर्ण ढंग से सम्पादन कर निर्वाचन में अपनी सहभागिता निभाएं। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने के कर्तव्य के साथ ही बदलते मौसम के साथ अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। जो मतदान कर्मी पहली बार वोटिंग कराने जा रहे हैं, उन्हें संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कराना बेहद महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, यह ऐसा अनुभव है, जो ताउम्र याद रहता है।

एसपी श्री शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि आप सभी के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं मतदान केंद्र में की गई हैं, यदि किसी भी तरह की आवश्यकता या समस्या होती है, तो तुरंत सेक्टर अधिकारियों को सूचना दें। प्रशासन द्वारा तत्काल सहायता की जायेगी। इस मौके पर कलेक्टर-एसपी ने ताली बजाकर मतदान कर्मियों का उत्साहवर्धन किया।

### 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी मतदाता कर सकेंगे मतदान

**अम्बिकापुर** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।

उन्होंने कहा कि यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए हैं। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, वे अपनी पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड का उपयोग कर सकते हैं। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे।

प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत हैं, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

### अवैध शराब विक्रय करने वालों पर की जा रही है कड़ी कार्रवाई

*बलरामपुर 16 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान शराब की अवैध बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का के निर्देश पर जिला आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब विक्रय करने वालों पर छापामार कार्यवाही की जा रही है। सूचना पर ग्राम सारंगपुर में अवैध रूप से लावारिस हालात में रखे गये 100 बल्क लीटर अवैध महुआ शराब एवं 60 किलोग्राम महुआ लाहन तथा ग्राम राजपुर में 80 बल्क लीटर अवैध महुआ शराब एवं 150 किलोग्राम महुआ लाहन कुल 180 बल्क लीटर महुआ शराब तथा 150 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त कर आबकारी अधिनियम के तहत् अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण कायम किया गया। जिला आबकारी अधिकारी सुनील कुमार सूर्यवंशी ने बताया है की विधानसभा निर्वाचन के दौरान अवैध शराब के निर्माण, विक्रय, परिवहन तथा सार्वजनिक जगहों पर मदिरापान और राष्ट्रीय एवं राजकीय राजमार्गों के किनारे संचालित होटल, ढ़ाबा में शराब रखने, पीने एवं पीलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है।*

## फसल को मवेशी चराने के विवाद पर रिश्तेदार की हत्या

**मां-बेटे ने मिलकर दिया घटना को अंजाम**

**रायगढ़** 16 नवंबर (देशबन्धु)। फसल को मवेशी चराने के विवाद पर मां-बेटे ने मिलकर अपने रिश्तेदार की टांगी से हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना कापू थाना क्षेत्र की है।

मिली जानकारी के मुताबिक 13 नवंबर की सुबह ग्राम चापकछार जलडेगा निवासी सुखु यादव पिता रघुनाथ यादव उम्र 50 वर्ष अपने मवेशी (बकरा-बकरी) को चराने विजोरानाला जंगल की ओर गया था। जहां सुखु यादव का भतीजा गांव का अंशुलाल उर्फ हंसू यादव भी अपने





गाय, बैल चरा रहा था, दोपहर करीब 2 बजे सुखु यादव का मवेशी अंशुलाल के खेत के फसल को चरने लगा जिसे लेकर सुख यादव और अंशु लाल यादव के बीच विवाद होने लगा। दोनों के बीच पारिवारिक जमीन बंटवारे का विवाद पूर्व से चला आ रहा है, उसी के बीच फसल को मवेशी के चरने के विवाद ने पूर्व झगड़ा विवाद को और बढ़ा दिया। युवक अंशुलाल ने पास के खेत में धान कटाई कर रही उसकी मां सुखंती बाई को बुला कर लाया और फिर दोनों मिलकर सुख यादव से झगड़ा मारपीट करते हुए हत्या की नियत से अंशु लाल यादव टांगी से सुखु यादव के सिर, कमर और पैरों में चोट पहुंचाकर उसकी हत्या कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कापू निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घटनास्थल से खून आलूदा, सादी मिट्टी तथा मृतक के खून लगे जूते व अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्यों को जप्त कर घटना के संबंध में आरोपियों के विरुद्ध हत्या का अपराध दर्ज कर तत्काल दोनों आरोपी अंशुलाल उर्फ हंसू यादव पिता स्वर्गीय बीकू यादव उम्र 24 साल, श्रीमती सुखंती बाई यादव पति बीकू यादव उम्र 45 साल दोनों निवासी ग्राम चापकछार जलडेगा थाना कापू को हिरासत में लेकर थाना लाये जिन्हें आज विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी व आरोपियों के विरूद्ध अहम साक्ष्य संकलन में निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम, प्रधान आरक्षक साधुराम भारद्वाज, पारसमणी बेहरा एवं हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

## रायगढ़ में दूसरे चरण के मतदान के लिये प्रशासन व पुलिस अलर्ट

- **पुलिस ने की छापेमारी और तेज, 24 घंटों के भीतर पकड़ा गया 850 लीटर अवैध शराब**
- **एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देश प्रलोभन सामाग्रियों और अवैध शराब पर रखें नजर**



**रायगढ़** 16 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के द्वितीय चरण के लिए रायगढ़ जिले सहित 70 विधानसभा में 17 नवंबर को मतदान होना है। चुनाव को लेकर 15 नवंबर के शाम से सभी प्रकार के मदिरा दुकानें बंद रहेंगे। ऐसे में शुष्क दिवस को देखते हुए शराब विक्रय के अवैध करोबार में लगे व्यक्तियों के शराब संग्रहण करने एवं चुनाव दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर जिले में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही किया गया जिसमें रिकॉर्ड 850 लीटर अवैध शराब की जब्ती विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत की गई है।

अवैध शराब पर कार्रवाई के मामलों में खरसिया पुलिस ने 170 लीटर, थाना जूटमिल द्वारा 123 लीटर, चक्रधरनगर थाने द्वारा 116 लीटर, तमनार पुलिस 104 लीटर, कोतवाली ने 73 लीटर, छाल ने 70 लीटर, कोतरारोड़ ने 57 लीटर, लैलूंगा ने 50 लीटर, पुसौर ने 25 लीटर कुल 23 प्रकरणों में 850 लीटर देशी, अंग्रेजी और महुआ शराब कीमत करीब 1,54,360 रूपये का जप्त किया गया है। 15 मामलों में पुलिस ने आरोपियों को अवैध शराब के साथ पकड़ा जिन पर आबकारी एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई किया गया है। साथ ही महुआ शराब बनाने के अवैध शराब भट्टी एवं अन्य स्थानों पर पुलिस को छापेमारी में लावरिश मिली शराब की जप्ती कार्रवाई धारा 102 ब्तच्ब् के तहत की गई है। अवैध शराब के साथ ही पुलिस टीमें चुनावी प्रलोभन सामाग्रियों पर भी निगाह रखे हुये है। इस दौरान थाना खरसिया, कोतवाली क्षेत्र में संदिग्ध रकम और चक्रधरनगर थानाक्षेत्र में पिकअप वाहन से कंबल जप्त किये गये है। विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए प्रशासन व पुलिस पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

## बैकुंठपुर विधानसभा में 2018 में 81 प्रतिशत मतदाताओं ने किया था मतदान

### 2700 मतदाताओं ने नोटा को चुना था 8 प्रत्याशियों का हुआ था जमानत जब्त

**कोरिया** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ का बैकुंठपुर विधानसभा निर्वाचन क्रमांक 03 में वर्ष 2018 में विधानसभा चुनाव में 81.22 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया था। विदित हो कि वर्ष 2018 में बैकुंठपुर विधानसभा में पुरुष मतदाताओं की संख्या 80 हजार 559, महिला मतदाताओं की संख्या 79 हजार दो, थर्ड जेंडर




तीन, सर्विसेस 92 इस तरह 1 लाख 59 हजार 656 मतदाता थे। जबकि 20 नवम्बर 2018 को हुए विधानसभा चुनाव में 65 हजार 349 पुरुष मतदाता, 63 हजार 347 महिला मतदाता और पोस्टल बैलेट से 975 मतदाताओं ने मतदान किया था, किंतु 848 मतदाताओं का मतदान सही पाया गया था। ईवीएम से 1 लाख 28 हजार 696 मतदाताओं ने मतदान किया था, जिसमें से 1 लाख 26 हजार 71 मतदाताओं का मत सही पाया गया था।

इसी तरह 2 हजार 625 मतदाताओं ने ईवीएम और पोस्टल बैलेट में 127 मतदाताओं ने नोटा का चयन किया था। बैकुंठपुर विधानसभा चुनाव वर्ष 2018 में कुल 12 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था, जिसमें से एक का फार्म निरस्त हुआ था और एक ने नाम वापस लिया था। इस तरह 10 उम्मीदवार चुनाव में थे, जिसमें 8 प्रत्याशियों का जमानत जब्त हुआ था। 17 नवम्बर 2023 को होने वाले विधानसभा निर्वाचन बैकुंठपुर में पुरुष मतदाता 84 हजार 47, महिला मतदाता 84 हजार 29 और थर्ड जेंडर की मतदाता 5 मतदान करेंगे। इसी तरह सोनहत में 18 हजार 159 पुरुष मतदाता और 18 हजार 215 महिला व एक थर्ड जेंडर मतदाता मतदान करेंगे। जानकारी के मुताबिक 80 वर्ष या उससे अधिक उम्र के मतदाता, दिव्यांग मतदाता और स्थानांतरित शासकीय कर्मचारियों ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया है, जिसकी संख्या करीब एक हजार है।

### चुनाव प्रचार थमा, सभा रैलियों पर लगा विराम

**रायगढ़** 16 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का चुनाव प्रचार बुधवार शाम पांच बजे थम गया और रैलियों व सभा पर प्रतिबंध लगने से पहले रायगढ़ में दलीय व निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपनी पूरी शक्ति झोंककर रैली निकालकर माहौल बनाने का प्रयास किया। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कल शहर में दलीय व निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपनी पूरी शक्ति झोंक दी और कांग्रेस भाजपा सहित निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी शहर में रैली निकालकर जनता को लुभाने का तथा अपने-अपने पक्ष में माहौल बनाने का हर संभव प्रयास किया।

## सार-संक्षेप

### चुनाव में खपाने लाया जा रहा पिकअप वाहन में लोड सैकड़ो कंबल जब्त

**रायगढ़** 16 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में चुनाव के मद्देनजर वाहनों पर कड़ी निगाह रखी जा रही है। मतदाताओं को प्रलोभन देने के लिए प्रत्याशी साड़ियां और कम्बल भी बांटते हैं, लिहाजा वाहनों को बारीकी से जांच किया जा रहा है। सीमावर्ती ओड़ीसा क्षेत्र ओर से आ रहे वाहनों पर पुलिस विशेष कर निगाह रखे हुए है। इसी क्रम में कल शाम मेडिकल कॉलेज रोड पर चक्रधरनगर पुलिस और साइबर सेल की टीम द्वारा पेट्रोलिंग दौरान ओड़ीसा पासिंग पिकअप वाहन क्रमांक ओडी 23 पी-9990 में संदिग्ध सामग्री लोड होने की आशंका पर चेक किया गया।

पिकअप वाहन का चालक सुरेश जयसवाल पिता स्वर्गीय सत्यनारायण जायसवाल उम्र 55 साल निवासी गोमाडेरा थाना बेलपहाड़ जिला झारसुगुड़ा से वाहन में रखी सामग्रियों के संबंध में पूछताछ कर वाहन को चेक किया गया। वाहन में लोड 11 बड़ी बोरियों में नये सिंगल बेड कंबल 172 नग कीमत करीब 1,50,000 का रखा हुआ मिला जिस संबंध में सुरेश जयसवाल से कंबलों के क्रय-विक्रय का रसीद पेश करने कहा गया। सुरेश जयसवाल कोई भी रसीद या दस्तावेज कंबलों के संबंध में पेश नहीं कर पाया जिससे कंबलों का अवैधानिक उपयोग या अपराध से संबंधित होने की शंका पर चक्रधरनगर पुलिस द्वारा धारा 102 सीआरपीसी के तहत कंबल की जप्ती की गई है। कार्रवाई में टीआई प्रशांत राव अहेर के हमराह प्रधान आरक्षक श्याम देव साहू तथा साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल और आरक्षक प्रशांत पंडा शामिल थे।

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही कलेक्टर ने किया निलंबित

**सारंगढ़** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने निर्वाचन कार्य में लापरवाही करने वाले कामता प्रसाद अम्बेडकर को निलंबित किया है। कर्मचारी कामता प्रसाद अम्बेडकर सचिव ग्राम पंचायत कौवाताल द्वारा निर्वाचन संबंधी सौंपे गए दायित्व का निर्वहन नहीं किया गया तथा मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई, जिसके फलस्वरूप, निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने के कारण कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने उनको तत्काल निलंबित किया। निलंबन अवधि में कामता प्रसाद अम्बेडकर को जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।

### वोटर टर्नआउट एप से मिलेगी 17 नवंबर को मतदान प्रतिशत की जानकारी

**सक्ती** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के मोबाइल एप्लीकेशन 'वोटर टर्नआउट एप' के माध्यम से छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 17 नवंबर को मतदान प्रतिशत की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। वोटर टर्नआउट एप के माध्यम से अनुमानित वोटर टर्नआउट को रियल टाइम में देखना बहुत आसान हो गया है। वोटर टर्नआउट एप में मतदान के दिन प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में वोटर टर्नआउट की जानकारी प्रदर्शित की जाती है। वोटर टर्नआउट एप नागरिकों को संचयी वोटर टर्नआउट के साथ ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग अनुमानित संचयी मतदाता प्रतिशत की जानकारी प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करता है। निर्वाचन में नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने और मतदान के दिन वोटर टर्नआउट की त्वरित जानकारी उपलब्ध कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस एप्लीकेशन को लॉन्च किया गया है। यह एप गूगल प्ले स्टोर और ऐप्पल स्टोर दोनों प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है। वोटर टर्नआउट एप को प्रत्येक राज्य के लिए अनुमानित वोटर टर्नआउट दिखाने के लिए डिज़ाइन किया गया है और इसका प्रयोग जिला और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर तक किया जा सकता है। मतदान के दिन इस पर राज्यवार, जिलेवार और विधानसभा क्षेत्रवार वोटर टर्नआउट का अपडेट देखा जा सकता है।

### जिले के 05 लाख 57 हजार से अधिक मतदाता करेंगे मतदान

बलरामपुर 16 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए कुल 05 लाख 57 हजार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे, जिनमें 02 लाख 79 हजार 830 पुरूष मतदाता एवं 02 लाख 77 हजार 532 महिला मतदाता तथा 12 अन्य मतदाता हैं। विधानसभा निर्वाचन के सफल संचालन हेतु कुल 683 मतदान केन्द्र बनाया गया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 06-प्रतापपुर के 01 लाख 20 हजार 629 मतदाताओं के लिए 144 मतदान केन्द्र बनाया गया हैं, जिनमें 61 हजार 06 पुरूष मतदाता एवं 59 हजार 631 महिला मतदाता तथा 02 अन्य मतदाता हैं। इसी प्रकार 07-रामानुजगंज के 02 लाख 18 हजार 470 मतदाताओं के लिए 274 मतदान केन्द्र बनाया गया है, जिसमें 01 लाख 10 हजार 218 पुरूष एवं 01 लाख 08 हजार 245 महिला मतदाता तथा 07 अन्य मतदाता हैं तथा 08 सामरी के 02 लाख 18 हजार 265 मतदाताओं के लिए 265 मतदान केन्द्र बनाया गया है, जिनमें 01 लाख 08 हजार 606 पुरूष एवं 01 लाख 09 हजार 665 महिला तथा 03 अन्य मतदाता हैं।

### कलेक्टर ने शंकरघाट स्थित छठ घाट का किया निरीक्षण

**अम्बिकापुर** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा हेतु कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ जिला मुख्यालय अम्बिकापुर स्थित शंकरघाट स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री कुंदन ने सम्बन्धित अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, बिजली आपूर्ति सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए।उन्होंने घाट में साफ-सफाई, स्वच्छता की व्यवस्था का बारीकी से मुआयना कर बेहतर व्यवस्था करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इस हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कर लें।

# तीन विधानसभा क्षेत्र के 48 प्रत्याशियों की आज होगी अग्नि परीक्षा

## 811 मतदान केद्रो में कुल 7,92,450 मतदाता, प्रत्याशियों के भाग्य का करेंगे फैसला

**जांजगीर,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के लिए पखवाड़े भर से मतदाताओं के घर पहुंच कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करने वाले 48 प्रत्याशियों की आज अग्नि परीक्षा होगी। जिले के तीन विधानसभा अकलतरा, जांजगीर-चांपा व पामगढ़ के लिए होने जा रहे मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग ने भी मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। ऐसे में आज जिले के इन तीनों विधानसभा के 811 मतदान केद्रो में कुल 7,92,450 मतदाता, प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला इव्हीएम में बटन दबाकर करेंगे।



जिले में प्रारंभिक प्रकाशन के दौरान कुल 764534 (पुरूष - 390974, महिला - 373548, तृतीय लिंग - 12) मतदाता पंजीकृत थे। अंतिम प्रकाशन में कुल 792450 (पुरूष- 402382, महिला- 390047, तृतीय लिंग 21) मतदाता पंजीकृत हैं। सेवा मतदाता की अंतिम संख्या अंतिम प्रकाशन में 987 है। आयु वर्ग समूह के अनुसार जिले में 18 से 19 वर्ष के 35711, 20 से 29 वर्ष के 193582, 30 से 39 वर्ष के 242514, 40 से 49 वर्ष 131047, 50 से 59 वर्ष के 99706, 60 से 69 वर्ष के 56398, 70 से 79 वर्ष के 26051 तथा 80 से अधिक आयु वर्ग के कुल 7381 मतदाता शामिल हैं। प्रारंभिक प्रकाशन के दौरान 4393 दिव्यांग मतदाता पंजीकृत थे जो अंतिम प्रकाशन में बढ़कर 4971 हो गये हैं। पुनरीक्षण अवधि के दौरान कुल 32692 फार्म प्राप्त हुए जिसमें 30536 फार्मों को निराकृत किया गया।

### अकलतरा में 16 प्रत्याशी

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 33 अकलतरा में आनंद प्रकाश मिरी आम आदमी पार्टी, श्रीमती ऋचा जोगी जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे), राघवेन्द्र कुमार सिंह इंडियन नेशनल कांग्रेस,विनोद शर्मा बहुजन समाज पार्टी,सौरभ सिंह भारतीय जनता पार्टी,जीवन लाल यादव समाजवादी पार्टी, दशरथ लाल पटेल अखण्ड लोकतांत्रिक पार्टी,भोला शंकर गोड़ हमर राज पार्टी,रोहित कुमार पटेल भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, सुनील कुमार किरण जनता कांग्रेस, भागवत प्रसाद केंवट निर्दलीय, महेत्तर गोड़ निर्दलीय, राजेश सिंह ध्रुर्वे निर्दलीय, वर्षा नेताम, शैल कुमार कुर्रे निर्दलीय, त्रिपतीनाथ कैवर्त्य निर्दलीय शामिल है।

### जांजगीर-चांपा में 21 प्रत्याशी

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 34 जांजगीर-चांपा में नारायण चंदेल भारतीय जनता पार्टी, परमेश्वर प्रसाद साण्डे आम आदमी पार्टी, ब्यास कश्यप इंडियन नेशनल कांग्रेस, रविन्द्र द्विवेदी (गुड्डू महराज) जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे), राधेश्याम सूर्यवंशी बहुजन समाज पार्टी, श्रीमती ज्योति सिंह नेशनल यूथ पार्टी, नीलम सोनार प्रबुद्ध रिपब्लिकन पार्टी, बसंत कुमार साहू कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया, रामकुमार साहू बलीराजा पार्टी, श्रीमती सावित्री यादव पीपुल्स पार्टी आफ इंडिया (डेमोक्रेटिक), तोपकुमार बंजारे निर्दलीय, बलराम सूर्यवंशी निर्दलीय,बिसाहूलाल सूर्यवंशी निर्दलीय, बीना साहू निर्दलीय, ब्यास कश्यप निर्दलीय, भोलाराम मनहर निर्दलीय, रामेश्वर सूर्यवंशी निर्दलीय, विकास तिवारी निर्दलीय, व्यास नारायण कश्यप निर्दलीय, सुरेन्द्र यादव निर्दलीय, हेमंत टंडन निर्दलीय शामिल है।

### पामगढ़ (अ.जा.) में 11 प्रत्याशी

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 38 पामगढ़ (अ.जा.) में श्रीमती इन्दु बंजारे बहुजन समाजवादी पार्टी, गोरेलाल बर्मन जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे), श्याम लाल बंजारे आम आदमी पार्टी, श्रीमती शेषराज हरवंश इंडियन नेशनल कॉंग्रेस, संतोष कुमार लहरे भारतीय जनता पार्टी, आशा ब्रम्हे पिपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया, मयाराम नट असंख्य समाज पार्टी, मुकेश कुमार लहरे समाजवादी पार्टी, सतोष कुमार खुंटे अम्बेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया, दिनेश बंजारे निर्दलीय, मयाराम बंजारे निर्दलीय शामिल है।

# 32 संगवारी मतदान केन्द्रों में मतदान कराने की जिम्मेदारी महिलाओं के कंधे पर

### कहा-दायित्व का निर्वहन करेंगी मनोयोग से

**जांजगीर,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन कार्य में इस बार महिला सशक्तीकरण की झलक दिखाई देगी। जिले में विधानसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा, अकलतरा व पामगढ़ में 10-10 एवं जैजैपुर (आंशिक) व सक्ती (आंशिक) में 01-01 संगवारी मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। इन 32 संगवारी मतदान केन्द्रों में मतदान कराने की जिम्मेदारी महिला अधिकारी निभाएंगी।



16 नवंबर को मतदान सामग्री लेने शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज जांजगीर के कैंपस में पहुंची महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान नजर आई। संगवारी बूथों में पीठासीन अधिकारी से लेकर मतदान दल में शामिल प्रत्येक सदस्य महिला ही होंगी। इन केंद्रों के लिए महिला अधिकारी व कर्मचारियों की विशेष व्यवस्था की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने संगवारी मतदान केंद्रों के महिला मतदान कर्मियों को सफलतापूर्वक अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए शुभकामना दी। सभी महिला मतदान कर्मी अपने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को लेकर बहुत ही प्रसन्नचित्त दिखे। महिलाओं ने कहा कि निश्चित रूप से संगवारी मतदान दल में जिम्मेदारी मिलना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। वे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को लेकर बहुत ही प्रफुल्लित हैं।

### इन संगवारी बूथों में महिलाएं करायेंगी मतदान

जिले में 33 अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में 40 - चारपारा शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल भवन, 49 - बलौदा नगर पंचायत शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कक्ष क्रमांक 03, 51- बलौदा नगर पंचायत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बाजार पारा बलौदा, 112- पोंच शा.प्रा. स्कूल भवन पोंच, 123 जर्वे ब शा प्रा स्कूल भवन जर्वे ब कक्ष क्रमांक 01, 155- अकलतरा नपा पशा कन्या उमावि स्कूल भवन अकलतरा क्रमांक 03, 156 - अकलतरा न पा प शा कन्या उमावि स्कूल भवन कक्ष क्रमांक 04, 125 हरदी, शा उ मा वि स्कूल भवन कक्ष क्रमांक 01, 140- कटनई शा नवीन प्रा स्कूल भवन कटनई, 217 तरौद शा प्रा स्कूल भवन तरौद कक्ष क्र 01, 34 जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र में 58 चांपा न पा प शा प्रा शा बरपाली चांपा कक्ष क्र 02, 65-बिरगहनी च शा प्रा स्कूल भवन बिरगहनी कक्ष क्र 01, 83- जांजगीर-नैला न पा प गट्टानी शा कन्या उमावि जांजगीर कक्ष क्र 02, 103 जांजगीर-नैला न पा प शा जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यालय कक्ष क्र 01, 140-जर्वे च शापूमा स्कूल भवन जर्वे, 135 सुकली 1 शा प्रा स्कूल भवन सुकली कक्ष क्र 01, 147 पीथमपुर शा प्रा स्कूल भवन पीथमपुर कक्ष क्र 2, 207- नवागढ़ न प शाउमावि भवन नवागढ़ उत्तरी भाग कक्ष क्र 02, 209-रांछाभांठा शा नवीन प्रा स्कूल भवन रांछा भांठा नवागढ़ कक्ष क्र 2, 38 पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 31 चंडीपारा शापूमा स्कूल भवन चंडीपारा कक्ष क्र 1, 53-पामगढ़ शा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय पामगढ़ कक्ष क्र 01, 130- राहौद नप शा प्रा शा भवन पकरिया पारा राहौद, 131 राहौद नप शापूमा राहौद, 114 कुकदा शा प्रा स्कूल भवन कुकदा, 117 बोरदा शाप्रा स्कूल भवन बोरदा, 160 खरौद नप शा पू मा शा सुकुल पारा खरौद कक्ष क्र 01, 161 खरौद नप शा पू मा शा सुकुल पारा खरौद कक्ष क्र 02, 178 शिवरीनारायण नप कार्यालय स्वर्गीय श्रीमती चन्द्रकिरण शर्मा शा कन्या पूमाशा शिवरीनारायण, 180 शिवरीनारायण नप कार्यालय शा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हिन्दी माध्यम शिवरीनारायण, 35 सक्ती आंशिक विधानसभा क्षेत्र में 32 अफरीद देवी दीवान शा उमावि अफरीद कक्ष क्र 01, 37 जैजैपुर आंशिक विधानसभा क्षेत्र में 12 रोहदा शाप्रा स्कूल भवन रोहदा अतिरिक्त कक्ष में महिलाएं मतदान करायेंगी।

# तीनों विधानसभा क्षेत्र में एक-एक बूथ युवा प्रबंधित

**जांजगीर,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले में जांजगीर-चांपा, पामगढ़ व अकलतरा विधानसभा में एक-एक बूथ युवा मतदान दल द्वारा प्रबंधित होंगे। इसके मतदान दल में शामिल कर्मचारियों में शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज जांजगीर में 16 नवम्बर गुरूवार को मतदान सामग्री उठाव के दौरान भारी उत्साह दिखा।

नई जिम्मेदारी के निर्वहन के पूरी तरह चुस्त-दुरूस्त व तैयार युवा मतदान कर्मियों ने कहा कि पहली बार निर्वाचन आयोग द्वारा युवाओं को यह जिम्मेदारी दी गई है जो मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अच्छी पहल है। युवा प्रबंधित मतदान केन्द्रों के मतदान दल में कार्य करने के इस अवसर को युवा मतदान कर्मियों ने अपने लिए अत्यंत गौरवपूर्ण एवं महत्वपूर्ण बताया है। इन युवाओं ने कहा कि हम सभी युवा अधिकारी कर्मचारियों को युवा मतदान केंद्र के संचालन की जिम्मेदारी मिलना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। हम सभी युवा पूरे जोश एवं उत्साह तथा निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर निर्वाचन के इस राष्ट्रीय कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। जिले में युवा प्रबंधित मतदान केन्द्र के अंतर्गत 33 अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में 160 - अकलतरा न पा प शा बालक पूर्व मा स्कूल भवन अकलतरा मध्य कमरा, 34 जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र में 99 जांजगीर-नैला न पा प शा प्रायोगिक डाईट प्रा शा जांजगीर कक्ष क्र 01, 38 पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 49 कोसला शा पू मा स्कूल भवन कोसला कक्ष क्र 02 को बनाया गया है।



# कलेक्टर ने मतदान दलों को निर्वाचन कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराने दी शुभकामनाएं

### केन्द्रों के लिए मतदान दल हुए रवाना, मतदान सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक

**जांजगीर,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने मतदान दलों को निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी मतदान दलों को मतदान के सुचारू रूप से संचालन के लिए प्रशिक्षण दिया गया है और सामग्री लेकर वे रवाना हो चुके हैं। मतदान शुक्रवार 17 नवम्बर को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न होगा।

शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज जांजगीर के प्रांगण से मतदान दलों को रवाना किया गया है। जिले में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 33 अकलतरा 235 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 34 जांजगीर-चांपा अंतर्गत 220 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 35 सक्ती आंशिक अंतर्गत 82 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 37 जैजैपुर आंशिक 60 मतदान केन्द्र एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 38 पामगढ़ अंतर्गत 214 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं।




इन सभी 811 मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दलों को रवाना किया गया है।

जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्रों में शुक्रवार 17 नवम्बर को मतदान किया जाएगा। जिसे मतदान दल के सदस्य संपन्न कराएंगे।

# टेंट हाउस में आग, गद्दा, कुर्सी, सोफा सहित 10 लाख का सामान जला

**जांजगीर,** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर के वार्ड नंबर 8 रामसागर पारा में स्थित कौशिक किराया भंडार के गोदाम में 11 नवंबर की रात आगजनी की घटना में गोदाम में रखे गद्दा, पर्दा, डिनर सेट, प्लास्टिक की कुर्सियां, सोफा सेट सहित लगभग 10 लाख रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। मोहल्ले वासियों के द्वारा आगजनी की घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। फायर ब्रिगेड की मदद से करीब 2 घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक बहुत सारा सामान आग में जल गया।

टेंट हाउस के संचालक अखिलेश सरस्वती कौशिक ने बताया कि आगजनी की घटना में टेंट गोदाम में रखे 1500 डिनर सेट, 200 गद्दा, 200 पर्दा, 100 चांदनी, 100 बड़ा कॉरपेट, 50 छोटा कॉरपेट, 50 नग तारपोलिन,महाराजा सोफा सेट, प्लास्टिक की कुर्सी, खाना पकाने की भट्टी, प्लास्टिक का कूलर व अन्य सामान पूरी तरह जल गए। उन्होंने बताया कि रामसागर तालाब मोहल्ले में अपनी निजी जमीन पर टेंट के समान का भंडारण करने के लिए गोदाम बनाया है। जहां11 नवंबर की रात 9 बजे गोदाम में आग लग गई। गोदाम के अंदर से आग की लपटें उठती दिखाई दी। आग बुझाने नगरपालिका को सूचना देकर फायर ब्रिगेड बुलाया गया। लेकिन रास्ता सकरा होने के कारण फायर ब्रिगेड अंदर तक नहीं पहुंची। उसके बाद जांजगीर से छोटी गाड़ी बुलाकर रात 11 बजे तक आग बुझाई गई। तब तक सारा सामान जलकर खाक हो गया था। पटाखे से गोदाम में आग लगने की आशंका जताई जा रही है। छोटी दीवाली पर लोग पटाखे फोड़ रहे थे। चिंगारी टेंट हाउस में रखे कपड़ों में गिरने से आग लगने की आशंका है।

### निर्वाचन के लिए मतदान दल रवाना

**सक्ती** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे ने आज नंदेलीभाठा स्थित स्ट्रॉन्ग रूम से सभी मतदान दलो को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान संबंधी अपनी अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने के लिए प्रेरित करते हुवे और ऑल दी बेस्ट कहकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने मतदान दलों से कहा कि आप सभी अपनी अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन में सफल हो। जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी मतदान दलो का उत्साहवर्धन किया गया। विदित हो कि सक्ती जिले में विधानसभा निर्वाचन के लिए कल 17 नवम्बर को मतदान होना है। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी सुश्री दिव्या अग्रवाल, पंकज डाहिरे, अरूण कुमार सोम, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सेक्टर अधिकारी सहित मतदान दल के कर्मी व सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# 5 लाख 57 हजार 374 मतदाता होंगे लोकतंत्र के उत्सव में शामिल

**बलरामपुर** 16 नवम्बर (देशबन्धु)। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं, जिसके तहत् मतदान दलों की रवानगी आज समस्त मतदान केन्द्रों के लिये कर ली गयी है। मतदान आज 17 नवम्बर 2023 दिन शुक्रवार को प्रात: 8 बजे से सायं 5 बजे के दौरान किया जाएगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये जिले के दो पूर्ण विधानसभा 7-रामानुजगंज, 8-सामरी तथा आंशिक विधानसभा 6-प्रतापपुर के लिये स्थापित 683 मतदान केन्द्रों की समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गयी है। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये अंतिम रूप से मतदाता सूची तैयार कर ली गयी है। वर्तमान में जिलें में 5,57,374 मतदाता पंजीकृत हैं जिनमें से 2,79,830 पुरूष मतदाता, 2,77,532 महिला मतदाता तथा 12 अन्य मतदाता पंजीकृत हैं, जो कि इस विधानसभा निर्वाचन में मतदान कर लोकतंत्र के त्यौहार में अपनी सहभागिता देंगें। विधानसभा निर्वाचन के लिये शासकीय लाइवलीहुड कॉलेज भेलवाडीह को संग्रहण केन्द्र तथा स्ट्रांग रूम बनाया गया है।

मतदाता सूची में पंजीकृत हुए नये मतदाताओं को डाक विभाग के माध्यम से ईपिक कार्ड का वितरण कराया गया है। मतदाताओं की सुविधा के लिये बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूचना पर्ची एवं मतदाता मार्गदर्शिका वितरण का कार्य किया गया है। जिले में 25 संगवारी मतदान केन्द्र स्थापित किये गये हैं, जिन्हें महिला मतदान कर्मियों द्वारा प्रबंधित किया जायेगा। इसके साथ ही 02 मतदान केन्द्र दिव्यांग मतदान कर्मियों द्वारा एवं 02 मतदान केन्द्र युवा मतदान कर्मियों द्वारा संचालित किये जायेंगे। इन्हीं मतदान केंद्रों में से 12 मतदान केंद्रों को आदर्श मतदान केंद्र के रूप में स्थापित किया गया है, जिनके माध्यम से जिले की पहचान जैसे-तातापानी, गौरलाटा को प्रदर्शित किया जायेगा। इस आशय की सूचना समस्त अभ्यर्थियों एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को भी दी गई हैं। जिले के 342 संवेदनशील मतदान केन्द्रों से मतदान प्रक्रिया की लाईव वेबकास्टिंग की जायेगी। इसके लिये मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा अधिकृत एजेंसी के माध्यम से सीसीटीवी इंस्टालेशन का कार्य निर्धारित मतदान केन्द्रों में पूर्ण कर लिया गया है एवं जिला मुख्यालय में सतत् निगरानी के लिये कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिले के समस्त 683 मतदान केन्द्रों हेतु 2732 अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है। मतदान दलों के सुरक्षित मतदान केन्द्रों तक पहुंचने के लिये व्यवस्थित रूट तैयार किया गया है, मतदान दल मतदान समाप्ति उपरांत निर्धारित रूट एवं प्रोटोकॉल का पालन करते हुए संग्रहण केन्द्र तक आयेगी। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिये पर्याप्त संख्या में रिजर्व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गयी है। मतदान केन्द्रों में मतदान कर्मियों की ड्यूटी आयोग के साफ्टवेयर के माध्यम प्रेक्षकों की उपस्थिति में लगायी गयी है।



विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये विधानसभा वार कुल 107 सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है, सेक्टर अधिकारी मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्रों का सतत् भ्रमण कर मतदान केन्द्र की गतिविधियों पर नजर रखेंगें। मतदान केन्द्र में मतदाताओं की सुविधा के लिये आवश्यक न्यूनतम मुलभूत सुविधाएं जैसे-शौचालय, दिव्यांगों के लिये रैम्प एवं व्हील चेयर, विद्युत, पेयजल आदि की व्यवस्था पूर्ण कर ली गई है। जिले में 80 अन्य संवेदनषील मतदान केन्द्रों का चयन किया गया है जहां मतदान की गतिविधियों पर माईक्रोआब्जर्वर के द्वारा निगरानी की जावेगी।

# देश विदेश

## द. कोरिया में गैस रिसाव से विस्फोट, पांच लोग घायल

**सोल।** दक्षिण कोरिया के दक्षिणपूर्वी क्षेत्र के एक रेस्तरां में गुरुवार को गैस रिसाव से हुए विस्फोट में पांच लोग घायल हो गए। यह जानकारी योनहाप समाचार एजेंसी ने दी। सोल से लगभग 400 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में चांगवोन में एक इमारत की तीसरी मंजिल पर स्थित रेस्तरां में स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:33 मिनट पर विस्फोट हुआ। रेस्तरां का मालिक भी जलने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया। गैस विस्फोट के बाद आग लगने से बगल के एक अन्य रेस्तरां के कर्मचारियों और राहगीरों सहित चार अन्य लोग भी घायल हुए।

# अमेरिका व चीन सैन्य संचार फिर से शुरू करने पर सहमत

■ बाइडेन ने शी जिनपिंग के साथ की बैठक

**कैलिफोर्निया,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि उनके देश और चीन ने बढ़ते तनाव को कम करने के प्रयास तहत सैन्य संचार फिर से शुरू करने पर सहमति जताई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार बुधवार को यहां चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बैठक के बाद श्री बाइडेन ने कहा, हम सीधे, खुले, स्पष्ट संचार की ओर लौट आए हैं। यह पहला मौका है जब इस जोड़ी ने एक वर्ष से अधिक समय में व्यक्तिगत रूप



से मुलाकात की थी , हालांकि दोनों के बीच अभी भी तनाव के संकेत मिले है। श्री बाइडेन ने अपना विचार दोहराया कि श्री शी एक तानाशाह हैं। वहीं चीन के विदेश मंत्रालय ने बाद में इन टिप्पणियों की आलोचना की , लेकिन ऐसा प्रतीत नहीं होता कि दोनों पक्षों द्वारा इसे काफी हद तक सफल बैठक के रूप में चित्रित किया जा रहा है। श्री बाइडेन ने यह भी कहा कि दोनों नेता एक दूसरे के साथ संचार की सीधी रेखा स्थापित करने पर सहमत हुए हैं। सैन फ्रांसिस्को के पास एक ऐतिहासिक कंट्री में आयोजित शिखर सम्मेलन के बाद संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि संचार की कमी के कारण दुर्घटनाएं कैसे होती हैं और कहा कि दोनों राष्ट्रपति अब फोन उठा सकते हैं और तुरंत सीधे बात सुनी जा सकती है। पिछले साल तत्कालीन अमेरिकी हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी के ताइवान दौरे के बाद चीन ने सैन्य-से-सैन्य संचार बंद कर दिया था।

## अमेरिका से आगे निकलने की कोई योजना नहीं है : चीन

**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुधवार को सैन फ्रांसिस्को में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ एक बैठक में कहा कि चीन की अमेरिका से आगे निकलने की कोई योजना नहीं है। चाइना सेंट्रल टेलीविजन ने बैठक में श्री शी जिनपिंग के हवाले से कहा, जब चीन की अमेरिका को लेकर ऐसी कोई योजना नहीं है, तब अमेरिका को भी चीन को दबाने या नियंत्रित करने की कोई योजना बनानी चाहिए।' यह चीनी विदेश मंत्रालय ने अमेरिका में मित्रवत संगठनों के स्वागत रात्रिभोज में चीनी राष्ट्रपति के हवाले से कहा, मुझे विश्वास है कि एक बार बीतचीत शुरू होने के बाद चीन-अमेरिका संबंध अच्छे हो जाएंग। हमारे लोगों की दोस्ती की जड़ें बहुत मजबूत और प्रगाढ हो गई हैं और यह निश्चित रूप से किसी भी परिस्थिति का सामना कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि चीन अमेरिका के बढ़ते विकास और समृद्धि से खुश है और अमेरिका-चीनी संबंधों का भविष्य उनके लोगों, विशेषकर युवाओं पर निर्भर करता है और इसीलिए देशों को अपने राष्ट्रों के बीच संबंधों एवम आदान-प्रदान को बढ़ावा देना चाहिए।

# गजा से इलाज के लिए तुर्की पहुंच रहे मरीज

**अंकारा,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। गजा पट्टी से राफा सीमा पार कर मिस्र जाने वाले गाजा के 27 मरीज और उनके 13 परिचारक गुरुवार को तुर्की की राजधानी अंकारा पहुंचे। तुर्की के स्वास्थ्य मंत्री फहार्टिन कोका ने अंकारा में हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा, गाजा के 27 मरीज, इनमें से अधिकांश कैंसर रोगी हैं, जिन्हें तत्काल उपचार की आवश्यकता है, हमारे देश में हैं। मंत्री ने कहा, हमने अपने देश में रोगियों, विशेषकर कैंसर रोगियों को लाने के लिए तकनीकी समितियों से युक्त एक स्वास्थ्य समन्वय टीम की स्थापना की। शा?न्हुआ समाचार एजेंसी ने कोका के हवाले से कहा कि तुर्की ने गाजा को सहायता प्रदान की है, इसमें गाजा में लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए दवाएं, चिकित्सा आपूर्ति और उपकरण शामिल हैं। मिस्र के एल अरिश हवाई अड्डे से प्रस्थान करने वाले विमान आधी रात को अंकारा एसेनबोगा हवाई अड्डे पर उतरे। सरकारी अनादोलु एजेंसी ने बताया कि कोका कुछ मरीजों के साथ



मिस्र से अंकारा गया था। कोका ने बुधवार को मिस्र में संवाददाताओं से कहा, ये मरीज इलाज के लिए मिस्र से दूसरे देश की यात्रा करने वाले पहले गाजावासी होंगे। 2 से 13 नवंबर के बीच, गाजा से लगभग 135 घायल लोगों को राफा के माध्यम से मिस्र में चिकित्सा देखभाल के लिए ले जाया गया। मंगलवार को, लगभग 600 विदेशी नागरिकों और दोहरे नागरिकों और चार घायल लोगों को निकालने के लिए मिस्र की सीमा खोली गई।

**इनमें से अधिकांश कैंसर रोगी**

## सुडोकू 6378


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | | | | | 6 |
| | | 8 | | | | 7 | 3 | |
| 1 | | | 7 | 8 | | | 4 | |
| | | | 3 | | 6 | | 5 | |
| 3 | | | | 7 | | | | 9 |
| | 1 | | 9 | | 2 | | | |
| | 9 | | | 2 | 8 | | | 1 |
| | 8 | 5 | | | | 6 | | |
| 2 | | | | | | 5 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6378




**बायें से दायें:-**

१. नथुना
३. संग्रह करना, एकत्र करना
५. मुक्ति, तारण
६. समय सूचक
७. वांछित वस्तु के अभाव में बेचैन होना
९. सिद्ध करना, पूजा, उपासना
१०. निष्कासित करना, बाहर करना
१२. नौकर
१३. सूचित, चेतावनी (उर्दू)
१४. कदापि (उर्दू)
१६. गीत, गाना (उर्दू)
१८. शुद्ध और दमकता सोना
२०. सशस्त्र
२१. अपमिश्रित,
२३. महिमामंडित

**ऊपर से नीचे:-**

१. नाटककार
२. फूलों का बगीचा
३. व्यवहृत करना
४. अमीर, धनी
५. उत्तेजित करना, भड़काना
८. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)
१०. झरना
११. लच्छेदार बातें करने वाला, झूठा (उर्दू)
१२. स्वास्थ्य (उर्दू)
१३. आनंद, खुशी
१४. सदैव साथ रहने वाला (उर्दू)
१५. श्रीकृष्ण
१७. कमल
१८. घड़े से उत्पन्न
२०. झुका हुआ
२२. कसक

### वर्ग पहेली-6377



युसूफ कुरेशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शुक्रवार 17 नवम्बर , 2023 कार्तिक शुक्ल पक्ष 4**

### राशिफल

मेष - आज आप में ताजगी और स्फूर्ति का अभाव रहेगा। स्वभाव में क्रोध की अधिकता रहेगी। इस कारण आपका काम बिगड़ने की संभावना रहेगी। अत: क्रोध पर नियंत्रण रखें।

वृषभ - हाथ में लिए हुए काम समय पर पूरा न होने पर हताशा का अनुभव होगा। कार्य सफलता में थोड़ा विलंब होगा। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब होगा। नए काम की शुरुआत के लिए उचित समय नहीं है।

मिथुन - आज दिन की शुरुआत आरामदायक, प्रसन्नतापूर्वक और स्फूर्ति के साथ करेंगे। मेहमानों और मित्रों के साथ पार्टी पिकनिक और समूह भोजन का आयोजन करेंगे। नए कपड़े, गहने और वाहन की खरीदारी का योग है।

कर्क - आज के दिन आपको चिंता रहित और खुश रखेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ विशेष समय व्यतीत करेंगे। कार्य में सफलता और यश मिलेगा। नौकरीपेशा वालों को नौकरी में लाभ होगा।

सिंह - आज के दिन आप तन-मन से स्वस्थ रहेंगे। आपकी रचनात्मकता नया स्वरूप प्रदान कर सकेगी। प्रिय व्यक्ति के साथ की मुलाकात सुखद रहेगी। संतान की प्रगति का समाचार मिलेगा।

कन्या - आज के दिन सभी कामों में प्रतिकूलता का अनुभव होगा। स्वास्थ्य खराब होगा। मन चिंताग्रस्त रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ अनबन होने से अशांति रहेगी। सार्वजनिक रूप से मानहानि होने की संभावना रहेगी।

तुला - वर्तमान समय भाग्यवृद्धि का है। ऐसे में नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन शुभ है। योग्य जगह पर पूंजी निवेश लाभदायक रहेगा। परिवार में भाई-बंधुओं के साथ आत्मीयता और मेल- मिलाप रहेगा।

वृश्चिक - पारिवारिक कलह- द्वेष का अवसर न आएं, इसका ध्यान रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ गलतफहमियों से बचें। मन में उत्पन्न नकारात्मक विचारों को दूर करें। विद्यार्थियों को विद्या प्राप्ति में अवरोध आएगा।

धनु - आज आपके निर्धारित काम में सफलता और आर्थिक लाभ की संभावना है। सपरिवार मांगलिक कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। कहीं घूमने जाने या खासकर किसी तीर्थयात्रा पर जाने की संभावना है।

मकर - आज आप धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में ज्यादा व्यस्त रहेंगे। पूजा-पाठ या धार्मिक कामों के पीछे धन खर्च होगा।अधिक परिश्रम के बावजूद कम सफलता मिलने से हताशा पैदा होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कुंभ - आज आप नए काम की शुरुआत या उसकी योजना बना सकेंगे। नौकरी या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्र आपकी प्रगति में सहायक होंगी। आर्थिक लाभ की दृष्टि से आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा।

मीन - नौकरी या व्यवसाय में सफलता मिलने तथा उच्च अधिकारियों के अच्छे व्यवहार से आप प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। व्यापारियों के व्यापार में वृद्धि होगी और बकाया राशि प्राप्त होगी। पिता तथा बुजुर्गों से लाभ मिलेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आइसलैंड प्रायद्वीप में 'दशकों' में ज्वालामुखी अस्थिता आईएमओ की चेतावनी

**रेक्याविक,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। आइसलैंड मौसम कार्यालय (आईएमओ) ने चेतावनी जारी की है कि आइसलैंड के दक्षिण-पश्चिमी प्रायद्वीप को दशकों तक ज्वालामुखीय अस्थिरता का सामना करना पड़ सकता है। आईएमओ के अधिकारी मैथ्यू रॉबर्ट्स का कहना है कि 800 साल के अंतराल के बाद, रेक्जेन्स प्रायद्वीप पर 2021 में फिर से विस्फोट शुरू हुआ, जो एक नए विस्फोट चक्र को चिह्नित करता है। उन्होंने कहा कि भूकंप और आसन्न विस्फोट की आशंका के कारण ग्रिंडाविक शहर को खाली कराना पड़ा है। डॉ रॉबर्ट्स का कहना है कि यहाँ कर्मचारी 24 घंटे भूकंपीय गतिविधि की गहन निगरानी करते हैं । बीते शुक्रवार को टीम यह जानकर हैरान रह गई कि 15 किमी (नौ मील) की दूरी तक चट्टान को तोड़ता हुआ मैग्मा जमीन में बह रहा था। उन्होंने बताया कि इस जगह को तुरंत खाली करने का आदेश दिया गया। ग्रिंडाविक का पश्चिमी भाग पिछले शुक्रवार से एक मीटर (3.3 फीट) से अधिक नीचे धंस गया है, और प्रतिदिन लगभग 4 सेमी (1.6 इंच) की दर से ऐसा हो रहा है। कम तीव्रता वाले विस्फोट का मतलब कई हफ्तों तक दरारों की श्रृंखला से लावा निकलना हो सकता है।

# इजरायल ने गाजा में संयुक्त राष्ट्र के आह्वान को किया खारिज



**यरूशलम,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। इजरायल ने गुरुवार को इजरायल-हमास संघर्ष में विस्तारित मानवीय विराम के संयुक्त राष्ट्र (यूएन) सुरक्षा परिषद के आह्वान को खारिज कर दिया। इजरायली विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लियोर हयात ने एक बयान में कहा, जब तक 239 अपहृत लोग हमास के हाथों में हैं, तब तक विस्तारित मानवीय रोक अस्थिर है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से इजरायल पर सात अक्टूबर को अचानक हुए हमले के लिए ' स्पष्ट रूप से हमास की निंदा करने' का आह्वान किया। इस हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने बुधवार को गाजा पट्टी में तत्काल एवम् विस्तारित मानवीय ठहराव और गलियारों के लिए एक प्रस्ताव अपनाया, ताकि घिरे फिलिस्तीनी क्षेत्र में नागरिकों तक तत्काल आवश्यक सहायता पहुंचाई जा सके। गाजा में सरकारी मीडिया कार्यालय के अनुसार, गाजा में इजरायली हमलों में करीब 11,500 लोग मारे गए हैं। इनमें 4,710 बच्चे और 3,003 महिलाएं शामिल हैं जबकि 29 हजार से अधिक अन्य घायल हुए हैं।

## इजरायल ने शिफा अस्पताल के दक्षिणी हिस्से तक किया अभियान का विस्तार

**यरूशलम।** इजरायली सशस्त्र बलों ने शिफा अस्पताल में अभियान का विस्तार इसके दक्षिणी हिस्से तक कर दिया है। आई24 ब्रॉडकास्टर ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ब्रॉडकास्टर ने कहा कि बुधवार को जहां इजरायली सेना का ध्यान अस्पताल परिसर के पश्चिमी हिस्से में स्थित इमारतों पर था, वहीं अब जोर अस्पताल के दक्षिणी हिस्से पर है। इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बुधवार को कहा कि वह शिफ़ा अस्पताल में फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के खिलाफ एक %सटीक और लक्षित% अभियान चला रहा था।

# अमेरिकी रिपब्लिकन ने कांग्रेसनल हिंदू कॉकस किया लॉन्च

**वाशिंगटन,** 16 नवम्बर (एजेंसियां) । अमेरिकी रिपब्लिकन सांसदों ने कांग्रेसनल हिंदू कॉकस लॉन्च किया है, जो हिंदू अमेरिकियों के समुदाय से संबंधित मुद्दों की वकालत करने वाला दूसरा लेकिन अब तक का सबसे बड़ा कॉकस होगा। प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन नेतृत्व की चौथी रैंकिंग सदस्य एलिस स्टेफनिक ने बुधवार को शलभ शल्ली कुमार द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, आज मैं अमेरिकी कांग्रेस में कांग्रेसनल हिंदू कॉकस की आधिकारिक शुरुआत की घोषणा करते हुए बहुत उत्साहित हूं। शल्ली कुमार पार्टी और विशेष रूप से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प



के लिए धन जुटाने वाले एक प्रमुख भारतीय-अमेरिकी हैं।

यह कॉकस उनकी पहल है और कुछ समय से इस पर काम चल रहा है। यह हिंदू अमेरिकियों का प्रतिनिधित्व करने के लिए शुरू किया गया दूसरा कांग्रेसी कॉकस है, जो बड़े पैमाने पर भारतीय मूल के अमेरिकी हैं, जो तेजी से अपने मूल देश के बजाय अपने धर्म के आधार पर अपनी पहचान बनाना पसंद कर रहे हैं। लेकिन यह खुद को सिख, जैन और बौद्ध समुदायों का प्रतिनिधि भी बताता है। कॉकस, जिसकी अध्यक्षता प्रथम-अवधि के डेमोक्रेटिक कांग्रेसी श्री थानेदार कर रहे हैं, उस समय विवादों में घिर गया जब सिख अमेरिकियों, जो अपने स्वयं के एक अच्छी तरह से वित्त पोषित लॉबिंग प्रयास चलाते हैं, ने उनका प्रतिनिधित्व करने के इसके दावे को चुनौती दी। इसने सांसदों के बीच भी बहुत अधिक समर्थन उत्पन्न नहीं किया है।

# चीन में इमारत में आग लगने से 26 लोगों की मौत

**बीजिंग,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। चीन के शांक्सी प्रांत में एक कोयला खदान कंपनी की इमारत में आग लगने से गुरुवार को कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने नेशनल माइन रेजिडेंस एडमिनिस्ट्रेशन के हवाले से बताया कि ल्यूलियांग शहर के लिशी जिले में पांच मंजिलों की इमारत की दूसरी मंजिल पर घटना हुई। अधिकारियों ने बताया कि बचाव प्रयास जारी हैं।

60 से ज्यादा लोगों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल भेजा गया है। यह इमारत निजी योंगजू कोयला खदान कंपनी की है, जिसकी उत्पादन क्षमता 120 टन प्रति वर्ष है। शांक्सी प्रांत चीन का सबसे बड़ा कोयला उत्पादक है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, औद्योगिक दुर्घटनाएं, जिनके परिणामस्वरूप आग लग सकती है, चीन में अक्सर होती रहती हैं। अप्रैल में राजधानी बीजिंग में एक अस्पताल में आग लगने से 29 लोगों की मौत हो गई थी। पिछले अक्टूबर में, उत्तर-पश्चिमी यिनचुआन प्रांत में एक बारबेक्यू रेस्तरां में विस्फोट में 31 लोगों की मौत हो गई थी।

## आज का इतिहास

1525-मुगल शासक बाबर ने भारत को जीतने के मकसद से सिंध के रास्ते पांचवीं बार प्रवेश किया।
1869-इंग्लैंड के जेम्स मूरी ने 13 हजार किलोमीटर लंबी पहली साइकिल रेस जीती।
1900-प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ श्रीमती सरोजिनी नायडू की पुत्री पद्मजा नायडू का जन्म। जिन्होंने अपना सारा जीवन भारत के हितों के लिए समर्पित कर दिया था।
1932-तीसरे गोलमेज सम्मेलन की शुरुआत हुई।
1933-अमेरिका ने सोवियत संघ को मान्यता देते हुए व्यापार के लिए सहमति दी।
1966-भारत की रीता फारिया ने मिस वर्ल्ड का खिताब जीता। मिस वर्ल्ड बनने वाली वह पहली एशियाई महिला थी।
1970-रानी लक्ष्मीबाई का एक महत्त्वपूर्ण पत्र जो की उन्होंने ईस्ट इंडिया कंपनी के गवर्नर जनरल लॉर्ड डलहौज़ी को लिखा था लन्दन में ब्रिटिश लाइब्रेरी के आर्काइव्स में मिला हैं।
1993-अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने उत्तरी अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते (नाफ्टा) को मंजूरी दी।
1995-ओसाका में एशिया प्रशांत आर्थिक संघ (एपेक) का सातवां शिखर सम्मेलन शुरू।
1999-अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस को यूनेस्को ने स्वीकृति दी।
2004-रामेश्वर ठाकुर उड़ीसा के राज्यपाल बने।
2005-श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव सम्पन्न।
2006-अमेरिकी सीनेट ने भारत-अमेरिका परमाणु संधि को मंजूरी दी।
2007-जाफना प्रायद्वीप में श्रीलंकाई सेना से मुठभेड़ में 11 लिबरेशन टाइगर मारे गये।
2008-चन्द्रयान-1 की सफलता के बाद केन्द्र सरकार ने चन्द्रयान-2 की मंजूरी दी।

**कूटनीति** पश्चिमी देशों ने हथियार सौदा करने के खिलाफ चेतावनी दी

# किम की यात्रा के दौरान किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं : क्रेमलिन

**मास्को,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। रूसी राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन ने इन पश्चिमी चिंताओं के बीच कि दोनों (मास्को व प्योंगयांग अलग-थलग देश हथियार सौदे की तैयारी कर रहे हैं शुक्रवार को कहा कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की रूस की चल रही यात्रा के दौरान किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। श्री किम रूसी सुदूर पूर्व में अपने एकांतप्रिय देश से बाहर एक दुर्लभ यात्रा पर हैं, जहां उन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी।

डॉन समाचारपत्र की आज जारी रिपोर्ट के मुताबिक माना जाता है कि रुस यूक्रेन में लड़ाई जारी रखने के लिए उत्तर कोरियाई गोला-बारूद खरीदने में दिलचस्पी रखता है, जबकि प्योंगयांग अपने मिसाइल कार्यक्रम को विकसित करने के लिए रूस की मदद चाहता है। पश्चिमी देशों ने रूस और उत्तर कोरिया को हथियार सौदा करने के खिलाफ चेतावनी दी है, जो प्योंगयांग पर प्रतिबंधों की अवहेलना करेगा। मॉस्को ने कहा कि रूसी सुदूर पूर्व के अपने विस्तारित दौरे के हिस्से के रूप में श्री किम ने शुक्रवार को प्रमुख रूसी इंजीनियरिंग केंद्र, कोम्सोमोल्स्क-ऑन-अमूर में एक रूसी सैन्य विमानन कारखाने का दौरा किया। साथ ही उन्होंने रूस के सुखोई एसयू-35 और एसयू-57 लड़ाकू विमानों का उत्पादन देखा



■ किम ने इस सप्ताह की शुरुआत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से की थी मुलाकात

तथा एसयू-35 की एक प्रदर्शन उड़ान देखी। श्री किम के साथ कारखानों का दौरा करने के बाद रूसी उप प्रधान मंत्री डेनिस मंटुरोव ने कहा, हम विमान निर्माण और अन्य उद्योगों दोनों के क्षेत्र में सहयोग की संभावना देखते हैं। व्यापार और उद्योग मंत्री मंटुरोव ने कहा, तकनीकी संप्रभुता प्राप्त करने के लिए हमारे देशों के सामने आने वाले कार्यों को प्राप्त करने के लिए यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। रूस ने बिना कोई निश्चित समय सीमा बताए कहा है कि श्री किम अगले कई दिनों तक अपनी यात्रा जारी रखेंगे। इस बीच जापानी सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा 'बिना किसी पूर्व शर्त के' श्री किम से मिलने के इच्छुक हैं। श्री किशिदा ने पहले कहा था कि वह किम के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हैं, लेकिन पुतिन वार्ता को लेकर क्षेत्रीय चिंताएं बढ़ने के कारण बार-बार निमंत्रण आया है। जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजु मात्सुनो ने संवाददाताओं से कहा, हम जल्द से जल्द एक शिखर बैठक हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री के सीधे नियंत्रण में उच्च स्तरीय चर्चा करना चाहेंगे।

## सुडोकू 6378 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 9 | 1 | 7 | 3 | 5 |
| 1 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 9 | 4 | 2 |
| 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 6 | 8 | 5 | 7 |
| 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 4 | 2 | 1 | 9 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 2 | 4 | 6 | 3 |
| 6 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 4 |
| 2 | 3 | 1 | 4 | 6 | 7 | 5 | 9 | 8 |

## दुनिया को जानें

### रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में खुलेगा अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक मंच

**सेंट पीटर्सबर्ग,** रूस, 16 नवम्बर (एजेंसियां)। रूस के सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल कल्चरल फोरम (एसपीआईसीएफ) गुरुवार 16 नवंबर को रूस की तथाकथित सांस्कृतिक राजधानी में खुलेगा, जिसमें 80 देशों के प्रतिनिधि एक साथ आएंगे। एसपीआईसीएफ को सबसे



महत्वपूर्ण सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर बात करने के लिए एक मंच के रूप में डिजाइन किया गया है। फोरम में कई विषयगत इकाइयां शामिल होंगी, इसमें संस्कृति के माध्यम से इतिहास सीखना, कृत्रिम बुद्धिमत्ता संस्कृति के लिए खतरा या वरदान, समाज के निर्माण की नींव के रूप में पारंपरिक संस्कृति, थिएटर, संग्रहालय, सिनेमा, म्यूजिकल कल्चर, बिजनेस कल्चर, मीडिया कल्चर शामिल हैं। एसपीआईसीएफ पर संस्कृति के भीतर 11 से अधिक ज्ञापनों और सहयोग कार्यक्रमों पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है। एसपीआईसीएफ 16-18 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा।

# खेल जगत

## रोहित शर्मा पहले 10 ओवरों में मैच पलट देते हैं : आकाश चोपड़ा




**नई दिल्ली,** 16 नवंबर (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कप्तान रोहित शर्मा की प्रशंसा की है और वह उनके विश्व कप 2023 के पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले 10 ओवरों में मैच की शुरुआत करने के इरादे से काफी प्रभावित हुए। रोहित शर्मा ने 29 गेंदों में चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 47 रनों की धमाकेदार शुरुआत करते हुए भारतीय बल्लेबाजी की नींव रखी। इस तेज शुरुआत का पूरा फायदा उठाते हुए गिल, विराट और अय्यर ने 50 ओवरों में 397/4 का विशाल स्कोर बनाया। जियो सिनेमा के दैनिक स्पोर्ट्स शो आकाशवाणी की मेजबानी करते हुए आकाश चोपड़ा ने विश्व कप में अब तक कप्तान रोहित शर्मा के दृष्टिकोण के प्रभाव के बारे में बात की। चोपड़ा ने कहा, आपको रोहित शर्मा के दृष्टिकोण के महत्व का एहसास होता है जब मैच में करीबी मामला बनने लगता है। वह एक मकसद के साथ भारतीय पारी की शुरुआत कर रहे हैं।

# सचिन और अनुष्का की मौजूदगी में अपना 50वां अंतरराष्ट्रीय वन डे शतक जड़ना सपने की तरह था : विराट

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 16 नवंबर (देशबन्धु)। भारत के धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली ने आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप कप के सेमीफाइनल में न्शूजीलैंड के खिलाफ मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में वन डे अंतर्राष्ट्रीय क्रि केट में दुनिया में सबसे पहले शतकों के 'अर्द्धशतक' पूरा अपने आदर्श सचिन तेंडुलकर (49 शतक) के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। सोने पर सुहागा यह है कि विराट के इस शतक और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी(7/57) के गेंद से कहर से भारत ने न्यूजीलैंड पर 70 रन से जीत के साथ उससे 2019 के सेमीफाइनल की हार का हिसाब चुकता कर 12 बरस फिर कुल चौथी बार वन डे विश्व कप के फाइनल में स्थान बनाया। विराट मौजूदा वन डे विश्व कप में अपना तीसरा शतक पूरा करने के साथ क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट-वन डे, टी-20 और टेस्ट - में मिलाकर अपना 80 वां अंतर्राष्ट्रीय शतक पूरा किया। साथ ही विराट (10 मैच कुल, 711 रन) ने सचिन एक वन डे विश्व कप में 2003 के संस्करण में सचिन तेंडुलकर (कुल 11 मैच,673 रन) में सबसे ज्यादा रन बनाने के रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। विराट ने यह उपलब्धि अपने आदर्श सचिन तेंडुलकर के घरेलू मैदान पर हासिल की। सचिन भी विराट की इस ऐतिहासिक उपलब्धि को देखने के लिए मैदान मौजूद थे। सचिन ने विराट को इस मुकाम तक पहुंचने के लिए बधाई देते हुए कहा कि उनके लिए इससे ज्यादा खुशी कि बात नहीं हो सकती उनका रिकॉर्ड किसी भारतीय ने तोड़ा और ऐसा करने के लिए वन डे विश्व कप सेमीफाइनल का सा सबसे बड़ा चुना।

विराट ने अपनी इस उपलब्धि पर कहा, सचिन पाजी और अनुष्का की दर्शक दीर्घा में मौजूदगी में अपना 50वां अंतर्राष्ट्रीय वन डे शतक जडना सपने की तरह था। सच तो यह है कि मेरे लिए इस उपलब्धि को बयां करना बहुत मुश्किल है। यदि मैं इसकी तस्वीर बना कर बयां करना चाहूं तो वाकई एकदम सही तस्वीर है। मेरे लिए इससे बेहतर और क्या हो सकता है मेरे इस उपलब्धि को हासिल करने वक्त मेरी सबसे प्रिय, मेरी जीवनसंगिनी अनुष्कामैदान पर मौजूद थी। साथ ही मेरे हीरो सचिन तेंडुलकर मेरे इस उपलब्धि को मैदान पर देखने के लिए मौजूद थे। मेरे लिए इन सभी के सामने वानखेड़े स्टेडियम में अपना 50 वां अंतर्राष्ट्रीय वन डे शतक पूरा करना वाकई खास है। मैंने जब कोलकाता में सचिन तेंडुलकर के 49 अंतर्राष्ट्रीय वन डे शतक की बराबरी की थी तो उन्होंने मुझे बधाई दी थी। यह सब सपने के सच होने की तरह लगता है। मैंने अपने करियर में कभी नहीं सोच था कि मैं इस मुकाम तक पहुंच पाउंगा न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल बड़ा मैच था और मैं इसमें बड़ी पारी खेल कर टीम को जिताने के लिए फिर योगदान करना चाहता था। मैं मैदान पर उतर कर बड़ी पारी खेलना था। मैं खुश हूं कि सभी कुछ मनमाफिक रहा और हम बड़ा स्कोर बनाने में कामयाब रहे। मैं बराबर कहा है कि मेरे लिए सबसे अहम है अपनी टीम को जिताना और इसके लिए मैं कुछ भी करने को तैयार हूं। मुझे इस वन डे विश्व कप में जो रोल दिया गया है कि मैं उसे अपनी पूरी क्षमता से निभाने की कोशिश कर रहा हूं। मैं आखिर तक बल्लेबाजी करना चाहता हूं, जिससे कि बाकी बल्लेबाज मेरे साथ बल्लेबाजी कर सके। मुझे यह विश्वास है कि मैं बाद के ओवर में खुल कर बल्लेबाजी कर सकता हूं। इसी लिए मैं अब तक बराबर अच्छी बल्लेबाजी कर पाया। मैं मच के मिजाज के मुताबिक बल्लेबाजी कर पा रहा हूं।' विराट ने बुधवार को सेमीफाइनल न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्युसन की गेंद पर दो रन दौड़ कर जैसे ही वन डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपना 50 शतक पूरा किया मैदान पर मौजूद सचिन तेंडुलकर और दुनिया के महान फुटबॉलर इंग्लैंड के डेविड बैकहम ने अपनी सीट से उठकर तालियां बजा कर उनका अभिवादन किया भारत की पारी के बाद दोनों ने मैदान पर आकर उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। जैसे ही विराट ने अपना 50 वां अंतर्राष्ट्रीय वन डे क्रिकेट शतक पूरा किया तो दर्शक दीर्घा में मौजूद उनकी पत्नी अनुष्का के चेहरे की खुशी देखने लायक थी। विराट ने शतक पूरा करने के बाद दर्शक दीर्घा में मौजूद अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा की ओर जैसे ही अपना बल्ला दिखाकर उनका अभिवादन स्वीकार किया। विराट कोहली अब मौजूदा वन डे विश्व कप में दस मैचों में कुल 711 रन बनाकर सचिन तेंडुलक र (11 मैच कुल 673 रन) के 2003 के वन डे विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने के रिकॉर्ड को तोड़ खुद शीर्ष पर पहुंच गए। विराट, सचिन और मैथ्यू हेडन के बाद कप्तान रोहित शर्मा 2019 के वन डे में पांच शतकों सहित बनाए (कुल 64 रन) के साथ चौथे और ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर (10 मैच, कुल 647 रन) पांचवें स्थान पर है।




### एक विश्वकप में बल्लेबाज के सर्वाधिक रन

| बल्लेबाज | साल | पारी | रन | औसत | शतक | अर्द्धशतक | सर्वोच्च |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| विराट कोहली | 2023 | 10 | 711 | 101.57 | 3 | 5 | 117 |
| सचिन तेंडुलकर | 2003 | 11 | 673 | 61.18 | 1 | 6 | 152 |
| मैथ्यू हेडन | 2007 | 10 | 659 | 73.22 | 3 | 1 | 158 |
| रोहित शर्मा | 2019 | 9 | 648 | 81.00 | 5 | 1 | 140 |
| डेविड वॉर्नर | 2019 | 11 | 647 | 71.88 | 3 | 3 | 166 |

**नोट : 5 में 3 विराट, रोहित और डेविड वॉर्नर ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे है**

### तीनों फॉर्मेट मिलाकर अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे ज्यादा शतक

| बल्लेबाज | शतक | रन | औसत | पारी |
|---|---|---|---|---|
| सचिन तेंडुलकर | 100 | 34357 | 48.52 | 782 |
| विराट कोहली | 80 | 26478 | 54.36 | 573 |
| रिकी पॉन्टिंग | 71 | 27483 | 45.95 | 668 |

**नोट : तीनों विराट कोहली अभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं**

## विराट के 50 वें अंतर्राष्ट्रीय वन डे क्रिकेट शतक पर बोले दिग्गज....

### मेरे लिए बड़ी खुशी की बात किसी भारतीय ने मेरा रिकॉर्ड तोड़ा : सचिन

मेरे लिए इससे बड़ी खुशी की बात नहीं हो सकती कि किसी भारतीय (विराट कोहली ) ने मेरे वन डे में 49 अंतर्राष्ट्रीय शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ा। इससे भी बड़ी खुशी की बात यह कि सी भारतीय ने वन डे विश्व कप के सेमीफाइनल जैसे बड़े मंच पर मेरे घरेलू मैदान वानखेड़े पर मेरा यह रिकॉर्ड तोड़ा। मुझे याद है कि जब मैं पहली बार विराट से भारतीय ड्रेसिंग रूम में मिला तो टीम के साथियों ने जब मजाक में उनकी खिंचाई करते हुए मेरे पांव छूने को कहा था तब मैं अपनी हंसी नहीं रोक पाया लेकिन क्रिकेट के लिए अपने जुनून और कौशल से आपने मेरा दिल जीत लिया। मुझे बेहद खुशी है कि तब का नौजवान लड़का आज %विराट' खिलाड़ी बन गया है।'

### विराट की उपलब्धि पर उनके स्वर्गीय पिता को भी गर्व हो रहा होगा : युवराज

विराट कोहली को 50 वां अंतर्राष्ट्रीय वन डे शतक सचिन तेंडुलकर के रिकॉर्ड को तोडने् की बड़ी उपलब्धि हासिल करने की बधाई। मुझे पूरा विश्वास है कि विराट के स्वर्गीय पिता भी आज बहुत गर्व हो रहा होगा और स्वर्ग से अपने सुपुत्र की इस उपलब्धि मुस्कुरा रहे होंगे। विराट की यह उपलब्धि उनकी इस पीढ़ी की सबसे महान उपलब्धि है।'

# सचिन के 1 शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी कर सकते हैं विराट : रवि शास्त्री



**मुंबई,** 16 नवंबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भारत की 70 रनों की जीत में 117 रनों की शानदार पारी खेलकर विराट कोहली ने सचिन तेंदुलकर के 49 एकदिवसीय शतकों की लंबे समय से चली आ रही संख्या को पीछे छोड़ दिया, जिसके बाद पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि इस करिश्माई बल्लेबाज में महान बल्लेबाज सचिन के सौ शतकों के आंकड़े की बराबरी करने की क्षमता है।

किसने सोचा होगा कि जब सचिन तेंदुलकर ने 100 शतक बनाए थे तो कोई भी उनके करीब आ जाएगा और उन्होंने 80 अंतर्राष्ट्रीय शतक बनाए हैं, उनमें से 50 एक दिवसीय खेल में हैं और जो उन्हें सर्वोच्च बनाता है। अवास्तविक। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू पॉडकास्ट पर कहा, कुछ भी असंभव नहीं है क्योंकि ऐसे खिलाड़ी, जब शतक बनाने की फिराक में रहते हैं, तो वे बहुत तेज़ी से शतक बना लेते हैं। उनकी अगली 10 पारियों में आपको पांच और शतक देखने को मिल सकते हैं। आपके पास खेल के तीन प्रारूप हैं और वह उन सभी प्रारूपों का हिस्सा है। यह सोचना कि उसके पास अभी भी तीन या चार साल का क्रिकेट बाकी है, दिमाग चकराने वाला है।

कोहली अब विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और शास्त्री का मानना है कि कोहली ने अच्छी तैयारी की है और पूरे टूर्नामेंट में नियंत्रण में दिखे। मुझे लगता है कि उनका संयम, उनकी शारीरिक भाषा, उनका संयम, क्रीज पर उनकी शांति (बता रही थी)। मैंने उसे पिछले विश्व कप में देखा है जहां वह कुछ घबराए हुए दिखते थे। वह तुरंत इस पर काम करना चाहता है। यहाँ ऐसा कुछ भी नहीं है। उन्होंने अपना समय लिया है, अपने बचाव पर ध्यान दिया है, दबाव झेला है, खुद को समय दिया है और पारी में गहरी बल्लेबाजी की अपनी भूमिका को समझा है। और वह बहुत ही अद्भुत रहा है। भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य शास्त्री बताते हैं कि कोहली को हर मैच से पहले अपनी सावधानीपूर्वक तैयारी का लाभ मिल रहा है, खासकर विकेटों के बीच दौड़ने में कुशल होने का।

यह तीनों (मानसिक बदलाव, तकनीकी बदलाव और फिटनेस पर जोर) का मिश्रण है। (यह) उसे पारी की शुरुआत में शांत रहने के लिए कुछ समय देता है। पहले 10, 15 रनों में उनके शॉट चयन के कारण वह अतिरिक्त जोखिम नहीं लेते। वह गेंद को छोड़ने, गेंद को चारों ओर से घुमाने के लिए काफी तैयार है। उनकी बल्लेबाजी की एक विशेषता विकेटों के बीच उनकी दौड़ रही है। तथ्य यह है कि उसे चौके और छक्के नहीं लगाने पड़ते, वह अपनी शारीरिक फिटनेस के कारण विकेटों के बीच कड़ी मेहनत कर सकता है।

उन्होंने निष्कर्ष निकाला, इससे उस पर से दबाव कम हो जाता है। यहां तक कि जब उसे बाउंड्री नहीं मिल रही होती, तब भी वह स्ट्राइक रोटेट कर रहा होता है और उसके पास हमेशा पारी के अंत तक पहुंचने की अदभुत क्षमता होती है।

# मैदान पर फील्डिंग में थोड़ा खराब होने के बाद भी हम शांत थे : रोहित

**मुम्बई,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत ने विश्व कप में 10 में से 10 मैच जीते हैं। वे शानदार दिखे हैं, वे बल्ले और गेंद से हावी दिखे लेकिन बुधवार को मुंबई में न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ सेमीफ़ाइनल में ऐसा नहीं था फरि यदि जीत का अंतर 70 रन हो। कप्तान रोहित शर्मा इस बात को मानते हैं कि इस विश्व कप में यह उनका सबसे मुश्किल मैच था, टूर्नामेंट में बने रहने और जीत हासिल करने के लिए उनकी टीम को एकत्रित रहना था और सेमीफ़ाइनल के समीकरण को दूर रखना था।

रोहित ने मैच के बाद स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, जिस तरह से हमारे गेंदबाज़ों ने आगे आकर नई गेंद से गेंदबाज़ी की, विकेट लिए, जब आपके पास ऐसा लक्ष्य हो तो आपको शुरू में विकेट लेने होते हैं और हमने ऐसा ही किया। आज सेमीफ़ाइनल था तो मैं यह नहीं कहना चाहता कि दबाव नहीं था। जब भी आप मैच खेलते हो तो दबाव होता है और सेमीफ़ाइनल में थोड़ा और दबाव आ जाता है। लेकिन मुझे लगता है लड़के अपना काम कर रहे थे। सच कहूं तो हम सेमीफ़ाइनल के समीकरण को बाहर रखना चाहते थे, अधिक सोचना नहीं चाहते थे। हम बस वही करना चाहते थे जो हमने पहले नौ मैचों में किया था और चीज़ें दूसरे हाफ़ में भी हमारे लिए अच्छी रही।

बड़ा स्कोर बनाने के बाद भी डेरिल मिचेल और केन विलियमसन ने टीम पर दबाव बनाया और दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 149 गेंद में 181 रनों की साझेदारी की, जिससे वानखेड़े में दर्शक शांत हो गए। मिचेल ने 85 गेंद में शतक लगाया तो विलिमयसन ने अर्धशतक लगाया।

भारत ने विलियमसन का कैच भी छोड़ा जहां मोहम्मद शमी मिडऑन पर यह कैच नहीं लपक पाए थे और इसी साझेदारी में एक रन आउट का मौक़ा भी गंवाया। उस समय न्यूज़ीलैंड की टीम चेज़ करते हुए संतुलन में थी, लेकिन पहले दो विकेट लेने वाले शमी वापस आए और 33वें ओवर में विलयिमसन का विकेट लिया।




रोहित ने कहा, जब स्कोरिंग रेट नौ के ऊपर हर समय था, तो आपको चांस लेने होते हैं। कई बार आप क़ामयाब होते हैं और कई बार ऐसा नहीं होता। उन्होंने हमें मौक़ा दिया, हम उसका फ़ायदा नहीं उठा पाए। लेकिन श्रेय मिचेल और विलियमसन को भी देना होगा जो बहुत अच्छी बल्लेबाज़ी कर रहे थे।

दोबारा कहता हूं हमारे लिए शांत रहना अहम था। एक समय पर दर्शक पूरी तरह से शांत हो गए थे, यही मैच की प्रकृति है। लेकिन हम जानते थे कि हमें कुछ मैजिक दिखाना होगा, चाहे एक अच्छा कैच या एक बेहतर रन आउट या हो सकता है एक अच्छी गेंद। लेकिन हमने सब किया लेकिन क़ामयाब नहीं हुए, लेकिन हां शमी शानदार थे।

रोहित ने कहा, मैंने यहां पर काफ़ी क्रिकेट खेला है तो मैं जानता हूं कि इस मैदान पर कुछ भी स्कोर बनाकर आप आराम नहीं फ़रमा सकते, आप को चाहिए कि काम जल्द से जल्द हो और आप मैच में बने रहें। हम जानते थे कि उस साझेदारी के समय हम पर दबाव था, हम बस एकत्रित रहे। हम तब भी शांत थे जब हम थोड़ी ख़राब फ़ील्डिंग कर रहे थे। लेकिन यह हो सकता है। हमने नौ सटीक मैच खेले हैं तो यह चीज़ें हो सकती हैं, लेकिन मैं खुश हूं हमने अंत में काम कर लिया। वानखेड़े की पिच बल्लेबाज़ी के मुफ़ीद होती है और यह इस दिन भी अलग नहीं थी।

भारत ने रोहित और शुभमन गिल के दम पर तेज़ शुरुआत की और 50 गेंद में 75 रन बना डाले। कोहली ने रिकॉर्ड 50वां शतक लगाया और श्रेयस ने भी 70 गेंद में 105 रन की पारी खेली। भारत ने आख़िरी 10 ओवर में 110 रन बना डाले, जिससे वे टूर्नामेंट में तीसरी बार 350 से अधिक रन बना पाए।

रोहित ने कहा, शीर्ष पांच-छह बल्लेबाज़ों को जब भी मौक़ा मिलता है वे उसको भुनाते हैं। मैं इस बात से बहुत खुश हूं जो अय्यर ने हमारे लिए इस टूर्नामेंट में किया है। वह बेहतरीन बल्लेबाज़ी कर रहे हैं। शुभमन ने भी बेहतरीन बल्लेबाज़ी की लेकिन बदकिस्मती से उन्हें क्रैंप आ गया और उन्हें वापस जाना पड़ा। कोहली हमेशा की तरह शानदार थे, उन्हें बेहतरीन पारी खेली और रिकॉर्ड बनाया। कुल मिलाकर बल्लेबाज़ी शानदार थी और हम इसी तरह के इरादे के साथ बल्लेबाज़ी में आगे बढ़ना चाहते हैं।

# मिलर के शतक के बावजूद द. अफ्रीका 212 पर सिमटा

**कोलकाता,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्यक्रम के बल्लेबाज डेविड मिलर (101) के पहले विश्व कप शतक के बावजूद द.अफ्रीका की टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यहां ईडन गार्डन्स में गुरुवार को दूसरे सेमीफाइनल में 49.4 ओवर में 212 रन पर सिमट गई। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लेकिन, उसका यह फैसला सही साबित नहीं हुआ और उसने 24 रन तक जाते-जाते अपने चार विकेट गंवा दिए जबकि, मैच के दौरान बारिश से कुछ बाधा पड़ी और खेल थोड़ी देर के लिए रुका भी लेकिन ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने विपक्षी टीम को जमने का कोई मौका नहीं दिया।

बारिश का अनुमान था, आसमान में काले बादल छाये हुए थे। ऐसे में टॉस जीत कर पहले बल्लेबाज़ी करने का फ़ैसला काफ़ी रिस्की था। ऑस्ट्रेलिया गेंदबाज़ों ने परिस्थितियों का फ़ायदा उठाते हुए धारदार गेंदबाज़ी की और गेंद को काफ़ी मूव कराया। मिलर का शतक अगर नहीं आता तो दक्षिण अफ़्रीका और भी ज़्यादा मुश्किल में होता।




मिलर ने एक छोर संभाल कर खेलते हुए 116 गेंदों पर 8 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 101 रन बनाए। उनकी इसी पारी के दम पर दक्षिण अफ्रीका की टीम 200 का स्कोर पार करने में कामयाब रही। छठे नंबर के बल्लेबाज मिलर ने हेनरिक क्लासेन (47) के साथ पांचवे विकेट के लिए 95 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। लेकिन पार्ट टाइम स्पिनर ट्रेविस हेड ने 31वें ओवर में क्लासेन और मार्को यानसन के विकेट लगातार गेंदों पर लेकर दक्षिण अफ्रीका का संघर्ष समाप्त कर दिया।

मिलर ने गेराल्ड कोएट्जी (19) के साथ सातवें विकेट के लिए 53 रन जोड़कर दक्षिण अफ्रीका की लड़ने लायक स्कोर बनाने की उम्मीदों को कायम रखा। लेकिन यह साझेदारी टूटने के बाद दक्षिण अफ्रीका की पारी को सिमटने में ज्यादा समय नहीं लगा।

बांए हाथ के बल्लेबाज मिलर ने छक्का मारकर अपना पहला विश्व कप शतक पूरा किया। लेकिन विपक्षी कप्तान पैट कमिंस की गेंद पर वह हेड के हाथों लपके गए। कमिंस ने केगिसो रबाडा को आउट कर दक्षिण अफ्रीका की पारी 212 रन पर समेट दी।

दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत ही खराब रही और कप्तान तेंबा बावुमा खाता खोले बिना पहले ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हो गए। फॉर्म में चल रहे क्विंटन डी कॉक ने निर्णायक मुकाबले में निराश किया और तीन रन बनाकर जोश हेजलवुड की गेंद पर आउट हो गए। रैसी वान डेर डुसेन ने 31 गेंदें खेली लेकिन 6 रन ही बना पाए। एडन मार्करम 10 रन बनाकर मिशेल स्टार्क का दूसरा शिकार बने। अपने चार विकेट गंवाने के बाद दक्षिण अफ्रीका की टीम चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने के लिए संघर्ष करती रही।

ऑस्ट्रेलिया की तरफ से स्टार्क और कमिंस ने क्रमश 34 और 51 रन पर तीन-तीन विकेट लिए। हेजलवुड और हेड को 2-2 विकेट मिले।

# अहमदाबाद में फाइनल खेलने के लिए फिट हूं : शुभमन गिल

मुम्बई, 16 नवम्बर (एजेंसियां)। डेंगू की वजह से शुभमन गिल विश्व कप की शुरुआत में नहीं खेल पाए थे और बुधवार को मुंबई में हुए सेमीफ़ाइनल में न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ रिटायर हर्ट होना इसकी ही वजह थी। भारत की पारी के 23वें ओवर में गिल 79 रन पर बल्लेबाज़ी कर रहे थे, जब उन्हें बाहर जाना पड़ा था। उन्होंने मैच के बाद पुष्टि की कि वह 19 नवंबर को अहमदाबाद में होने वाले फ़ाइनल में खेलने के लिए फ़टि हैं। शुभमन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, शुरुआत क्रैंप से हुई थी और इसके बाद मुझे थोड़ी हैमस्ट्रिंग भी हो गई थी। एक तो गर्मी बहुत थी और दूसरा यह डेंगू के बाद का प्रभाव भी था। पहले दो लीग मुक़ाबले नहीं खेलने के बाद गिल टीम में वापस लौटे थे और तब से वह आठ मैच खेल चुके हैं। जहां उन्होंने बताया कि इससे उनके गेम पर तो कोई प्रभाव नहीं पड़ा लेकिन उनका वजन जरूर थोड़ा घटा है। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैंने अपनी बल्लेबाज़ी के मामले में वास्तव में कुछ भी बदलाव नहीं किया है, लेकिन क्योंकि मेरी मांसपेशियां थोड़ी कमजोर हो गई हैं, मुझे लगता है कि डेंगू से पहले मेरे पास जो रिजर्व था वह थोड़ा कम हो गया है। जब आप गर्मी में खेलते हैं तो आपको क्रैंप आते हैं लेकिन मुझे यह लंबे समय बाद हुआ है। लेकिन क्योंकि मेरी मासपेशियां थोड़ी कमजोर हुई हैं तो इससे दिक्कत हुई। भारत ने विराट कोहली और श्रेयस अय्यर के शतकों की वजह से चार विकेट पर 397 रन बनाए वहीं क्रैंप के बाद शुभमन अंत में बल्लेबाज़ी करने आए और एक रन बनाकर 80 रन पर नाबाद रहे। शुभमन सेमीफ़ाइनल में जीत में योगदान देने पर खुश दिखे। शुभमन ने कहा, यदि मुझे क्रैंप नहीं आता तो हो सकता है मैं शतक बना पाता।

## सार संक्षेप

### बिग बैश लीग से हटे इंग्लिश बल्लेबाज हैरी ब्रूक

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के युवा दाएं हाथ के बल्लेबाज हैरी ब्रूक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के चलते अपने बढ़ते कार्यभार के कारण बिग बैश लीग (बीबीएल) के आगामी सीजन से हट गए हैं। हैरी ब्रूक को इस साल सितंबर में एक विदेशी ड्राफ्ट के माध्यम से क्लब ने अपनी दूसरी पसंद के रूप में शामिल किया था। दिसंबर में इंग्लैंड के वेस्टइंडीज दौरे का हिस्सा बनने के बाद ब्रूक सात बीबीएल मैचों के लिए स्टार्स में शामिल होने के लिए तैयार थे। मेलबर्न स्टार्स के महाप्रबंधक ब्लेयर क्राउच ने कहा, स्वाभाविक रूप से हम निराश हैं कि हैरी ने बीबीएल से नाम वापस ले लिया है। लेकिन, हम उसके बढ़े हुए कार्यभार के कारण उसके फैसले को समझते हैं। हम स्पष्ट रूप से हैरी को बहुत अधिक रेटिंग देते हैं और हम उसे इस गर्मी में ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस के साथ एमसीजी में देखना पसंद करते। हम उनकी आगामी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। बीबीएल 223-24 सीजन 7 दिसंबर से शुरू होगा और 24 जनवरी को समाप्त होगा।

### शुरुआती विकेट लेने में विश्वास रखता हूं : शमी

**मुंबई।** जहां दुनिया गेंदबाजी में विविधता लाने की कसम खाती है, वहीं भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अभी भी इसे बेहतर बनाने और नई गेंद से विकेट लेने में विश्वास रखते हैं। रिप्लेसमेंट के तौर पर वर्ल्ड कप 223 में प्लेइंग-11 में जगह बनाने वाले मोहम्मद शमी ने अपने दमदार प्रदर्शन से भारत को फाइनल में पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई। मोहम्मद शमी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए सेमीफाइनल में एक नहीं, बल्कि कई धमाल किए और सात विकेट चटकाते हुए न्यूजीलैंड की कमर तोड़ दी। वानखेड़े की पिच पर जो धीमी, सूखी और बल्लेबाजी के लिए अनुकूल थी। इस गेंदबाज ने शुरुआती ओवरों में टीम को सफलता दिलाई। फिर, एक पल ऐसा लगा कि भारत के हाथ से मैच फिसल रहा है, तो वो शमी ही थे जिन्होंने भारत की मैच में वापसी कराई। प्लेयर ऑफ द मैच शमी जो बांग्लादेश के खिलाफ भारत के चौथे मैच में हार्दिक पांड्या के चोटिल होने के बाद प्लेइंग-11 में शामिल हुए थे। उन्होंने केन विलियमसन (69) और डेरिल मिशेल (134) के बीच 163 रन की साझेदारी को तोड़कर दो विकेट लिए। शमी ने मैच के बाद कहा, मैं अपने मौके का इंतजार कर रहा था। मैंने ज्यादा सफेद गेंद वाली क्रिकेट नहीं खेली। मेरी वापसी न्यूजीलैंड के खिलाफ धर्मशाला में शुरू हुई। हम बहुत सारी विविधताओं के बारे में बात करते हैं, लेकिन मैं अभी भी इसे आगे बढ़ाने और विकेट हासिल करने में विश्वास रखता हूं। शमी अब इस विश्व कप में केवल छह मैचों में 23 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया के एडम ज़म्पा को पछाड़कर सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं।

# देश

**उवाच** "महतारी वंदन योजना वर्तमान में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित किसी योजना का नाम नहीं है और न ही इसे कोई विभाग संचालित करता है। भाजपा ने केवल महिलाओं को भ्रमित करने के लिए अपनी चुनावी घोषणा का फार्म भरवाना शुरू किया है।"

**-मोहम्मद अकबर, कांग्रेस नेता**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 24 | 17 |
| मुंबई | 31 | 25 |
| कोलकाता | 24 | 2 |
| चेन्नई | 29 | 27 |

# राजस्थान में भाजपा का संकल्प पत्र सिर्फ झूठ का पुलिंदा : कांग्रेस

**जयपुर,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी और प्रदेश कांग्रेस सेंट्रल वॉर रूम के को-चेयरमैन लोकेश शर्मा ने भाजपा के संकल्प पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया है। लोकेश शर्मा ने कहा कि भाजपा का

**■ चुनी हुई सरकारों को गिराने की साजिश करने का लगाया आरोप**

संकल्प पत्र देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पार्टी ने विधानसभा चुनाव में अपनी हार को देखते हुए महज रस्म अदायगी से ज्यादा कुछ नहीं किया। भाजपा देश में अपना अस्तित्व खोती जा रही है। इनका एक भी संकल्प भरोसे के काबिल नहीं है। भाजपा ने संकल्प पत्र में महंगाई, महिला सशक्तिकरण, रोजगार, ओपीएस और चिरंजीवी योजना जैसे मुद्दों को लेकर अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है। लोकेश शर्मा ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि पार्टी राजस्थान में ओपीएस, चिरंजीवी जैसी जनहितकारी योजनाओं को बंद करने की मंशा रखती है। राजस्थान सरकार ने 500 रुपए में गैस सिलेंडर देना शुरू किया, तब भाजपा ने इसे रेवड़ी बताया। अब कांग्रेस की ओर से दिए जा रहे राहतों के अंबार के चलते भाजपा के पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई है। ऐसे में उन्हें माताओं, बहनों और सिलेंडर सब्सिडी देने की याद आ गई। लोकेश शर्मा ने कहा कि भाजपा का घोषणा पत्र राजस्थान की जनता की नजरों में झूठ के पुलिंदे और रस्म अदायगी से ज्यादा कुछ नहीं है। भाजपा के आज तक के संकल्पों का हाल जनता पहले ही देख चुकी है। चुनी हुई सरकारों को गिराने की साजिश, सत्ता हथियाने की साम-दाम-दंड-भेद की राजनीति, विपक्ष के खिलाफ दबाव की रणनीति भाजपा का एकमात्र ध्येय है। जनता से झूठे वादे करना ही भाजपा का असली संकल्प है। लोकेश शर्मा ने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में मुख्यमंत्री फ्री स्कूटी योजना, हर थाने में महिला डेस्क, एंटी रोमियो स्क्वॉड, केजी से पीजी तक बालिका शिक्षा फ्री, पेपर लीक पर एसआईटी का गठन जैसी बातें कहीं, जबकि राजस्थान में पहले से ही मेधावी छात्राओं को फ्री स्कूटी दी जा रही है। वहीं थानों में पहले से महिला डेस्क स्थापित की जा चुकी हैं। राजस्थान में कांग्रेस सरकार पहले ही महिलाओं को सुरक्षा देने के लिए निर्भया स्क्वॉड संचालित कर रही है। इसी तरह केजी से पीजी तक फ्री शिक्षा भी राजस्थान में पहले ही कांग्रेस सरकार में फ्री दी जा रही है। राजस्थान की मौजूदा कांग्रेस सरकार ओबीसी, अल्पसंख्यक, दिव्यांग सहित अन्य वर्गों के कल्याण के लिए ढेरों कदम पहले ही उठा चुकी है।



देश में अपना अस्तित्व खोती जा रही भाजपा का एक भी संकल्प भरोसे के काबिल नहीं : लोकेश शर्मा

## भाजपा ने केवल जनता को ठगने का काम किया : कांग्रेस

लोकेश शर्मा ने कहा कि भाजपा ने महज कांग्रेस सरकार की जनहितकारी योजनाओं को अलग नाम देकर जनता के सामने रखने का काम किया है, जबकि राजस्थान की जनता पिछले पांच सालों से इनका लाभ उठा रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जिन सात गारंटियों को लागू करने की बात कही है, वे इस तरह की कोई भी योजना आम जनता के हित में नहीं बता पाए। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में ऐसा कोई वादा नहीं किया जो विशेष रूप से राजस्थान की जनता को लेकर किया गया हो। भाजपा ने इस संकल्प पत्र के नाम पर केवल केंद्र सरकार की योजनाओं को वापस नाम परिवर्तित कर आम जनता के सामने रखने का काम किया है। भाजपा ने ऐसा करके केवल जनता को ठगने का काम किया है।

# तेलंगाना विस चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी करेंगे अमित शाह

**नई दिल्ली,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का संकल्प पत्र (चुनाव घोषणा पत्र) जारी कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को तेलंगाना के चुनावी दौरे पर रहेंगे। अपने इस चुनावी दौरे के दौरान अमित शाह शनिवार को तेलंगाना में 3 अलग-अलग इलाकों में तीन चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे और साथ ही राज्य में हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) भी जारी करेंगे। आपको बता दें कि तेलंगाना में पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ रही भाजपा ने पहले ही राज्य में 51 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सेदारी रखने वाले ओबीसी मतदाताओं को लुभाने के लिए बड़ा राजनीतिक दांव खेल रखा है।



अमित शाह पहले ही तेलंगाना में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए यह वायदा कर चुके हैं कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर ओबीसी नेता को ही मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। माना जा रहा है कि भाजपा जहां एक तरफ राज्य के ओबीसी और दलित मतदाताओं को लुभाने के लिए बड़े वादे कर सकती है। वहीं, पार्टी सत्ता में आने पर तेलंगाना की केसीआर सरकार पर लग रहे भ्रष्टाचार के आरोपों की उच्चस्तरीय अथवा एसआईटी जांच करवाने का भी वादा कर सकती है। राज्य के चुनावी माहौल एवं बीआरएस और कांग्रेस द्वारा वोटरों से किए जा रहे वादों को देखते हुए भाजपा भी अपने घोषणा पत्र में लुभावने वायदों की झड़ी लगा सकती है।

# छत्तीसगढ़ के रायपुर दक्षिण में गुरु-शिष्य के बीच कांटे की टक्कर

**रायपुर,**16 नवम्बर (देशबन्धु)। रायपुर जिले की रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट इस बार भी हाई प्रोफाइल है। कांग्रेस ने रायपुर जिले की हाई प्रोफाइल वीआईपी सीट रायपुर दक्षिण से पिछली बार चुनाव लड़ चुके कन्हैया अग्रवाल का टिकट काट कर सीएम के करीबी और प्राचीन दूधाधारी मठ के महंत रामसुंदर दास को टिकट दिया है। ऐसे में यहां पर चुनावी लड़ाई काफी रोचक हो गई है। अब इस सीट पर पूरे प्रदेश की नजर टिकी हुई है। क्योंकि भाजपा प्रत्याशी और पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल महंत को अपना गुरु मानते हैं। ऐसे में गुरु और शिष्य के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। बृजमोहन अग्रवाल और महंत राम सुंदर दास के बेहतर संबंध हैं। अग्रवाल मठ के कार्यक्रमों में लगातार शिरकत करते रहे हैं। बृजमोहन अपने पिता के साथ स्कूली जीवन से ही मठ जाते रहे हैं। महंत रामसुंदर दास के गुरु से मिलते रहे हैं। उनका आशीर्वाद लेते रहे हैं। क्योंकि ये मठ रायपुर दक्षिण विधानसभा में पड़ता है। बृजमोहन अग्रवाल के सामने लगातार 8वीं बार जीत के क्रम को दोहराने की चुनौती है तो कांग्रेस को इस सीट पर कब्जा करने के लिए बेचैनी है। हर बार कांग्रेस इस सीट पर नया चेहरा लाती है पर अब तक वो वो रायपुर दक्षिण किले पर फतह हासिल नहीं कर सकी है। महंत रामसुंदर दास का कहना है कि वो इससे पहले भी दो बार कांग्रेस से विधायक रह चुके हैं। जाजंगीर चांपा से विधायक रह चुका हूं और इस बार के लिए भी मैं जांजगीर चांपा से चुनाव लड़ने के लिए आवेदन किया था। कांग्रेस हाईकमान और वरिष्ठों ने मुझे रायपुर दक्षिण से प्रत्याशी बनाया है।



दांव पर लगी महंत की प्रतिष्ठा

## सात बार से विधायक हैं बृजमोहन अग्रवाल

बृजमोहन अग्रवाल सात बार यानी 35 साल से इस सीट से विधायक हैं। वर्ष 2018 में इस सीट से कांग्रेस ने कन्हैया अग्रवाल को टिकट दिया था। बृजमोहन ने 52.70 फीसदी वोट हासिल कर जीत दर्ज की थी, जबकि कन्हैया अग्रवाल को महज 40.82 वोट मिले थे और उनकी हार हुई थी। बृजमोहन अग्रवाल 1990 में पहली बार अविभाजित मध्य प्रदेश में विधायक बने। फिर साल 1993 और 1998 में अविभाजित मध्य प्रदेश में तीन बार विधायक रहे। इसके बाद छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद वो लगातार यहां से 4 बार वर्ष 2003, 2008, 2013, 2018 में चुनाव जीतते आ रहे हैं। साल 2018 के चुनाव में प्रदेशभर में कांग्रेस की लहर थी, लेकिन उस समय भी दक्षिण से भाजपा ने जीत हासिल की थी।

## सार संक्षेप

### भूपेश व बैज ने की मतदाताओं से मतदान की अपील

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने दूसरे एवं आखिरी चरण के चुनाव में प्रदेश के मतदाताओं से मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि आपका वोट बहुमूल्य है। बघेल ने मतदाताओं से कहा कि मतदान के दिन सारे कामों को पीछे छोड़कर मतदान को प्राथमिकता दें यह आपका पहला नागरिक कर्तव्य है। निर्भीक होकर सोच समझकर मतदान करें। आपका मत नवा छत्तीसगढ़ के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने कहा कि मतदान करने जाएं, अपने मुद्दों पर मतदान करें जिससे आपका जीवन सुधरेगा उन मुद्दों पर मतदान करे जब मत डाले तो यह जरूर देखें कौन आप के सुख-दुख में खड़ा रहेगा और आपके जीवन स्तर को सुधारने को काम करेगा।

### मप्र में सुबह सात से शाम छह बजे तक होगा मतदान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए आज सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा, जिसकी सभी तैयारियां निर्वाचन आयोग द्वारा पूरी कर ली गईं हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने मतदान की तैयारियों के संबंध में जानकारी दी। राजन ने कहा कि 17 नवम्बर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराई जाएगी। प्रदेश के बालाघाट, मंडला और डिंडोरी जिलों के कुछ विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक ही मतदान होगा।

### जनसंपर्क के दौरान विधायक बैरवा की तबीयत बिगड़ी

**धौलपुर।** धौलपुर में बसेड़ी विधायक एवं निर्दलीय प्रत्याशी खिलाड़ी लाल बैरवा की बुधवार को जनसंपर्क के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई। शुगर लेवल एवं बीपी हाई लेवल पर पहुंचने से कार्यकर्ताओं की चिंता बढ़ गई। कार्यकर्ताओं ने आनन-फानन में जिला अस्पताल के कार्डिक आईसीयू में भर्ती कराया है। खिलाड़ी लाल बैरवा ने बताया, बुधवार को बसेड़ी विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क कर रहे थे। जनसंपर्क के दौरान अचानक घबराहट और बेचैनी बढ़ गई। चक्कर आने पर विधायक बेहोश भी हो गए।

### गड़करी ने दिया कुमारी के समर्थन में मांगे वोट

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी ने गुरुवार को जयपुर के विद्याधरनगर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी दिया कुमारी के समर्थन में रोड शो में भाग लिया। गडकरी ने विद्याधरनगर के परशुराम सर्किल पर भगवान परशुराम की प्रतिमा को माल्यार्पण करने के बाद दिया कुमारी एवं उनके हजारों समर्थको के साथ मुरलीपुरा के विभिन्न इलाकों से होते हुए नाड़ी का फाटक पहुंचे।

# मप्र में मतदाताओं को वोटर आईडी के अलावा 12 विकल्प

**भोपाल,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को मतदान के लिए बेहतर सुविधा मुहैया कराने की दिशा में कई अहम कदम उठाए हैं। जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में हैं और उन तक मतदाता पर्ची नहीं पहुंची है, वो वोटर आईडी के अलावा 12 विकल्पों के जरिए भी मतदान प्रक्रिया में हिस्सा ले सकते हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, विधानसभा निर्वाचन 2023 में सभी मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की है। क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची से मतदाता अपने मतदान केंद्र का क्रमांक, पता, निर्वाचक नामावली में क्रमांक राज्य और जिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कर सकेंगे। यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में है, तो मतदान के लिए फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र या राज्य सरकार या पीएसयू या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों या विधायकों या एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी कार्ड, में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर 17 नवम्बर को मतदान कर सकता है।




### आदिलाबाद में आयोजित चुनावी सभा में बोले केसीआर

# तेलंगाना को धोखा देने वाली भाजपा को न दें वोट

**आदिलाबाद,**16 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने गुरुवार को आदिलाबाद में आयोजित आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब तक केसीआर जीवित हैं, तेलंगाना धर्मनिरपेक्ष रहेगा। कांग्रेस पार्टी ने अल्पसंख्यकों को वोट बैंक के रूप में देखा। यदि पिछले कांग्रेस शासन के दौरान अल्पसंख्यकों पर 2000 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे, तो हमने दस साल की बीआरएस सरकार के दौरान 12,000 करोड़ रुपए खर्च किए। हमने अल्पसंख्यक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए आवासीय विद्यालय और आवासीय महाविद्यालय स्थापित किए हैं। तेलंगाना को धोखा देने वाली बीजेपी को एक भी वोट नहीं दें। प्रदेश में हमारी बीआरएस सरकार दोबारा जरूर आएगी। मेरा आपसे अनुरोध है कि जोगु रमन्ना को दिल से आशीर्वाद दें और कार चुनाव चिन्ह को वोट देकर बीआरएस को जिताएं। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि आदिलाबाद के इतिहास में केवल एक जोगु रमन्ना है जिसने चणका-कोराटा बैराज का काम पूरा कराया। इस नहर से लगभग 50 हजार एकड़ भूमि की सिंचाई होती है। जोगु रमन्ना उत्कृष्ट व्यक्ति हैं। उन्होंने आदिलाबाद में इंजीनियरिंग कॉलेज, कृषि कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज लाया है। जो काम कांग्रेस ने नहीं संभाला वो सभी योजनाएं बीआरएस पार्टी पूरा करेगी। कांग्रेस के जमाने में बिजली नहीं थी। अब चौबीस घंटे बिजली है। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि मैने प्रधानमंत्री मोदी को सौ पत्र लिखा लेकिन तेलंगाना के लिए एक मेडिकल कॉलेज या एक नवोदय स्कूल नहीं दिया गया है। इसलिए भाजपा को वोट न दें।



कांग्रेस ने अल्पसंख्यकों को केवल वोट बैंक के रूप में देखा : के.चंद्रशेखर राव

**लोकतंत्र में सावधानी से हो वोट के हथियार का इस्तेमाल**

विकसित देशों में लोकतंत्र परिपक्व हो गया है। यह अभी तक हमारे देश में नहीं आया है। लोकतंत्र में जनता के वोट के हथियार का इस्तेमाल सावधानी से करना चाहिए। कल्याणलक्ष्मी, शादी मुबारक जैसे कई कल्याणकारी कार्यक्रम आपकी आंखों के सामने चल रहे हैं। हमने किसानों के कल्याण के लिए बेहतरीन नीति अपनाई है जो देश के किसी भी राज्य में नहीं है। बीआरएस ने किसानों को पानी की आपूर्ति का पुराना बकाया माफ कर दिया है। हम कृषि स्थिरीकरण के हिस्से के रूप में पानी की आपूर्ति के साथ किसानों को 24 घंटे मुफ्त बिजली प्रदान कर रहे हैं।

## बीआरएस उम्मीदवार के समर्थन में मांगे वोट

केसीआर ने बीआरएस उम्मीदवार जोगु रमन्ना को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि चुनाव में उम्मीदवारों के गुण ही नहीं, उनके पीछे की पार्टियों के पिछले इतिहास को भी ध्यान में रखकर वोट दिया जाना चाहिए। बीआरएस पार्टी का जन्म तेलंगाना के लोगों के लिए और तेलंगाना राज्य की उपलब्धि के लिए हुआ है। बीआरएस सरकार आपके आशीर्वाद से चल रही है। जब नया राज्य बना, तो तेलंगाना में बिजली, ताजा पानी और सिंचाई का पानी नहीं था। किसानों की भुखमरी और श्रमिकों की आत्महत्या जैसी कई समस्याएँ थीं। एक-एक करके हम प्रत्येक दिशा में विकास कर रहे हैं। हमने सैकड़ों रुपए की पेंशन को हजारों रुपए तक पहुंचाया।

# तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए मैदान में 2,29 उम्मीदवार

**हैदराबाद,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। 119 सदस्यीय तेलंगाना विधानसभा के लिए 30 नवम्बर को होने वाले चुनाव में कुल 2,290 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 608 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। 15 नवम्बर नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख थी। इससे पहले 606 नामांकन खारिज होने के बाद 2,898 उम्मीदवारों के नामांकन वैध पाए गए थे। हैदराबाद में एलबी नगर निर्वाचन क्षेत्र में उम्मीदवारों की संख्या सबसे अधिक 48 है, उसके बाद गजवेल में संख्या 44 है। गजवेल में जहां मुख्यमंत्री और बीआरएस अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव फिर से चुनाव लड़ रहे हैं, वहां से 114 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था। हालांकि, उनमें से 70 ने अपना नामांकन वापस ले लिया। यह सभी निर्वाचन क्षेत्रों में वापसी की सबसे अधिक संख्या थी। इस बार केसीआर कामारेड्डी निर्वाचन क्षेत्र से भी चुनाव लड़ रहे हैं, जहां 39 उम्मीदवार मैदान में हैं।



## बसपा नेता की गिरफ्तारी पर लगी रोक

**हैदराबाद।** तेलंगाना उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कागजनगर पुलिस को हत्या और डकैती के प्रयास के मामले में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण कुमार को तब तक गिरफ्तार नहीं करने का निर्देश दिया, जब तक अदालत उनकी प्राथमिकी रद्द करने की याचिका पर अपना आदेश नहीं सुना देती। कुमारम भीम आसिफाबाद जिले के कागजनगर कस्बे में बसपा और सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) कार्यकर्ताओं के बीच झड़प के बाद सोमवार को प्रवीण कुमार और उनके बेटे के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। प्रवीण कुमार ने याचिका दायर कर कागजनगर थाने में दर्ज प्राथमिकी रद् करने का आदेश देने की मांग की है। उच्च न्यायालय ने पुलिस को निर्देश दिया कि प्रवीण कुमार को तब तक गिरफ्तार न किया जाए जब तक अदालत उनकी प्राथमिकी रद्द करने की याचिका पर अपना आदेश नहीं सुना देती।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर शिक्षक निलंबित

**सिहोर,**16 नवम्बर (एजेंसियां)। निर्वाचन कार्य में घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता बरतने पर कलेक्टर ने एक कर्मचारी को निलंबित कर दिया है। ये निलंबन तत्काल प्रभाव से माना जाएगा। बता दें कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने आष्टा जनपद अंतर्गत प्राथमिक शाला गादिया के शिक्षक धनलाल कलम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन काल में कलम का मुख्यालय जिला निर्वाचन कार्यालय सीहोर रहेगा। उल्लेखनीय है कि आष्टा विधानसभा की मतदान सामग्री वितरण के दौरान मतदान दल क्रमांक-529 में नियुक्त पीठासीन अधिकारी धनलाल कलम प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला गदिया को निर्वाचन ड्यूटी के दौरान शराब पीकर उपस्थित होने के कारण दल रवाना नहीं किया जा सका। इस कारण रिटर्निंग ऑफिसर-157 आष्टा के प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर ने तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई की।

# मप्र विस चुनाव ने सिंधिया-गांधी परिवार के बीच बढ़ाई खटास

**भोपाल,** 16 नवम्बर (एजेंसियां)। चुनाव में विरोधी दलों के एक दूसरे पर हमले आम बात है। व्यक्तिगत हमले काम ही होते हैं, मगर मध्य प्रदेश में ऐसे व्यक्तिगत हमले हुए कि उसने गांधी और सिंधिया परिवार के बीच खटास बढ़ाने का काम कर दिया है। चुनावी मौसम में ज्योतिरादित्य सिंधिया को अहंकारी तक कह दिया। राज्य में वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में राहुल, प्रियंका गांधी और ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीच गजब की कैमिस्ट्री देखने को मिली थी।

इन चुनाव में कांग्रेस ने बढ़त पाई और सरकार भी बनाई। बाद में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस का साथ छोड़ दिया और वह भाजपा का हिस्सा बन गए परिणाम स्वरूप कांग्रेस की सरकार गिर गई वर्तमान में ज्योतिरादित्य सिंधिया केंद्रीय मंत्री हैं। भले ही सिंधिया कांग्रेस के अलग हो गए, मगर उनके और गांधी परिवार के बीच खटास नजर नहीं आई थी। संसद से तो एक ऐसी तस्वीर सामने आई थी, जिसमें सिंधिया सोनिया गांधी के साथ बैठे हुए थे। आमतौर पर यही चर्चा थी कि भले ही सिंधिया कांग्रेस छोड़कर चले गए हों, मगर दोनों परिवारों के बीच दूरियां नहीं बढ़ी हैं। प्रियंका गांधी का पिछले दिनों ग्वालियर आना हुआ, मगर उन्होंने सीधे तौर पर सिंधिया पर हमला नहीं किया। प्रियंका गांधी का बीते रोज दतिया आना हुआ और यहां उन्होंने जनसभा में सिर्फ ज्योतिरादित्य सिंधिया पर ही नहीं, बल्कि उनके खानदान तक पर हमला बोल दिया।




■ चुनावी मौसम में सिंधिया को अहंकारी तक बताया

**मतदान** *मध्य प्रदेश के सीहोर में मतदान के लिए सभी तैयारियां पूर्ण*

# नौ लाख से अधिक मतदाता करेंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

**सीहोर,16 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के सभी जिलों में आज मतदान होगा। सीहोर जिले में मतदान के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने जानकारी दी कि जिले की चारों विधानसभा में मतदान सम्पन्न कराने के लिए कुल 1238 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसमें बुधनी में 363, आष्टा में 335।**

इछावर में 275 तथा सीहोर में 265 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। कलेक्टर सिंह ने बताया कि कुल 6206 कर्मचारी मतदान सम्पन्न कराएंगे। मतदान कराने वाले कर्मचारियों में 4719 पुरूष तथा 1487 महिला कर्मी हैं। जिले में 90 ऐसे मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनका पूरी तरह संचालन महिला कर्मी करेंगी। इन पोलिंग बूथ में 661 महिला कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इन महिला कर्मियों को सुचारू रूप से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है। बुधनी विधानसभा में महिला कर्मियों द्वारा संचालित 20 मतदान केंद्रों में 162 महिलाओं की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार आष्टा में महिला कर्मियों द्वारा संचालित 25 मतदान केंद्रों में 160 महिला कर्मियों, इछावर के 15 मतदान केन्द्रों में 60 महिला कर्मियों तथा सीहोर में 40 मतदान केंद्रों में 279 महिला कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिले की चारों विधानसभा में मतदान सम्पन्न कराने के लिए कुल 1487 महिला कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। बुधनी विधानसभा से 402, आष्टा से 366, इछावर से 184 तथा सीहोर से 535 महिला कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए 327 माइक्रो आर्ब्जवर नियुक्त किए जाएंगे, इन्हें प्रशिक्षण दिया गया है। बुधनी में 118, आष्टा में 74, इछावर में 23 तथा सीहोर में 139 माइक्रो आर्ब्जवर नियुक्त किए गए हैं। जिले की चारों विधानसभा के 1238 मतदान केन्द्रों में 17 वल्नरेबल तथा 307 क्रिटिकल मतदान केंद्र हैं। बुधनी विधानसभा में 122, आष्टा में 61, इछावर में 62 तथा सीहोर में 62 क्रिटिकल मतदान केंद्र है। इन मतदान केंद्रों के साथ ही 626 केन्द्रों पर सीसीटीवी, वेबकॉस्टिंग तथा 200 केंद्रों पर माइक्रो आर्ब्जवर की व्यवस्था तथा 90 मतदान केन्द्रों पर वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है। जिले में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए एफएसटी, एसएसटी तथा वीएसटी दलों द्वारा सघन जांच एवं निगरानी की जा रही हैं। जिले में कुल 16 एफएसटी, 26 एसएसटी, 4 वीवीटी तथा 8 वीएसटी दलों द्वारा निगरानी की जा रही है। बुधनी विधानसभा में जांच के लिए 5 एफएसटी, 8 एसएसटी, एक वीवीटी तथा दो वीएसटी दलों द्वारा निगरानी की जा रही है। इसी प्रकार आष्टा में 4 एफएसटी, 7 एसएसटी, एक वीवीटी तथा दो वीएसटी दलों द्वारा निगरानी की जा रही है।



■ 90 पोलिंग बूथ का संचालन करेंगी 661 महिला कर्मी

# एक वार्ड ऐसा जहां तीन-तीन उम्मीदवार करेंगे मतदान

## बिलासपुर विधानसभा के रहने वाले पर दूसरे विधानसभा में लड़ रहे चुनाव



**बिलासपुर,** 16 नवंबर ( देशबन्धु ) । बिलासपुर जिले की 6 विधानसभा क्षेत्र में 108 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। कल सुबह 8 बजे से मतदान शुरू होगा और 5 बजे तक मतदान चलेगा। शाम 5 बजे तक जो मतदाता मतदान केंद्र के कैंपस में पहुंच जाएंगे उन्हें वोटिंग की पूरी सुविधा प्रदान की जाएगी । बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र में नेहरू नगर वार्ड क्रमांक 17 एक ऐसा वार्ड है, जहां विधानसभा चुनाव लड़ रहे तीन उम्मीदवार मतदान करेंगे।।

वार्ड क्रमांक 17 नेहरू नगर की पार्षद नम्रता भास्कर यादव ने आज तीनों उम्मीदवारों को वोट डलने का न्योता भी दिया है तथा पर्ची भी घर पहुंचाई। बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार शैलेश पांडे अपनी पत्नी रितु पांडे तथा बिटिया के साथ कल सुबह वार्ड क्रमांक 17 नेहरू नगर के क्रिश्चियन मेमोरियल स्कूल के मतदान करेंगे। इसी तरह कोटा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार अटल श्रीवास्तव भी नेहरू नगर वार्ड क्रमांक 17 के बूथ क्रमांक 41 क्रिश्चियन मेमोरियल स्कूल में मतदान करेंगे। विजय केसरवानी नेहरू नगर के मतदाता है, लेकिन चुनाव बेलतरा विधानसभा से लड़ रहे है। वही अटल श्रीवास्तव पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष नेहरू नगर के मतदाता हैं लेकिन कोटा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार है। विधायक शैलेश पांडे तखतपुर विधानसभा में रहते हैं लेकिन इस बार उन्होंने अपने सरकारी निवास नेहरू नगर में मतदाता सूची में नाम जुड़वाया है और वह नेहरू नगर में ही मतदान कर रहे हैं। मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार भी बिलासपुर में रहते हैं और वह अंबेडकर नगर स्कूल में मतदान करेंगे। इसी तरह तखतपुर विधानसभा क्षेत्र की कांग्रेस उम्मीदवार रश्मि सिंह तथा भाजपा उम्मीदवार धर्मजीत सिंह बिलासपुर के मतदाता है। बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 41 में मतदान करेंगे।

पूर्व मंत्री व भाजपा उम्मीदवार अमर अग्रवाल मिशन स्कूल में बूथ नंबर 59 मे वोट डालेंगे। बिलहा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक परसदा हाई स्कूल के मतदान केंद्र में वोट डालेंगे। जिस मतदान केंद्र में भाजपा प्रत्याशी वोट डालेंगे वही कांग्रेस के सियाराम कौशिक भी कल मतदान करेंगे सियाराम तथा धरमलाल कौशिक का परिवार परसदा में ही निवास है।

प्रत्याशियों को भी कतार में लगना होगा। मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार दिलीप लहरिया धनगवा में हाई स्कूल में वोट डालेंगे। विजय केसरवानी परिवार समेत शेफर स्कूल के बूथ क्रमांक 45 में कल सुबह मतदान करेंगे। कोटा विधानसभा क्षेत्र की कांग्रेस प्रत्याशी अटल श्रीवास्तव तथा नीता श्रीवास्तव क्रिश्चियन मेमोरियल स्कूल में 41 में मतदान करेंगे। वार्ड क्रमांक 17 नेहरू नगर कि कांग्रेस पार्षद नम्रता भास्कर यादव के वार्ड में पहली बार कांग्रेस के तीन दिग्गज प्रत्याशी कल मतदान करने पहुंचेंगे। भास्कर यादव तथा नम्रता यादव ने अपने वार्ड के तीनों उम्मीदवारों को वोट डालने के लिए नेवता दिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष तथा लोरमी विधानसभा के भाजपा उम्मीदवार अरुण साव भी कल सेफर स्कूल मतदान केंद्र क्रमांक 65 में मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कृष्णमूर्ति बांधी अंबेडकर नगर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के मतदान क्रमांक 94 में सपरिवार मताधिकार का प्रयोग करेंगे पूर्व में डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी का निवास मसानगंज में ही था इसलिए उनका मतदान केंद्र अंबेडकर नगर अंग्रेजी आत्माना आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल अंबेडकर नगर में है। तखतपुर विधानसभा की कांग्रेस उम्मीदवार रश्मि सिंह कमला नेहरू छात्रावास भवन में मतदान केंद्र क्रमांक 68 में सपरिवार मतदान करेंगी उनके साथ आशीष सिंह ठाकुर उनके बेटे बहू भी इसी मतदान केंद्र में कल मतदान करेंगे। तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार धर्मजीत सिंह का निवास 27 खोली विकास नगर में है वे कल सपरिवार कोल इंडिया दफ्तर में मतदान करने के बाद ही वे अपने क्षेत्र में जाएंगे।



## शांतिपूर्ण विधानसभा चुनाव कराने निगरानी व गुण्डा बदमाशो की निकाली गई पैदल मार्च

**बिलासपुर,** 16 नवंबर ( देशबन्धु ) । पुलिस अधीक्षक संतोश कुमार सिंह भा.पु.से के निर्देशानुसार व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल सीएसपी सिविल लाईन संदीप पटेल भा.पु.से. के मार्गदर्शन में व प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक रोशन आहूजा के नेतृत्व में बिलासपुर जिला के शहरी थाना के 50 से अधिक निगरानी, गुण्डा बदमाश को कंटोलरूम बिलासपुर में तलब कर उपस्थित कराया गया जिनको विधानसभा चुनाव शांति पूर्ण कराने के उद्देश्य से किसी भी प्रकार के अवैध कार्य, मारपीट, झगडा, बाद विवाद व डराने धमकाने जैस कृत्य न करने हेतु सख्ती से हिदायत दिया गया। आम जनो के बीच उनके डर को समाप्त करने के उद्देश्य से पैदल मार्च निकाल कर शांति पूर्वक चुनाव कराने का आम लोगो में संदेश दिया गया पैदल मार्च उपरान्त सभी निगरानी गुण्डा बदमाशो का सकुशल पुन: शांति पूर्वक चुनाव कराने हिदायत देकर रूखसत किया गया। उपरोक्त पैदल मार्च में प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक रोशन आहूजा, थाना प्रभारी सिरगिट्टी नवीन देवांगन, थाना प्रभारी सिविल लाईन भावेश शेन्डे व केन्द्रीय सुरक्षा बल के अधिकारी जवान उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप



### पहली बार नयी जिम्मेदारी मिलने से उत्साहित है युवा मतदाता कर्मी

**बिलासपुर,** 16 नवंबर ( देशबन्धु ) । जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए जिम्मेदारी मिलने पर युवा कर्मी उत्साहित है। 06 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 17 नवम्बर को होने वाले निर्वाचन हेतु आज कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर से मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण कर मतदान केन्द्रों की ओर रवाना किया गया। इनमें युवा प्रबंधित मतदान केन्द्रों में युवाओं की ड्यूटी लगाई गई है। मतदान सामग्री लेने के बाद युवाओं में अपने अनुभव साझा किये। युवा मतदान कर्मी के तौर पर कार्य करने के इस अवसर को युवा मतदान कर्मियों ने अपने लिए अत्यंत गौरवपूर्ण एवं महत्वपूर्ण बताया। सभी ने कहा कि हम पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर निर्वाचन के इस महत्वपूर्ण कार्य में अपनी सहभागिता देंगे। युवा मतदान कर्मियों इस महती जिम्मेदारी को स्वयं के लिए गौरव का क्षण बताया।

### वाहनों की जांच में एक किलो सोना, 25 किलो चांदी, 3 करोड़ 37 लाख के सामान व नकद जब्त किए

**बिलासपुर,** 16 नवंबर ( देशबन्धु ) । विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस और जिला निर्वाचन की टीम अलग-अलग जगहों पर पाइंट लगाकर संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही है। टीम ने अब तक करीब एक किलो सोना, 25 किलो चांदी समेत तीन करोड़ 37 लाख के सामान और नकद जब्त किया है। पिछले विधानसभा चुनाव के मुकाबले यह तीन सौ गुना से अधिक है। एसपी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाता निडर और निष्पक्ष चुनाव डाल सके इसके लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही अलग-अलग जगहों पर पाइंट लगाकर जांच की जा रही है। पुलिस की टीम ने अब तक 228 मामले दर्ज किए हैं। इसमें 25 मामलों में एक करोड़ 19 लाख 21 हजार रुपये नकद जब्त किए गए हैं। आबकारी एक्ट के 172 मामले दर्ज किए गए हैं। इसमें 14 हजार लीटर से अधिक शराब जब्त की गई है। पुलिस ने 76 किलो गांजा जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के 13 मामले दर्ज किया है। पुलिस की उड़नदस्ता टीम और पाइंट पर तैनात जवानों ने अलग-अलग जगहों पर घेराबंदी कर अब तक नौ सौ ग्राम से अधिक सोना और 25 किलो से अधिक चांदी की जब्ती की है।

## सुरेमनपुर स्टेशन में गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस का ठहराव आज से

**बिलासपुर,** 16 नवंबर ( देशबन्धु ) । रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस का दिनांक 17 नवम्बर 2023 से पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के सुरेमनपुर स्टेशन में प्रायोगिक ठहराव की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।



गाड़ी संख्या 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस, दिनांक 17 नवम्बर 2023 से सुरेमनपुर स्टेशन में रुकेगी । यह गाड़ी सुरेमनपुर स्टेशन 00.10 बजे पहुंचेगी तथा 00.12 बजे रवाना होगी।

## ऑपरेशन जीवन रक्षा:आरपीएफ ने 25 लोगों को दी नई जिंदगी

**बिलासपुर,** 16 नवंबर ( देशबन्धु ) । रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने वर्ष 2022 एवं 2023 के अक्टूबर महीने तक 25 लोगों की कीमती जान बचाई है, जिसमें पुरुष एवं महिला यात्रियों के साथ बच्चे भी शामिल है । रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रेल यात्रियों, रेल संपत्ति की सुरक्षा के साथ ही साथ अपने सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कर रही है । रेलवे सुरक्षा बल द्वारा कर्तब्यनिष्ठा से जरूरतमंद यात्रियों को सहायता प्रदान करने के साथ-साथ यात्रियों, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा एवं सहायता के किए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है ।



कुछ ऐसी घटनाएं होती हैं जिनमें यात्री जल्दबाजी में चलती ट्रेन में चढ़ने व उतरने की कोशिश करते हैं, फिसल जाते हैं और ट्रेन के पहियों के नीचे आ कर गिरने से जान को जोखिम में डाल लेते हैं । ऐसे लोगों को मिशन जीवन रक्षा के अंतर्गत आरपीएफ कर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर बचाया है ।

इसके साथ ही रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सदस्य दीपावली एवं छठपर्व आड़ त्योहारों के दौरान जब ट्रेनों एवं स्टेशनों में यात्रियों की बहुत अधिक भीड़-भाड़ होती है, उस दौरान सभी प्रमुख स्टेशनों में गहन जांच, संदिग्ध नशा खुरानी गिरोह पर निगरानी, तथा रेलवे स्टेशन पर भीड़ नियंत्रण की विस्तृत व्यवस्था के साथ ही साथ महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा एवं सहायता के किए तत्परता से कार्य कर रही है ।

रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करती है कि चलती ट्रेनों में चढ़ने या उतारने का प्रयास ना करें, यह जानलेवा हो सकता है ।

## वोट की अहमियत को ही समझकर करें मतदान-डॉ. तम्बोली

**बिलासपुर,** 16 नवंबर ( देशबन्धु ) । राज्य में आचार संहिता लागू होते ही राजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशियों द्वारा अपने-अपने स्तर पर वोटरों को लुभावनें वादों से आकर्षित करतें हैं। जागरूक मतदाताओं को चाहिए कि जनता के भलाई करने वाले प्रत्याशियों को ही बुलाना चाहिए।

वोट उसी को देना चाहिए जो कि अपने-अपने विधानसभा के निवासियों को पूरी तरह से मूलभूत सुविधायें प्रदान करें और रोजगार मुहैया कराने का प्रयास करें। किसी के लालच में वोट देने के बाद पांच साल तक पछताने से अच्छा है कि सही प्रत्याशी को ही वोट डाली जाये। जो विधायक बिजली, पानी, सड़क का व्यवस्था न कर सके, ऐसे प्रत्याशियों को वोट नहीं देना चाहिए, वोट उसी को देना चाहिए जो सही मायने में विकास करवा सकता हो। भारतीय लोकतंत्र तब मजबूत होगा जब सभी राजनीतिक दल मिडिया सहित अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से लेंगे और चुनाव प्रणाली जैसी लोकतांत्रिक संस्थाओं मजबूत करने के लिए एक-दूसरे को सहयोग करेंगे।



किसी भी लोकतांत्रिक देश में मतदान जनता का अहम अधिकार होता हैं। जनता का मत ही तय करता है कि सत्ता की डोर किसके हाथ में रहेगी। बहुत से लोग जो घर पर रहने बावजूद भी वोट देने के लिए बोटिंग बूथ में जाने के लिए आलस करते हैं। इसलिए हमारे किसी भी चुनाव में शत्प्रतिशत का मतदान पूर्ण नहीं हो पाता। आज विश्व के तीस से अधिक देशों में मतदान का अनिवार्य कानून मौजूद है इनमें आस्ट्रिया, अर्जेन्टिना, आस्ट्रेलिया, बेल्जिया, बोलियाबिया, ब्राजील, डोमीनिकन गणराज्य जैसे अधिकतर देशों में मतदान को नागरिक का अधिकार माना है। वहीं कुछ देश मतदान को राष्ट्रीय कर्तव्य की संज्ञा से जोड़ दिया है। भारतीय लोकतंत्र में भी मतदान को भी अनिवार्य कर देना चाहिए।

ऐसा करने से लोकतंत्र सफल होगा साथ में सबके भागीदारी से बेहतर सरकार का गठन होगा। भारत में 2015 में जब नोटा का विकल्प आया तो अपने राईट टू रिजेक्ट के अधिकार को लेकर खुशी का ठिकाना नहीं था। लेकिन इस खुशी पर जल्द ही चुनाव आयोग ने यह कहकर पानी फेर दिया कि नोटा राईट टू रिजेक्ट नहीं है। दरअसल भारतीय चुनाव प्रणाली में चुनाव का फैसला योग्य मतों के अधिकार होता है।

फिर भले ही उम्मीदवार को एक ही वोट मिला हो जबकि चुनाव प्रणाली के मुताबिक नोटा एक अयोग्य मत के रूप में गिना जाता है। अत: आज वोट डालना न केवल अधिकार का प्रयोग करना होता है बल्कि राष्ट्रीय लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत करने के दिशा में एक कर्तव्य भी निभाना हैं। मैं सभी पात्र मतदाताओं से स्वतंत्र मन से चुनाव में भाग लेने की आग्रह करता हूँ।

## सर्दी बढ़ने के साथ आसमान में नजर आएंगे बदल

**बिलासपुर,** 16 नवंबर ( देशबन्धु ) । सर्दी बढ़ने के साथ आसमान में मेघ भी नजर आएंगे। न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ होगा। फिलहाल तापमान सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस अधिक है। मौसम विभाग की माने तो रात से सर्दी का असर अब तेज होने लगा है।



मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी डा एचपी चंद्रा के मुताबिक एक अवदाब पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में उत्तर पश्चिम दिशा में 13 किमी/घंटे की गति से विशाखापट्टनम से 620 किमी दक्षिण-पूर्व में स्थित है। इसके प्रारंभिक स्थिति में उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए, बाद में उत्तर-उत्तर-पश्चिम में आगे बढ़ने की सम्भावना है, यह और ज्यादा प्रबल होकर एक गहरा अवदाब के रूप में पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी-तटीय आंध्र प्रदेश के उपर कल सुबह 16 नवंबर को पहुंचने की संभावना है। उसके बाद मुड़कर उत्तर-उत्तर-पूर्व दिशा में आगे बढ़ते हुए उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी-उड़ीसा तट के पास 17 नवम्बर के प्रात: काल में पहुंचने के आसार हैं। 18 नवम्बर के प्रात: काल में यह पश्चिम बंगाल-उड़ीसा तट के पास पहुंच सकता है।

प्रदेश में 16 नवंबर को मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। उपरोक्त तंत्र के कारण प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना कम है। आकाश कुछ जिलों में ( दक्षिण-पूर्व के जिलों में ) आंशिक मेघमय रह सकता है।

### तापमान में आएगी गिरावट

मौसम विज्ञानी सिराज खान का कहना है कि नवंबर का दूसरा पखवाड़ा सर्द हो सकता है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से 17 नवंबर के बाद ठंड में तेजी से गिरावट आएगी। बता दे कि इस साल नवंबर के प्रारंभ से लेकर अब तक यह तीसर पश्चिमी विक्षोभ है। ऐसा माना जा रहा है कि दूसरे पखवाड़े में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री के आसपास आ सकता है। वहीं दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।

# लोकतंत्र का महापर्व आज

**बिलासपुर,** 16 नवंबर ( देशबन्धु ) । आज लोकतंत्र के महापर्व का दिन है। मताधिकार का प्रयोग कर मतदाता पर्व मनाएंगे। छत्तीसगढ़ के 70 विधानसभा सहित बिलासपुर जिले के अंतर्गत आने वाले सभी छह विधानसभा सीटों के लिए मतदान होना है। जिले के 15 लाख 73 हजार 905 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिले के छह विधानसभा में से तीन क्षेत्र बिल्हा,बिलासपुर और बेलतरा में उम्मीदवारों की संख्या 16 से अधिक होने के कारण दो-दो वीवीपैट मशीन की व्यवस्था की गई है। इन तीनों विधानसभा सीट के लिए नियुक्त मतदान दलों को एक-एक वीवीपैट मशीन अतिरिक्त दी गई है।

शत-प्रतिशत मतदान को लेकर इस बार प्रदेशभर के विधानसभा क्षेत्रों में अलग तस्वीर नजर आएगी। इसी अंदाज में जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के 10-10 पोलिंग बथें को संगवारी मतदान केंद्र के रूप में सजाया और संवारा गया है। इसके अलावा एक-एक दिव्यांग मतदान केन्द्र एवं एक-एक युवा मतदान केन्द्र बनाए गए है । प्रत्येक विधानसभा के 12 मतदान केन्द्रों में से पांच मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्रों के रूप में चिन्हांकित किया गया है। गुरुवार को सुबह सात बजे से कोनी स्थित इंजीनियरिंग कालेज से मतदान सामग्री का वितरण किया गया। दूरस्थ मतदान केंद्रों के मतदान दलों को पहले और जिला मुख्यालय से लगे विधानसभा सीटों के मतदान केंद्रों के लिए दोपहर बाद मतदान सामग्री का वितरण किया गया। शाम सात बजे तक सभी मतदान दल निर्धारित केंद्रों में पहुंचने की जानकारी जिला प्रशासन को दी गई है। शुक्रवार को सुबह आठ बजे से मतदान प्रारंभ होगा जो शाम पांच बजे तक चलेगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है।

## वोट फाम होम को लेकर दिखा उत्साह

14.नवंबर.2023 की स्थिति में कुल 545 मतदाताओं ( 80 आयुवर्ग एवं दिव्यांग ) को घर-घर जाकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया गया है । इसके अतिरिक्त निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारियों कर्मचारियों के सुविधा केन्द्रों में कुल 5355 डाक मतपत्र प्राप्त हो चुके हैं साथ ही सेवा मतदाताओं की 32 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं।



जिले में निर्वाचन संपन्न कराने हेतु कुल 6036 मतदान कार्मिक एवं रिजर्व 1509 इस प्रकार कुल 7545 कर्मी नियुक्त हैं। जो शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन कराने के लिए रवाना हुए। सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में निर्धारित मतदान केन्द्रों में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन हेतु सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं । मतदान केन्द्रों मे निर्वाचन के लिए मतदान दलों के अलावा 138 सेक्टर अफसर बनाए गये हैं जो प्रत्येक दो घंटे में मतदान प्रतिशत की जानकारी अपने रिटर्निंग अफसर को उपलब्ध कराएंगे ।

प्रत्येक मतदान केन्द्र में वोटर असिस्टेंट बूथ में बीएलओ अल्फाबेटिकल मतदाता सूची के साथ उपस्थित रहेंगे तथा मतदाताओं को उनका नाम एवं सरल क्रमांक खोजे जाने हेतु उनकी मदद करेंगे ।

## ये दस्तावेज दिखाकर कर सकेंगे मतदान

आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड,ड्राइविंग लाइसेंस,पेन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट,फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज,केन्द्र राज्य सरकार लोक उपक्रम,पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र,बैंको डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक,एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट का, सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र,भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी ( यूडीआइडी कार्ड का उपयोग कर सकते हैं।

## निर्भीक होकर अपने मताधिकार का करें उपयोग - कलेक्टर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने जिले में 17 नवम्बर शुक्रवार को होने वाले निर्वाचन में निर्भीक होकर अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील जिले के सभी नागरिकों से की है। मतदान के लिए सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक का समय निर्धारित है।

कलेक्टर ने कहा है कि लोकतंत्र के महापर्व पर प्रत्येक मतदाता को सहभागी बनना चाहिए। मतदान करना मतदाता का अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है। मतदाता को अपने इस अधिकार का प्रयोग करना चाहिए और अपनी महती जिम्मेदारी का अनिवार्य रूप से निर्वहन करना चाहिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवनीश शरण ने इस पुनीत कार्य में सभी की सहभागिता की अपील की है।

## विधानसभा निर्वाचन 2023

- जिले में कुल विधानसभा क्षेत्र छह
- मतदान दिनांक 17 नवम्बर 2023 दिन शुक्रवार
- कुल अभ्यर्थी 108 ( पुरूष -97 महिला-11 )
- मतदान का समय सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक
- कुल मतदाता - 15,73,905
- पुरुष मतदाता-790972
- महिला मतदाता- 782842
- थर्ड जेंडर 91
- 18 से 19 आयुवर्ग के मतदाता- 39,541
- दिव्यांग मतदाता 10454
- 80 वर्ग आयु के मतदाता - 22038
- सेवा मतदाता 1009
- लिंगानुपात 970
- प्रति मतदान केन्द्र औसत मतदाताओं की संख्या - 930
- विधानसभा निर्वाचन 2018 में मतदान का प्रतिशत 70.07

### जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों में मतदान मशीनों की संख्या

- कुल मतदान केन्द्र - 1691
- कुल सीयू 2112 ( रिजर्व सहित )
- कुल बीयू 3114 ( रिजर्व सहित )
- कुल वीवी पेट 2280 (रिजर्व सहित)

### 108 उम्मीदवारों के भाग्य का होगा फैसला

- बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र से 21,
- बिल्हा विधानसभा क्षेत्र से 23,
- बेलतरा विधानसभा क्षेत्र से 22,
- कोटा विधानसभा क्षेत्र से 15,
- तखतपुर विधानसभा क्षेत्र से 14
- मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र से 13

## सेना भर्ती कार्यालय रायपुर में 15 से 23 दिसंबर तक सेना भर्ती रैली

**रायपुर,** 16 नवंबर। सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा 15 दिसम्बर से 23 दिसम्बर, 2023 तक पुलिस लाइन, जांजगीर-चांपा में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों के पुरूष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क, अग्निवीर स्टोरकीपर व अग्निवीर ट्रेडसमैन हेतु भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के उम्मीदवारों लिए हवलदार सर्वेक्षक स्वचालित मानचित्रकार की भर्ती रैली का भी आयोजन हो रहा है । भारतीय सेना द्वारा अप्रैल, 2023 में ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा ( सीईई ) का आयोजन किया गया था।

NECC

| 17.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 540 | 80 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 95 | 195 |

डिलीवरी 555 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188